नई दिल्ली
शनिवार, 20 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 09
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 41
न्यून. 25

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 ईशा, भावेश ने पहले दिन किए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

21 राज्यों की 102 सीटों पर 'जन-मन' का फैसला 'लॉक', शाम 6 बजे तक औसत 64.05 प्रतिशत मतदान

जनता के 'मन' में कौन? ईवीएम को 'बता' दिया

सर्वाधिक मतदान त्रिपुरा 80.06%
सबसे कम मतदान बिहार 48.50%

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शुक्रवार को पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। 16 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया। जनता के मन में क्या है? ये उसने ईवीएम को बता दिया। पहले फेज में 1625 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर लगी है। इन सभी सीटों पर शाम 6 बजे तक औसत 63.17 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान प्रतिशत का फाइनल आंकड़ा और ज्यादा हो सकता है। इस दौरान हिंसा के बीच भी प. बंगाल में खूब वोट पड़े। सुबह पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी से वोट डालने की अपील की थी। उन्होंने हिंदी, तमिल, मराठी समेत 5 भाषाओं में ये ट्वीट किया था।

पीएम मोदी ने 5 भाषाओं में वोट डालने की अपील की

डिब्रूगढ़ में लंबी कतारें

मणिपुर में ईवीएम तोड़ी

इतना रहा यहां मतदान प्रतिशत

राज्य	सीटें	मतदान
तमिलनाडु	39	65.19
उत्तराखंड	5	54.06
अरुणाचल प्रदेश	2	67.15
मेघालय	2	74.21
अंडमान और निकोबार	1	56.87
मिजोरम	1	54.23
नगालैंड	1	56.91
पुडुचेरी	1	73.50
सिक्किम	1	69.47
लक्षद्वीप	1	59.02
राजस्थान	12	57.58
उत्तर प्रदेश	8	58.49
मध्य प्रदेश	6	67.08
असम	5	72.10
महाराष्ट्र	5	55.35
बिहार	4	48.50
पश्चिम बंगाल	3	77.57
मणिपुर	2	69.13
त्रिपुरा	1	80.17
जम्मू और कश्मीर	1	65.08
छत्तीसगढ़	1	63.41
कुल	102	64.05

बंगाल व मणिपुर में छिटपुट हिंसा

विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहली बार मतदान करने वालों में विवाह परिधान में आए कई नवविवाहित जोड़े, दिव्यांग लोग और स्ट्रेचर तथा व्हीलचेयर पर आए कुछ बुजुर्ग शामिल थे।

कुल मतदाता	:	16 करोड़ से ज्यादा
पुरुष	:	8.4 करोड
महिलाएं	:	8.23 करोड़
अन्य	:	11,371

पहली बार बने मतदाता
35.67 लाख

छग में ग्रेनेड लांचर का गोला फटा, जवान की मौत

पश्चिम बंगाल में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाएं सामने आईं। मणिपुर लोकसभा सीट के तहत आने वाले थोंगजु विधानसभा क्षेत्र में स्थानीयों और अज्ञात व्यक्तियों के बीच वाद-विवाद हो गया। वहीं छत्तीसगढ़ में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहली बार मतदान करने वालों में विवाह परिधान में आए कई नवविवाहित जोड़े, दिव्यांग लोग और स्ट्रेचर तथा व्हीलचेयर पर आए कुछ बुजुर्ग शामिल थे। तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और असम में कुछ बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में मामूली खामियों की शिकायत आई। लखीमपुर क्षेत्र में एक वाहन को लेकर जा रही नौका अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण बह गई, जिसके चलते उस वाहन में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पानी में आंशिक रूप से डूब गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि वाहन का चालक और उसमें सवार चुनाव अधिकारी वाहन में पानी घुसने से पहले ही उसमें से निकल गए।

नगालैंड में अलग राज्य की मांग के चलते वोट डालने नहीं निकले लोग

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि शाम 6 बजे तक पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत मतदान हुआ और मेघालय में 74.21 प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं पूर्वी नगालैंड के छह जिलों में सन्नाटा पसरा रहा जहां अलग राज्य की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों के एक संघ द्वारा अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान के कारण लोग घरों में ही रहे। वहीं, तमिलनाडु में श्रीपेरुम्बुदूर के तंबारम के समीप एक मतदान केंद्र तथा कुछ अन्य मतदान केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में तकनीकी खामी के कारण मतदान में करीब एक घंटे की देरी हुई। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित बस्तर लोकसभा सीट पर 63.41 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने अपने ⏭ शेष पेज 5 पर

शोंपेन जनजाति के सात सदस्यों ने पहली बार वोट डाला

पश्चिम बंगाल में कूचबिहार सीट पर हिंसा के कारण मतदान प्रभावित हुआ। तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मतदान के पहले कुछ घंटों में चुनावी हिंसा, मतदाताओं को धमकाने और चुनाव एजेंटों पर हमलों संबंधी क्रमशः 80 तथा 39 शिकायतें दर्ज कराई हैं। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहली बार शोंपेन जनजाति के सात सदस्यों ने केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

दुनिया की सबसे छोटी महिला ने डाला वोट

दुनिया की सबसे छोटी महिला ज्योति आम्गे ने लोकतंत्र के महापर्व में अपनी बड़ी भागीदारी दी। नागपुर की रहने वाली ज्योति ने लोकसभा चुनाव में मतदान किया और लोगों से वोट देने की अपील की। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी ज्योति आम्गे दुनिया की सबसे छोटी महिला हैं। उनका जन्म 16 दिसम्बर 1993 को हुआ है।



ईरान और इजराइल की वजह से पूरे पश्चिम एशिया में भीषण सैन्य टकराव की आशंका और बढ़ी

इजराइल नहीं माना : ईरान पर उसी की जमीन से किया इजराइल ने हमला

9 जगहों पर मिसाइलें दागी, परमाणु संयंत्रों को भी बनाया गया 'निशाना'



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इजराइल का अटैक, फिर ईरान का काउंटर अटैक इसके बाद इजराइल के एक और अटैक से मिडिल ईस्ट में जंग की आग भड़क चुकी है। शुक्रवार सुबह इजराइल ने ईरान में 9 लोकेशन पर इजराइल ने हमले किए। इसमें मिलिट्री कैपिटल कहा जाने वाला इस्फहान शहर भी था। यहां एयरपोर्ट के आसपास धमाकों की आवाज सुनी गई।

इसके बाद कई फ्लाइटों को डाइवर्ट किया गया। इस्फहान में नाटंज न्यूक्लियर प्लांट के साथ ही इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की एयरफोर्स का हेडक्वार्टर भी है। इस हमले को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। ईरानी अधिकारियों का मानना है कि ईरान पर ये हमला उसी की जमीन से किया गया है। दोनों देशों के बीच संघर्ष के बीच ये अपने आप में बहुत अहम और हैरान करने वाली बात है। ईरानी अधिकारियों का मानना है कि ईरान के अंदर से ड्रोन चलाए गए थे। उनका दावा है कि ⏭ शेष पेज 5 पर

फिलिस्तीन के साथ खुले तौर पर ईरान सामने आ गया है। रूस ने ईरान को सहयोग करने की बात कही है। पहले से ही इजराइल के साथ अमेरिका व ब्रिटेन खड़ा है। ऐसे में दुनिया दो हिस्सों में बंट गई है और विश्व युद्ध के आसार साफ दिखाई देने लगे हैं।

इजराइली समर्थक मिलिशिया गुट ईरान के भीतर घुस आया, उसने ड्रोन से टारगेट किया

ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई के 85वें जन्मदिन पर यह हमला

◆ हालांकि, ईरान ने दावा किया कि परमाणु संयंत्रों को कोई नुकसान नहीं हुआ

ईरान का दावा- पावर और न्यूक्लियर प्लांट पूरी तरह सुरक्षित

ईरान के परमाणु संयंत्र को नुकसान पहुंचने की खबरों के बीच ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गाइर्स कोर ने देश के न्यूक्लियर प्लांट को पूरी तरह से सुरक्षित बताया है। ब्रिगेडियर जनरल अहमद हजतलब ने परमाणु संयंत्रों को पूरी तरह से सेफ बताया है। ब्रिगेडियर जनरल अहमद हजतलब उस यूनिट के चीफ हैं, जिसके पास न्यूक्लियर प्लांट की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। ईरान के डिमोना पावर प्लांट को भी नुकसान पहुंचने का दावा किया जा रहा है। ईरान ने कहा कि डिमोना पावर प्लांट को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। यह पूरी तरह से सुरक्षित है।

ऑस्ट्रेलिया ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

ऑस्ट्रेलिया ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है और अगर अभी निकलना सुरक्षित है तो इजराइल-फिलिस्तीन के इलाकों से अपने नागरिकों को तुरंत निकलने के लिए कहा है।

तेहरान जाने वालीं सभी फ्लाइट्स सस्पेंड

ईरान ने तेहरान, इस्फहान और शिराज जाने वाली फ्लाइट्स को सस्पेंड कर दिया गया है। इस्फहान एयरपोर्ट के पास धमाके की सूचना के बाद उड़ानों को सस्पेंड करने का फैस ला किया गया है। इस्फहान एयरपोर्ट के समीप स्थित कहजवारिस्तान में धमाका हुआ। यह उत्तर-पश्चिम इस्फहान में स्थित एयरपोर्ट और 8वीं शेखरी आर्मी एयरफोर्स बेस के बीच मौजूद है। सामरिक और रणनीतिक रूप से इस जगह को बेहद संवेदनशील माना जाता है।

ईरान पर अटैक करने की इजराइल की वजह

दरअसल, 1 अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी एंबेसी पर इजराइल ने हमला किया था। 13 दिन बाद ईरान ने इजराइल पर 300 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। हालांकि, इन हमलों में इजराइल को नुकसान नहीं हुआ, क्योंकि उसने ज्यादातर ड्रोन और मिसाइल को मार गिराया था। ऐसा दावा इजराइल का है।

रीवा सैनिक स्कूल से की है पढ़ाई

नए नौसेना प्रमुख बनेंगे वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी

एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल को रिटायर हो रहे हैं, 30 अप्रैल को ही वे संभालेंगे पदभार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी देश के नए नौसेना प्रमुख बनने जा रहे हैं। वह मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की जगह लेंगे। दरअसल, एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल को रिटायर ⏭ शेष पेज 5 पर

कम्युनिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक वार स्पेशलिस्ट की पहचान

15 मई, 1964 को जन्मे वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को 1 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। उनकी पहचान कम्युनिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक वार स्पेशलिस्ट की रही है। उन्होंने करीब 39 सालों की लंबी और विशिष्ट सेवाएं दी हैं। नौसेना स्टाफ के वाइस चीफ के तौर पर कार्यभार ⏭ शेष पेज 5 पर

सिंगापुर ने सारे प्रोडक्ट वापस मंगवाए

एवरेस्ट के फिश करी मसाले में कीटनाशक?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की मशहूर मसाला कंपनी एवरेस्ट की मुश्किलें बढ़ने जा रही हैं। सिंगापुर की सरकार ने एवरेस्ट के फिश करी मसाले को तुरंत बाजार से वापस मंगवाने का आदेश जारी कर दिया है। ऐसा दावा किया गया है कि एवरेस्ट के फिश करी मसाले में एथीलीन ऑक्साइड पाया गया है जिसे सेहत के लिहाज से ठीक नहीं कहा जा सकता। ये दावा भी तब किया गया है जब सिंगापुर

की खाद्य सुरक्षा एजेंसी (एफएसए) ने एक जांच के बाद मसालों में एथीलीन ऑक्साइड की मात्रा पाई है। इसे कीटनाशक के रूप में खेतों जरूर इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन अभी सिंगापुर में खाने में इसे डालने की ⏭ शेष पेज 5 पर

खबर संक्षेप

फायरिंग की घटना के बाद सलमान दुबई पहुंचे

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान गैलेक्सी अपार्टमेंट पर हुई

फायरिंग के पांच दिन बाद बुलेटप्रूफ गाड़ी से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे, जिसका वीडियो सामने आया है। इसमें वह फुल सिक्योरिटी के साथ नजर आए और साथ में शेरा भी दिखाई दिए।

नाबालिग रेप-विक्टिम ने अबॉर्शन की इजाजत मांगी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र की 14 साल की रेप पीड़ित ने सुप्रीम कोर्ट से



अबॉर्शन की इजाजत मांगी है। पीड़ित 28 हफ्ते की प्रेग्नेंट है। कोर्ट ने मामले पर शुक्रवार शाम 4.30 बजे अर्जेंट सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट ने पीड़ित का मेडिकल कराने का आदेश दिया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर से भरा नामांकन

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की मौजूदगी भी रही

दूसरी बार गांधीनगर से चुनाव लड़ रहे



अहमदाबाद। 2024 लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गांधीनगर से अपना नामांकन दाखिल किया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। शाह दूसरी बार गांधीनगर से चुनाव लड़ रहे हैं। वे इसी लोकसभा क्षेत्र की सरखेज विधानसभा सीट से विधायक भी रह चुके हैं। शाह ने विजय मुहूर्त में पर्चा ⏭ शेष पेज 5 पर

छतरपुर जिले के ग्राम राजौरा के किसान परिवार के बेटे कुलदीप पटेल ने अपने को झोंका, तब यूपीएससी में 181वीं रैंक हासिल की

मेरे दादा जी एक दबंग कलेक्टर की कहानी सुनाते थे, तब खपरैल के नीचे सपना देखा था, गरीब पिता बोले- दिल्ली जाओ मैं संभाल लूंगा, फिर सपना सच हुआ

कहानी 3
संघर्ष से सफलता

पिता की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं थी कि दिल्ली में मेरी पढ़ाई अफोर्ड कर पाएं

मधुरिमा राजपाल ⏭ भोपाल

कहते हैं पूत के पांव पालने में ही नजर आते हैं, ऐसा ही एक गुदड़ी का लाल है छतरपुर जिले के गौरिहार से सटे ग्राम राजौरा के एक किसान परिवार का बेटा कुलदीप पटेल, जिन्होंने हाल ही में आए यूपीएससी रिजल्ट में 181वीं रैंक प्राप्त की। मूलतः किसान पिता के बेटे कुलदीप का कहना है कि बचपन में मेरे दादा जी मुझे एक कलेक्टर की कहानी सुनाया करते थे जिनका नाम था राधेश्याम जुलानिया। उनका रुतबा

अलग खबर

और उनके काम करने का तरीका आज भी गांव वाले याद रखे हुए हैं। बस उन्हीं की कहानी सुनकर मैं बड़ा हुआ और उसी वक्त सोचा कि मुझे भी कलेक्टर बनना है, अपने गांव के लिए कुछ करना है। खपरैल और मिट्टी के बने ⏭ शेष पेज 5 पर

रिजल्ट के बाद गांव लौटा तो गाजे-बाजे से हुआ स्वागत

कुलदीप ने कहा कि रिजल्ट के बाद जब मैं गांव लौटकर आया तो वहां के डीएसपी सर और सभी गांव वालों ने ढोल-बाजों, हार-फूलों के साथ मेरा स्वागत किया, जो मेरे और मेरे परिवार के लिए एक खुशी का पल था। उन्होंने कहा कि मैंने शायद सोचा भी नहीं था कि मैं ऐसा कुछ करुंगा कि जिससे मेरे परिवार और समाज के लोगों के साथ ही पूरा गांव मेरा अभिवादन करे। कुलदीप कहते हैं कि सिविल सर्विस में सफल होने के ⏭ शेष पेज 5 पर

खबर संक्षेप

कोचिंग सेंटर के बाहर बुरी से पीटे जाने से दसवीं कक्षा का छात्र घायल

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा थाना क्षेत्र में एक कोचिंग सेंटर के बाहर हुए झगड़े में 16 वर्षीय लड़के की बुरी तरह से पिटाई की गई है, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में सात से आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। हालांकि, अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। शिकायतकर्ता दसवीं कक्षा का छात्र है। उसने पुलिस को बताया कि 15 अप्रैल को शाम पांच बजे के करीब जब वह अपने कोचिंग सेंटर के बाहर था तो कुछ लोगों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया था। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि मैंने उनसे मेरे प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल न करने के लिए कहा कि जिसके बाद मैं कोचिंग सेंटर के अंदर चला गया। छात्र द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया गया है कि शाम के लगभग सात बजे मैं अपने घर लौट रहा था तभी लगभग छह-सात लोगों ने मुझ पर हमला कर दिया, जिससे मैं घायल हो गया। बाद में किसी ने मुझे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम मामले की जांच कर रहे हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

21 अप्रैल को दिल्ली भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ मनाएगा हिंदू नववर्ष

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ द्वारा 21 अप्रैल को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में हिंदू नववर्ष उत्सव मनाया जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर एवं मंदिर प्रकोष्ठ के संयोजक करनैल सिंह ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि दिल्ली ही नहीं बल्कि देशभर में अगर लोग अंग्रेजी का नया साल, क्रिसमस डे इत्यादी मनाते हैं तो लोगों को हिंदू नववर्ष को मनाना चाहिए और इसी को लेकर दिल्ली भाजपा हर साल हिंदू नववर्ष का कार्यक्रम धूमधाम से मनाएगी। प्रेसवार्ता में मीडिया रिलेशन विभाग प्रमुख विक्रम मित्तल भी मौजूद थे। करनैल सिंह ने कहा कि देश के 31 बड़े महामंडलेश्वर सहित 5000 से अधिक संत महात्मा इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा प्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी सहित 35 हजार से अधिक सनातनी इस कार्यक्रम में अलग अलग जगहों से आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा सहित कई केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपनी संस्कृति के बारे में आने वाले युवाओं को जागरूक करना और साथ ही एक संदेश लोगों के बीच पहुंचाना कि आखिर इसकी क्या महत्वता है।

पीड़ित को मुआवजा देने से अपराध खत्म नहीं हो जाता: हाईकोर्ट

दो पक्षों के बीच समझौते के आधार पर हत्या के प्रयास के मामले में प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने पक्षों के बीच समझौते के आधार पर हत्या के प्रयास के एक मामले में प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार करते हुए कहा कि आपराधिक कानून समाज में व्यक्तियों के आचरण को नियंत्रित करने का प्रयास करता है और मुआवजे के भुगतान से कोई अपराध खत्म नहीं हो जाता।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने आरोपियों की याचिका खारिज करते हुए कहा कि उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास) जैसा गंभीर अपराध दोहराया नहीं जाए और समझौता अधिक आपराधिक कृत्यों को बढ़ावा न दे या बड़े पैमाने पर समाज के कल्याण को खतरे में नहीं डाले। अदालत ने इस महीने की शुरुआत में पारित एक आदेश में कहा कि वर्तमान मामले में एक छोटी सी बात पर याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रतिवादी नंबर तीन के शरीर के महत्वपूर्ण हिस्से पर चाकू से वार किया गया था। केवल इसलिए कि

प्रतिवादी नंबर तीन को समझौते के बाद मुआवजा दिया गया था, यह कार्यवाही को रद्द करने का समुचित आधार नहीं हो सकता है।

2019 में दर्ज की गई थी प्राथमिकी

अदालत ने कहा कि इसे इस परिप्रेक्ष्य में देखने की जरूरत है कि आपराधिक कानून सामाजिक नियंत्रण बनाने और समाज के भीतर लोगों के आचरण को नियंत्रित करने के लिए बनाया गया है। केवल मुआवजे के भुगतान से अपराध खत्म नहीं हो जाता। याचिकाकर्ताओं ने 2019 में दर्ज की गई प्राथमिकी को इस आधार पर रद्द करने का अनुरोध किया कि मामला उनके और पीड़ित के बीच सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है और पीड़ित को मुआवजा दिया जा चुका है। अभियोजन पक्ष ने इस आधार पर याचिका का विरोध किया कि याचिकाकर्ताओं ने एक छोटी सी बात पर पीड़ित को शरीर के महत्वपूर्ण हिस्सों पर चाकू से वार कर चोटें पहुंचाई थीं। आदेश में अदालत ने कहा कि मानसिक विकृति के जघन्य और गंभीर अपराधों या हत्या, बलात्कार और डकैती जैसे अपराधों के लिए मामलों को रद्द करने की उसकी शक्तियों का सावधानीपूर्वक उपयोग किया जाना चाहिए क्योंकि इनका समाज पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। अदालत ने कहा कि आईपीसी की धारा 307 के तहत अपराध को जघन्य और गंभीर अपराध माना जाता है क्योंकि इसे मुख्यतः समाज के खिलाफ अपराध माना जाता है, न कि किसी व्यक्ति के खिलाफ।

दो घायलों में से एक की हालत अत्यंत नाजुक

डीएनडी पुल: डिवाइडर से टकराई कार, 2 की मौत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/नोएडा

एनसीआर में नोएडा जिले में थाना फेस- वन क्षेत्र के डीएनडी पुल पर शुक्रवार को तड़के एक कार के डिवाइडर से टकरा जाने पर कार सवार एक युवती समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

थाना फेस- वन के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि शुक्रवार तड़के थाना पुलिस को एक कार के डीएनडी पुल पर डिवाइडर से टकरा जाने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि इस हादसे में सिद्धार्थ यादव (उम्र

25 वर्ष), रजत (उम्र 30 वर्ष), चिराग सिंघल (उम्र 26 वर्ष) तथा प्रांकाशिका (उम्र 25 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 27 में स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान सिद्धार्थ यादव और चिराग सिंघल ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि शेष दो घायलों में से एक की हालत अत्यंत नाजुक है। थाना प्रभारी के अनुसार, जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कार तेज गति से आ रही थी तथा अनियंत्रित होकर डीएनडी पुल पर डिवाइडर से टकरा गई।

हादसे के बाद पुल पर यातायात रहा बाधित

हादसे के बाद पुल पर यातायात बाधित हो गया और जाम की स्थिति पैदा हो गई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को वहां से हटवाया तथा यातायात सामान्य किया।

2.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला

इंडियन ओवरसीज बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15 करोड़ का जुर्माना, सात साल की जेल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इंडियन ओवरसीज बैंक से 2.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के लिए बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15.06 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, जिसे अब तक के सबसे बड़े जुर्मानों में से एक बताया जा रहा है। साथ ही अदालत ने प्रबंधक को सात साल कैद की भी सजा सुनाई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार प्रीति विजय सहिजवानी ने अहमदाबाद में इंडियन ओवरसीज बैंक की वस्त्रपुर शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक के रूप में जमाकर्ता या पावर ऑफ अटॉर्नी धारक के किसी भी मंजूरी पत्र के बिना दो खातों की विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर) जमा राशि को दो फर्जी खातों में जमा करवा दिया था। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि आरोपी ने 27 जुलाई 2001 की तारीख तक ब्याज समेत (करीब) दो करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान

पहुंचाया। सीबीआई ने बैंक की शिकायत पर, 29 अक्टूबर, 2001 को मामले की जांच अपने हाथ में ली और 15 अक्टूबर, 2003 को आरोप पत्र दायर किया था। सहिजवानी देश छोड़कर भाग गई और 2012 तक फरार थीं। सीबीआई ने उसके खिलाफ टरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया, जिससे एजेंसी को कनाडा में उसका पता लगाने में मदद मिली। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि कनाडा के आव्रजन अधिकारियों ने उसे हिरासत में लेकर 11 जनवरी 2012 को भारत प्रत्यर्पित कर दिया। गांधीनगर की विशेष अदालत ने पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक को आपराधिक विश्वासघात, मूल्यवान प्रतिभूति की जालसाजी, जाली दस्तावेजों को वास्तविक दस्तावेज के रूप में उपयोग करने और बैंक को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने का दोषी ठहराया।

विशेष अदालत द्वारा लगाए गए सबसे बड़े जुर्माने में से एक

सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि अदालत ने दोषी पर 15 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया और आदेश दिया कि यह राशि शिकायतकर्ता के बैंक में जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि यह किसी विशेष अदालत द्वारा लगाए गए सबसे बड़े जुर्माने में से एक है। अधिकारी ने कहा कि मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष के 23 गवाहों से पूछताछ की गई और 158 दस्तावेजों को गवाहों के माध्यम से साबित किया गया। फैसला सुनाए जाने के बाद प्रीति विजय सहिजवानी को हिरासत में ले लिया गया।

लोकसभा चुनाव : पुलिस ने की दिल्ली-एनसीआर में सुरक्षा, सीमा पर निगरानी बढ़ाने की रणनीति तैयार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था और सीमा पर निगरानी कड़ी करने के लिए पुलिस प्रमुखों की अंतरराज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) मधुप तिवारी के नेतृत्व में हरियाणा और उत्तर प्रदेश के पड़ोसी जिलों के पुलिस प्रमुखों के साथ लोकसभा चुनाव के वास्ते सुरक्षा-

व्यवस्था के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए बैठक की गई। तिवारी ने बृहस्पतिवार की रात हुई बैठक में कहा कि चुनाव जैसे महत्वपूर्ण समय के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने में अंतर-राज्यीय सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करना था। अधिकारी ने बताया कि इस बैठक में शामिल अधिकारियों ने राज्य की सीमाओं पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों और अर्धसैनिक बलों की तैनाती, अवैध शराब की तस्करी, पैसों के लेन-देन पर निगरानी और वांछित अपराधियों की धरपकड़ जैसे कई अन्य विषयों पर भी चर्चा की।

अधिकारी ने कहा कि बैठक में दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के अलावा, पड़ोसी जिलों गुड़गांव, फरीदाबाद, नोएडा और झज्जर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस बैठक में गुड़गांव के पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, फरीदाबाद के पुलिस आयुक्त राकेश आर्य, नोएडा के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त बब्लू कुमार, झज्जर के एसीपी, फरीदाबाद के डीसीपी और आबकारी अधिकारी सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। दिल्ली पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि बैठक में जिन प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई उनमें अंतरराज्यीय सीमा निगरानी को तेज करना, संयुक्त गश्त और चौकियों को स्थापित करना शामिल है।

गुरु हरिकृष्ण इंस्टीट्यूट में ओपीडी सेवाएं 5 मई से

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) ने घोषणा की है कि आने वाली 5 मई 2024 से गुरु हरिकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में ओपीडी सेवाएं शुरू कर दी जाएगी। ओपीडी सेवाएं शुरू होने से जरूरतमंद लोगों को अस्पताल में मुफ्त इलाज की सुविधा मिलने से काफी राहत मिलेगी। वहीं कमेटी ने यह भी कहा कि इसी माह 27 और 28 अप्रैल को लाल किले पर बड़े स्तर पर दिल्ली फतेह दिवस मनाया जाएगा। वहीं शिरोमणी अकाली दल दिल्ली स्टेट जल्द ही लोकसभा चुनावों में पीएम नरेंद्र मोदी के समर्थन की घोषणा भी करेगी। इस बारे में शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि अगले महीने 5 मई 2024 को कमेटी गुरु हरिकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में ओपीडी सेवाएं शुरू कर देगी।

डीएमआरसी और सीआईएसएफ की बैठक

संकट के समय मेट्रो ट्रेन में हथियारों के साथ सफर कर सकेंगे दिल्ली पुलिसकर्मी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पहली बार, दिल्ली पुलिस के जवान आपातकालीन स्थिति के दौरान यातायात जाम में फंसने से बचने और घटनास्थल पर जल्दी पहुंचने के लिए हथियारों के साथ मेट्रो ट्रेन में सफर करते नजर आएंगे। यह जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। अधिकारियों के मुताबिक, डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन) और मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा जांच के लिए तैनात सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के साथ हाल ही में हुई बैठक में दिल्ली पुलिस के प्रस्ताव पर हरी झंडी मिल गई है। फिलहाल दिल्ली पुलिस के जवानों को हथियार लेकर मेट्रो में सफर करने की इजाजत नहीं है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) के लिए अंतिम तौर-तरीके तैयार कर लिये गए हैं और अगर संभव हुआ तो इसे दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले लागू किया जा सकता है। अधिकारी ने कहा कि हमें संकट या

कानून-व्यवस्था की स्थिति के दौरान हथियारों के साथ मेट्रो में सफर करने की मंजूरी डीएमआरसी से मिल गई है। इस मामले को लेकर 16 अप्रैल को डीएमआरसी और सीआईएसएफ समेत सभी हितधारकों के साथ एक बैठक हुई थी। अधिकारी ने कहा कि कर्मियों का एक समूह बिना टोकन के सफर कर सकता है, लेकिन सफर से पहले उनके प्रभारी या प्रमुख को इसका कारण और कर्मियों का विवरण डीएमआरसी को देना होगा। उन्होंने कहा कि स्थिति के आधार पर कर्मियों के लिए एक कोच आवंटित किया जा सकता है। अधिकारी ने कहा कि उक्त सफर भुगतान के आधार पर होगा और सफर करने वाला प्रत्येक कर्मी वर्दी पहनेगा। अधिकारी ने दंगे जैसी स्थिति का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में अतिरिक्त बल की आवश्यकता होती है और दिल्ली में भीड़भाड़ के कारण बसों में बड़ी संख्या में उनकी आवाजाही मुश्किल हो जाती है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी एक जिले से दूसरे जिले तक पहुंचने में एक घंटे से भी अधिक समय लग जाता है। उन्होंने कहा कि मेट्रो लाइन दिल्ली के लगभग हर हिस्से में फैल गई है और इसका उपयोग संकट के समय मौके पर पहुंचने के लिए समय बचाने में किया जा सकता है। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि योजना के अनुसार, बल को घटनास्थल तक पहुंचने के लिए मेट्रो स्टेशन से परिवहन सुविधा प्रदान की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि इसमें अर्धसैनिक बलों के जवानों की आवाजाही भी शामिल है, यदि उन्हें आपात स्थिति मेंराजधानी में तैनात किया जाना है। दिल्ली में क्रमशः 2014 और 2020 में त्रिलोकपुरी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली में सांप्रदायिक दंगे हुए थे।

दिल्ली पुलिस ने किया महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने महिला सुरक्षा को लेकर उत्तरी बाहरी जिले के नरेला औद्योगिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक आईटीआई में जागरूकता कार्यक्रम 'निर्भीक' का आयोजन किया। बाहरी जिले के डीसीपी ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए

बताया कि परिवर्तन सेल ने यहां महिला आत्मरक्षा, महिला सुरक्षा और यौन व्यवहार पर एक जागरूकता कार्यक्रम 'निर्भीक' के माध्यम से जागरूक किया और उन्हें आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। बता दें कि दिल्ली पुलिस की महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष पुलिस इकाई विशेष रूप से महिला सुरक्षा के मुद्दों से निपट रही है और विभिन्न मंचों पर महिला सुरक्षा को लेकर जागरूक कर रही है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लाखन उर्फ मल्ला, पुत्र राजपाल,** निवासी झुग्गी नं. बी–42, सपेरा बस्ती, इंदिरा विकास कॉलोनी, दिल्ली ने **मुकदमा ई–प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 892/2020, धारा 379/411 भा.द.सं.** के तहत थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लाखन उर्फ भल्ला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लाखन उर्फ भल्ला** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **ई–प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 892/2020, धारा 379/411 भा.द.सं.** के तहत थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **लाखन उर्फ मल्ला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 07.06.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
नीति सूरी मिश्रा
अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी (उत्तर)
कमरा नं. 117, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4571/NW/2024

गुमशुदा महिला की तलाश

सुबीना योगी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **सुबीना योगी, पत्नी तिलक राज,** निवासी गांव बधाल, **थाना** रेनवाल, जिला जयपुर, राजस्थान। आयु 26 वर्ष, कद 5'3", रंग सांवला, गोल चेहरा, मध्यम शरीर, जो गहरे नारंगी रंग का टॉप, गहरे हरे रंग का पजामी तथा पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए दिनांक 09.04.2024 को आनंद विहार रेलवे स्टेशन, दिल्ली से लापता है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास करने के बावजूद भी इस महिला के बारे में पता नहीं चल सका है। इस संदर्भ में एक डीडी नं. 40ए, दिनांक 10.04.2024 को थाना आनन्द विहार रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी व्यक्ति को इस लापता महिला के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो नीचे लिखे पते पर सूचित करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ईमेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-23011334
फोन नं.: 011-23014046, 23015218
DP/4420/RLY/2024

थाना प्रभारी
थाना: आनन्द विहार रेलवे स्टेशन
दिल्ली
फोन: 9891187075, 8750871314

पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड PET
CIN No. L25209DL1971PLC005535
पंजी. कार्यालय : ए-97/2, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020, भारत
Tel.No: +91-11-47385300, Fax : +91-11-47480746,
Email: pearl@pearlpet.net, Website: www.pearlpet.net

डाक मतदान / ई-वोटिंग की सूचना

1. सदस्यों को एतद द्वारा कम्पनी मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020; 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020; 22/2020 दिनांक 15 जून 2020; 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर 2020; 39/2020 दिनांक 31 दिसम्बर 2020; 10/2021 दिनांक 23 जून 2021; 20/2021 दिनांक 8 दिसम्बर 2021; 03/2022 दिनांक 5 मई 2022; 11/2022 दिनांक 28 दिसम्बर 2022 एवं 9/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 के साथ-साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 तथा कम्पनी अधिनियम 2013 (दि 'एक्ट') की धारा 110 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, सामान्य बैठकों पर सचिवालयी मानक सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 ('लिस्टिंग नियमनों') (किसी वैधानिक संशोधन अथवा समय-समय पर लागू और समय-समय पर संशोधित अनुसार उनके पुनर्क्रियान्वयन समेत) और अन्य लागू कानूनों, नियमों तथा नियमनों के अनुसरण में सूचित किया जाता है कि कम्पनी डाक मतदान सूचना (दि 'नोटिस') का प्रेषण पूर्ण कर चुकी है और निम्नलिखित पर ध्यान देने का आग्रह किया जाता है :
   ए) कम्पनी के गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक के तौर पर श्रीमती अनुपमा हलदर की नियुक्ति के लिए दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा कम्पनी के शेयरधारकों का अनुमोदन लेने के लिए सूचना भेज दी गई है।
   बी) कम्पनी दूरस्थ ई-वोटिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए (वेब लिंक : www.evoting.nsdl.com) नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') को नियुक्त कर चुकी है।
   सी) सूचना के प्रेषण की तिथि शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 है।
   डी) दूरस्थ ई-वोटिंग शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 को प्रारम्भ होगी।
   ई) दूरस्थ ई-वोटिंग रविवार, 19 मई 2024 को समाप्त होगी, वोटिंग अवधि के समापन पर, दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा एनएसडीएल द्वारा ब्लॉक कर दी जाएगी। कोई व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी का सदस्य नहीं है, इस ई-मेल को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु मानेगा।
   एफ) दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु कट-ऑफ तिथि शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024 है।
   जी) कोई व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा मेनटेन किए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान करने के लिए हकदार होगा।
   एच) निदेशक मंडल ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से डाक मतदान / दूरस्थ ई-वोटिंग प्रक्रिया आयोजित करने हेतु संवीक्षाकर्ता के तौर पर कार्य करने के लिए सुश्री रश्मि साहनी, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सचिव (सदस्यता सं. एसीएस : 25681; सीपी नं. : 10493) को नियुक्त किया है।
   आई) सूचना कम्पनी की वेबसाइट पर https://pearlpet.com/pages/about-us-1#investor पर और स्टॉक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड ('बीएसई'), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ('एनएसई') की वेबसाइट पर और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') की वेबसाइट पर www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।
   जे) किसी शिकायत हेतु और दूरस्थ ई-वोटिंग शेयरधारक (ों)/लाभकारी मालिक (ों) से सम्बन्धित दस्तावेजों के लिए कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में हमसे सम्पर्क कर सकते हैं।
   के) किन्हीं प्रश्नों के मामले में, आप शेयरधारकों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूएल) और www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा टोलफ्री नं. : 022-48867000 और 022-24997000 पर कॉल करें अथवा अमित विशाल, सहायक उपाध्यक्ष, एनएसडीएल को evoting@nsdl.co.in पर एक आग्रह भेजें।
   एल) संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित डाक मतदान का परिणाम मंगलवार, 21 मई 2024 को या इससे पूर्व घोषित किया जाएगा। उक्त परिणाम www.bseindia.com पर बीएसई और www.nseindia.com पर एनएसई को संचारित किया जाएगा, जहां कम्पनी के शेयर सूचीकृत हैं। परिणाम कम्पनी की वेबसाइट पर https://pearlpet.com/pages/about-us-1#investor पर और एनएसडीएल की वेबसाइट पर www.evoting.nsdl.com पर भी डाला जाएगा।
2. सूचना उन शेयरधारकों को ई-मेल द्वारा भेज दी गई है, जिनके ई-मेल पते कम्पनी / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस) के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट पर https://pearlpet.com/pages/about-us-1#investor पर और स्टॉक एक्सचेंजेज अर्थात बीएसई लिमिटेड ('बीएसई'), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ('एनएसई') की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।
3. एमसीए सरकुलर्स के अनुसार डाक मत प्रपत्रों सहित सूचना की भौतिक प्रति शेयरधारकों को इस डाक मतदान के लिए नहीं भेजी जाएगी।
4. शेयरधारकों को दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेस पर मत देने के लिए एक अवसर मिलेगा। जो शेयरधारक डिमैटीरियलाइज्ड रूप / भौतिक मोड में शेयरधारण करते हैं और शेयरधारक जो अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, हेतु तरीका डाक मतदान की सूचना में प्रदान किया गया है।
5. सदस्य जो अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (आरटीए), एमएएस सर्विसेज लिमिटेड को investor@masserv.com पर एक हस्ताक्षरित आग्रह भेजकर इनको पंजीकृत करवाएं।
6. सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि सूचना में विनिर्दिष्ट सभी महत्वपूर्ण टिप्पणियां और दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने का तरीका ध्यानपूर्वक पढ़ें।

कृते पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड
हस्ता/-
अमन ठाकरान
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 19 अप्रैल 2024

खबर संक्षेप

दिल्ली में पारा पहुंचा 40 डिग्री सेल्सियस पार

नई दिल्ली। दिल्ली वालों के लिए आने वाले दिन बेहद गर्म और लू के थपेड़े वाले होने जा रहे है। मौसम के कड़े होते तेवरों के चलते राजधानी में जल्द झेलना अधिकतम पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक का टॉर्चर और गर्म लू की मार लोगों को बेहाल कर सकती है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली का पारा 40 डिग्री सेल्सियस पार हो गया। अनुमान है अगले तीन चार दिन ऐसे ही पारा लोगों के लिए परेशानी का कारण बना रहेगा। आईएमडी के अनुसार दिल्ली के पूसा में अधिकतम पारा सबसे ज्यादा 40.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि दिल्ली का औसत तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ इस मौसम के सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है। वहीं दिल्ली के क्षेत्रवार तापमान की बात करें तो रिज एरिया 40.1 डिग्री, नजफगढ़ 40.2 डिग्री, पीतमपुरा 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी के अनुसार मई महीने में दिल्ली में सूरज के तेवर बेहद कडे होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

बिजली की खपत का आंकड़ा पांच हजार मेगावाट दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली में मौसम बदलते ही बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ने लगी है। शुक्रवार को दिल्ली में अधिकतम बिजली की खपत का आंकड़ा इस मौसम में पहली बार पांच हजार मेगावाट के पार पहुंच गया। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार अधिकतम बिजली की मांग 5137 मेगावाट का आंकड़े पर पहुंच गई। यह आंकड़ा इस गर्मी के मौसम में पहली बार दर्ज हुआ है। जबकि ठीक एक दिन पहले यानी गुरुवार को बिजली की मांग का आंकड़ा 4839 मेगावाट रही थी। इससे साफ पता चलता है कि महज 24 घंटे में करीब 300 मेगावाट का खपत बढ़ गई है। जहां बिजली की मांग बढ़ रही है वहीं कटौती की खबरें भी आने लगी है। लोगों द्वारा बिजली कटौती की शिकायतों के बाद भी बिजली आपूर्ति कंपनियों का दावा है कि कहीं कटौती नहीं की जा रही। निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल के अधिकारियों का दावा है कि बिजली की कमी नहीं है।

साजिश की शिकायत कर जिम्मेदार अधिकारियों के निलंबन की मांग करेगी आप

जेल में केजरीवाल को नहीं दी जा रही इंसुलिन डाइट चार्ट पर झूठ बोल रही ईडी : संजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मोदी सरकार के इशारे पर ईडी और जेल प्रशासन सीएम अरविंद केजरीवाल के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है। जेल में सीएम केजरीवाल को इंसुलिन नहीं दी जा रही है और डाइट चार्ट पर ईडी झूठ बोल रही है और जेल में उन्हें जान से मरने की गहरी साजिश रची जा रही है। इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा को घेरते हुए उक्त आरोप लगाए। सांसद संजय सिंह ने बताया कि जेल में सीएम केजरीवाल को इंसुलिन नहीं दी जा रही है और उनके डाइट चार्ट को लेकर ईडी झूठ बोल रही है, जबकि जेल नियमों के अनुसार, किसी कैदी के स्वास्थ्य व खानपान की जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती है। सबको पता है कि 30 साल से अरविंद केजरीवाल शुगर के मरीज हैं और इंसुलिन लेते हैं। उन्होंने कहा कि जेल में केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। हमें आशंका है कि उनके साथ किसी भी तरह का हादसा हो सकता है। आम आदमी पार्टी राष्ट्रपति और चुनाव आयोग से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ रची जा रही साजिश की शिकायत कर जिम्मेदार अधिकारियों के निलंबन की मांग करेगी।

सांसद संजय सिंह ने कहा कि न्यायिक हिरासत के दौरान मैंने कोर्ट में पेशी के समय कहा था कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गहरी साजिश चल रही है। उस समय मेरे बयान पर आपत्ति की गई थी। भाजपा की कार्य पद्धति और भाजपा के नेता जिस तरह से काम करते हैं, वो किसी की जान लेने की हद तक अपने षड़यंत्र को रचते हैं। सीएम केजरीवाल के खिलाफ चल रही कार्रवाई को देखकर मैं कह सकता हूं कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गहरी साजिश रची गई है और जेल में उनके साथ किसी भी तरह का हादसा हो सकता है। तीन बार के निर्वाचित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। केजरीवाल से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान की मुलाकात आतंकवादियों की तरह कराई जाती है।

आतिशी ने भाजपा और पीएम से मांगा जवाब

स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार होगा जब जेल में किसी कैदी को डॉक्टर द्वारा प्रिस्क्राइब्ड दवाइयां न दी जा रही हो; स्वतंत्रता पूर्व अंग्रेज स्वतंत्रता सेनानियों का मनोबल तोड़ने के लिए ऐसे पैंतरे अपनाते थे। वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी जबाव दे कि अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में इन्सुलिन और दवाइयाँ देने की अपील की तो क्यों केंद्र सरकार, ईडी, तिहाड़ प्रशासन उसका विरोध कर रही थी? आतिशी ने कहा कि एलजी के खास वकील, उनके स्पेशल काउंसल्स ने कोर्ट में तिहाड़ की ओर से अरविंद केजरीवाल की दवाइयों और इन्सुलिन की मांग का विरोध किया। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि, एलजी ने क्यों इन वकीलों को कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की दवाइयों का, इन्सुलिन का विरोध करने के लिए भेजा? क्या एलजी भी इस साजशि में शामिल है?। आतिशी ने सवाल पूछते हुए कहा कि, क्यों और किस प्रावधान के तहत तिहाड़ जेल प्रशासन द्वारा ग़लत और ग़ैरक़ानूनी तरीक़े से अरविंद केजरीवाल की मेडिकल डिटेल्स ईडी को सौंपी गई? उन्होंने कहा कि, जिस तरह अंग्रेज जेल में स्वतंत्रता सेनानियों को क़ैद करने के बाद प्रताड़ित करते थे; ठीक वही साजशि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अरविंद केजरीवाल के साथ कर रहे है।

तिहाड़ जेल में तकलीफ हो रही है तो इसकी जिम्मेदार दिल्ली सरकार : सचदेवा

शराब घोटाले के अभियुक्त मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं जो उनकी अपनी सरकार की जेल है और यदि उनको कोई तकलीफ हो रही है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं उनकी सरकार की है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंत्री आतिशी की प्रेसवार्ता पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि हमारी जानकारी अनुसार जेल में दो डाक्टर मुख्यमंत्री केजरीवाल के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल कर रहे हैं और न्यायालय के आदेशानुसार उनको जेल में रिकार्ड रख कर घर से आई डाइट के अंडे, पूरी, सब्जी, हलवा एवं आम खाने को दिये जाते रहे हैं। सचदेवा ने कहा है कि क्योंकि यह डाइट किसी भी डायबिटीज के मरीज के लिए अनुचित है और वह ईडी विभाग के कैदी हैं इसलिए जेल प्रशासन ने सम्भवतः ईडी प्रशासन के माध्यम से न्यायालय तक जानकारी पहुंचाई। सचदेवा ने कहा है कि जेल में बंद केजरीवाल के लिए जन संवेदना एकत्र करने के लिए आम आदमी पार्टी जेल में मुख्यमंत्री को दवाएं ना मिलने का नौटंकी अभियान चला रही है।

पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण 165 छात्रों को मनमाने ढंग से किया स्थानांतरित, परिजन परेशान

दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशक को लिखा पत्र, आवागमन के लिए नहीं है कोई उचित वाहन की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम स्कूल से कक्षा पांच उत्तीर्ण करने वाले 165 छात्रों को जगतपुर गांव के दिल्ली सरकार के स्कूल में छठी कक्षा में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां पहले ही कक्षाओं में भीड़ हैं और उन्हें समायोजित करने की क्षमता नहीं है। साथ ही इसे लेकर छात्रों के परिजन परेशान हैं। शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए कार्य कर रहे सामाजिक न्यायविद अशोक अग्रवाल ने शुक्रवार को परिजनों के अनुरोध पर इस मामले का संज्ञान लेकर सोशल मीडिया एक्स पर पत्र को साझा करते हुए दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि छात्रों को तिमारपुर क्षेत्र के स्कूलों में स्थानांतरित करना चाहिए था जो उन्हें समायोजित कर सकें। अशोक अग्रवाल ने कहा कि शुक्रवार को मैंने व्यक्तिगत रूप से जीबीएसएस/ जीजीएसएस जगतपुर गांव का दौरा किया और पाया कि छात्र भीड़भाड़ वाली कक्षाओं में बैठे हैं।

टीन के रूम में चल रही हैं पांच कक्षाएं

अशोक अग्रवाल ने कहा कि छात्रों को वजीराबाद गांव से जीबीएसएस जगतपुर गांव आने व जाने के लिए कोई उचित वाहन व्यवस्था नहीं है। पत्र में लिखा है कि स्कूल में 12 कक्षाएं हैं जिनमें से 3 खतरनाक घोषित होने के कारण बंद हैं और पांच कक्षाएं टीन के रूम में चल रही हैं। इस प्रकार, केवल 4 कक्षाएं हैं जो विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के लिए पर्याप्त नहीं हैं। दूसरी पाली के स्कूल में पहले से ही 500 से अधिक छात्र हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान मुझे यह भी पता चला कि अधिकारियों को यह पता होने के बावजूद कि स्कूल में पर्याप्त कक्षाएं नहीं हैं और पहले से ही भीड़भाड़ है, उन्होंने नगर निगम प्रतिभा स्कूल, वजीराबाद गांव, कक्षा पांच के उत्तीर्ण 165 (सभी लड़कों) छात्रों को इस जीबीएसएस जगतपुर गांव में फेज 2 में स्थानांतरित कर दिया है।

'165 छात्रों को आसपास के सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने का किया अनुरोध'

अशोक अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह सभी माता-पिता और छात्र मुझसे व्यक्तिगत रूप से मिले और मुझसे शिक्षा अधिकारियों के साथ इस मुद्दे को उठाने का अनुरोध किया। छात्र हित में छात्रों को जीबीएसएस जगतपुर गांव में स्थानांतरित करने के बजाय यह अधिक उचित होगा कि नगर निगम प्रतिभा स्कूल, वजीराबाद गांव, चरण -2 के कक्षा पांच के 165 छात्रों को आसपास के सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित कर दिया जाए। जहां स्कूलों में भीड़भाड़ न हो और इन छात्रों के लिए पर्याप्त संख्या में कक्षाएं उपलब्ध हों। इसलिए आपसे अनुरोध है कि इस मामले को तत्काल आधार पर देखें और उचित दिशा-निर्देश जारी करें।

लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के घोषणा पत्र को हर घर तक पहुंचाने की रणनीति पर हुई बैठक

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में तीनों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारो की जीत को लेकर पार्टी के न्याय पत्र का संदेश जनता तक पहुंचाने के बारे में रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष लवली के अलावा एआईसीसी महासचिव व दिल्ली प्रभारी दीपक बावरिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा व उत्तर पूर्वी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार सहित अन्य मौजूद थे। इस बारे में लवली ने बताया कि भाजपा के बहुत हुई महंगाई की मार के नारे का सच यह है कि पेट्रोल डीजल के दाम आजादी के बाद आज सबसे अधिक है। इस सरकार ने आटा, दाल, छाछ, पनीर, हर चीज पर जीएसटी लगा दिया। जहां हीरा खरीदने पर 3 प्रतिशत और बच्चों की पढ़ाई के लिए कॉपी पेंसिल आदि पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है। एक तरफ़ फ़िल्में टैक्स फ्री करते है, वही कफ़न तक पर भी टैक्स लगा दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के तीनो उम्मीदवार व गठबंधन के उम्मीदवार भी जीत दर्ज करने जा रहे है।

एकजुटता दिखाने अमानतुल्ला खान के घर पहुंचे आप नेता

अधिकारियों ने कहा, 13 घंटे की पूछताछ के बाद खान को कार्यालय से जाने की दे दी गई थी अनुमति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेता बृहस्पतिवार की रात पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्ला खान के घर पहुंचे और दावा किया कि उन्हें धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया हैं। हालांकि एजेंसी के सूत्रों ने कहा कि उन्हें हिरासत में लिया गया है, गिरफ्तार नहीं किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि धन शोधन से जुड़े मामले में 13 घंटे की पूछताछ के बाद खान को कार्यालय से जाने की अनुमति दी गई थी। ईडी कार्यालय से निकलने के बाद खान ने कहा कि 'मैं सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए आया था। तब से पूछताछ चल रही थी। अब अनुमति मिलने पर घर जा रहा हूं।' खान ने खुद की गिरफ्तारी की खबर को 'अफवाह' बताया। इससे पहले आप नेता जैस्मिन शाह ने कहा कि खान को 'फर्जी मामले में गिरफ्तार किया गया है।' आप सांसद संजय सिंह, मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज समेत पार्टी के अन्य नेता ओखला स्थित

खान के घर पहुंचे और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उनके प्रति एकजुटता व्यक्त की। आतिशी ने कहा कि हमें खबर मिल रही है कि आप विधायक अमानतुल्ला खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। खान के घर के बाहर पत्रकारों से आतिशी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव से पहले आप पर हमला है। (अरविंद) केजरीवाल को चुनाव से पहले क्यों गिरफ्तार किया गया? गैर-जमानती वारंट रद्द होने के बाद अमानतुल्ला खान को क्यों गिरफ्तार किया गया है? यह एक साजिश है। आप के विधायकों को डराकर तोड़ दो, लेकिन हम नहीं डरेंगे। अधिकारियों ने बताया कि खान दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुए। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में खान की अध्यक्षता के दौरान हुई कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में आप विधायक की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने से पिछले सप्ताह इनकार कर दिया था, जिसके बाद अब उनसे यह पूछताछ हुई है। शीर्ष अदालत ने उन्हें 18 अप्रैल को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था। खान के खिलाफ धन शोधन का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी और दिल्ली पुलिस की तीन शिकायतों से संबंधित है। ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया था कि वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती हुई और खान की अध्यक्षता (2018-2022) के दौरान वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को गलत तरीके से पट्टे पर देकर अवैध तरीके से लाभ अर्जित किया गया।

'नुक्कड़ नाटकों' से केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार कुशासन की पोल खोलेगी भाजपा : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा नुक्कड़ नाटकों के साथ ही पपेट शो, मैजिक शो, कवि गोष्ठी, म्यूजिक बैंड, फ्लैश मोब के माध्यम से जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाएगी तो वहीं अरविंद केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार एवं कुशासन की भी पोल खोलेंगी। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को पार्टी के दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए बनाये गये 'नुक्कड़ नाटकों' का मीडिया ट्रायल शो मीडिया कर्मियों के साथ देखने के बाद उक्त बातें कही।

इस अवसर पर चुनाव संचालन समिति प्रमुख अजय महावर, सह प्रमुख योगिता सिंह एवं गजेंद्र यादव, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर एवं विक्रम मित्तल के अलावा नुक्कड़ नाटक समिति के प्रमुख सदस्य अनुज शर्मा के साथ ही अनेक पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित थे। नुक्कड़ नाटक समिति के प्रमुख सदस्य अनुज शर्मा ने बताया कि नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से प्रशिक्षित कलाकारों द्वारा बनाई 163 टीमें जिनमे अनेक रामलीलाओं से जुड़े कलाकार भी हैं। इन नुक्कड नाटकों के 1 मई से 23 मई के बीच दिल्ली में 8 हजार से अधिक शो प्रस्तुत करेंगे जिनका मुख्य फोक्स बड़े बाजारों के साथ ही अनाधिकृत कॉलोनियों, स्लम बस्तियों, गांवों आदि के लोगों के बीच पार्टी का संदेश लेकर जाने पर रहेगा। सचदेवा ने कहा है कि नुक्कड़ नाटक समाज के हर वर्ग को प्रभावित करता है और दिल्ली एक कॉस्मोपोलिटन महानगर है इसलिए हम इस बार नाटकों के कुछ शो अंग्रेजी एवं प्रादेशिक भाषाओं में भी रख रहे हैं। यह सांस्कृतिक अभियान 1 मई को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में प्रारम्भ होगा। सचदेवा ने बताया कि इससे पूर्व कल, रविवार 21 अप्रैल को दिल्ली के आईजीआई स्टेडियम में हम एक भव्य समारोह मंदिर प्रकोष्ठ के माध्यम से कर रहे जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी अपनी प्रस्तुति देंगे और विकसित भारत का संदेश दिया जायेगा।

- नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से प्रशिक्षित कलाकार और रामलीलाओं के कलाकार होंगे शामिल

रैंकिंग में लगातार सुधार कर रहा है दिल्ली विश्वविद्यालय

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचा डीयू : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) लगातार अपनी रैंकिंग में सुधार कर रहा है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग (स्थिरता) में डीयू भारत में पहले स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पिछले वर्ष यह चौथे स्थान पर था। डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने शुक्रवार को डीयू में एक प्रेसवार्ता के दौरान यह जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि डीयू एक मल्टी फ़ैकल्टि बड़ा संस्थान है जो बहुजन को शिक्षा प्रदान कर रहा है। रैंकिंग के मामले में इसकी तुलना छोटे आकार के प्रमुख संस्थानों के साथ करने से पहले इस अंतर को समझना चाहिए। कुलपति ने कहा कि एनआईआरएफ रैंकिंग में भी जल्द ही डीयू टॉप 10 में आ जाएगा। इस

अवसर पर डीन रैंकिंग मुकेश महलावत ने रैंकिंग में डीयू की उपलब्धियों पर पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी सांझा की। इन सभी की उपलब्धियों पर कुलपति ने उन्हें एवं उनके परिजनों तथा डीयू से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, साउथ कैम्पस के डायरेक्टर प्रो. श्री प्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता और पीआरओ अनूप लाठर भी उपस्थित रहे।

पोस्ट ग्रेजुएट दाखिले के लिए पंजीकरण 25 अप्रैल से होगा शुरू

इस अवसर पर कुलपति ने दाखिलों को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि डीयू में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) दाखिले के लिए पंजीकरण 25 अप्रैल से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में पंजीकरण के लिए 25 अप्रैल से पोर्टल खुलेगा। 25 मई तक विद्यार्थी दाखिले के लिए पंजीकरण कर सकेंगे। इसके बाद दाखिले का दूसरा चरण शुरू होगा। कुलपति ने बताया कि सीयूईटी (यूजी) प्रक्रिया पूरी होने के बाद यूजी के दाखिले मई माह के मध्य तक घोषित किए जाएंगे।

पीजी में कुल 13500 सीटों पर होंगे दाखिलें

डीन एडमिशन प्रो. हनीत गांधी ने 2024-25 के लिए दाखिलों पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष पोस्ट ग्रेजुएट के लिए (एनसीवेब सहित) कुल 13500 सीटों, बीटेक के लिए 120 प्रत्येक तथा बीए एलएलबी और बीबीए एलएलबी के लिए प्रत्येक में 60 सीटों पर दाखिले किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पीजी दाखिलों में इस बार एमए हिन्दू स्टडीज, एमए पब्लिक हेल्थ, एमए चाइनीज स्टडीज, एमए कोरियन स्टडीज और मास्टर इन फाइन आर्ट्स भी शामिल किए गए हैं।

आईपी यूनिवर्सिटी के 80 प्रोग्राम के लिए प्रवेश परीक्षाएं 27 अप्रैल से शुरू

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी के 80 सीईटी प्रोग्राम के लिए प्रवेश परीक्षाएं 27 अप्रैल से शुरू हो रही है। 12 मई तक चलने वाली यह प्रवेश परीक्षाएं सुबह और शाम की दो पालियों में शनिवार और रविवार को ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी। पहली पाली सुबह 10.30 बजे से 1 बजे और दूसरी पाली शाम 3 बजे से 5.30 बजे की है। यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एस॰ एल॰ भंडारकर ने बताया कि समस्त प्रवेश परीक्षाएं दिल्ली-एनसीआर स्थित निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएंगी। कुल 58,495 आवेदक इन प्रवेश परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन समस्त प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन का विस्तृत विवरण यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रत्येक प्रोग्राम के लिए एडमिट कार्ड प्रवेश परीक्षा आयोजित होने से एक सप्ताह पहले यूनिवर्सिटी की वेबसाइट **www.ipu.ac.in** पर उपलब्ध 'एडमिट कार्ड' की लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है।

सीटीआई ने की सभी दलों से व्यापारियों की मांग को अपने घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग

नई दिल्ली। व्यापारियों के संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने कहा है कि लोकसभा चुनाव चल रहे है ऐसे में हमारी मांगों की तरफ भी विभिन्न राजनीतिक दलों को ध्यान देना चाहिए। इस संदर्भ में सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि संगठन ने फैसला किया है कि लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सातों सीटों के उम्मीदवारों को हम अपना मांग पत्र सौंपेगें। हमारी इन उम्मीदवारों से मांग है कि व्यापारियों की मांगों को अपने अपने दलों के घोषणा पत्रों में शामिल किया जाए, जिससे हमारी समस्याएं भी आपको मालूम हो। गोयल के अनुसार भाजपा के 7, कांग्रेस के 3 और आप पार्टी के 4 लोकसभा उम्मीदवारों को जल्द ही संगठन अपना मांग पत्र देगा। दिल्ली की सभी लोकसभा सीटों में बाजार और औद्योगिक क्षेत्र हैं। यहां की समस्याएं और जरूरतें भी अलग अलग है।

खबर संक्षेप

5 हजार रिश्वत लेता लाइनमैन गिरफ्तार

फरीदाबाद। 5 हजार रुपए रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बिजली विभाग के एक लाइनमैन



को गिरफ्तार किया है। लाइन मैन बिजली चोरी के जुर्माने की राशि कम करने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। उसके खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बल्लभगढ़ स्थित भगत सिंह कॉलोनी में बिजली विभाग की टीम ने कुछ समय पहले सतविंदर चौधरी के यहां छापेमारी की थी। बताया जाता है कि विभाग के कर्मचारियों ने श्री चौधरी पर बिजली चोरी करने का आरोप लगाकर भारी भरकम जुर्माना लगाया था।

स्नैचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर-48 प्रभारी हिमांशु की टीम ने स्नैचिंग के मुकदमे में एक

आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम कामिल है । करीब 2 महीने पहले सेक्टर 17 थाना में स्नैचिंग की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी ने अपने साथी नासिर के साथ मिलकर एक मोबाइल फोन स्नैच किया था।

फरार चल रहे आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

फरीदाबाद। छायंसा थाने की टीम ने वर्ष 1993 के डकैती के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी पीओ को

गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपों का नाम इस्लाम है । 22 नवंबर 1993 को छायंसा थाने में डकैती की धाराओं के तहत दर्ज मुकदमे में फरार चल रहा था, जो पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहा था।

देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र की टीम ने अवैध हथियार के मामले में एक आरोपी

को काबू किया है। आरोपी का नाम छिंदर है । क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध हथियार सहित काबू किया था। उसके कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद होने के बाद थाने लाकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया।

निवेश के नाम पर 30.32 लाख रुपए ठगे

गुरुग्राम । साइबर थाना ईस्ट एरिया में जालसाल ने ऑनलाइन टास्क व निवेश के नाम पर 30.32 लाख

रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। गोवर्धन बराल ने कहा कि उसे व्हॉटसअप पर रुपए कमाने का प्रलोभन दिया गया। टेलीग्राम ऐप पर टास्क देकर रुपए कमाने का झांसा दिया।

शादी का झांसा देकर युवती से किया रेप

गुरुग्राम । सदर थाना एरिया में शादी का झांसा देकर युवती से रेप करने व जान से मारने की धमकी देने

का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वर्ष 2023 में उसकी उसकी दोस्ती मथुरा के पवन चौधरी से हुई थी। जिसके बाद उनके बीच बातचीत होने लगी।

प्रवर्तन दल की टीम में 10 लोग शामिल

ईटीएफ टीम को दी नई पहचान, अब नई ड्रेस में दिखेंगे जवान

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में अभियान के दौरान प्रवर्तन दल अहम भूमिका निभाते हुए निगम के कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। समय-समय पर जवानों के लिए ड्रेस तथा अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम ने ईटीएफ के जवानों के लिए अलग वर्दी बनवाई है, ताकि अभियान के दौरान उनकी पहचान अलग दिखाई दे तथा कार्य में सुविधा रहे इसका ध्यान रखते हुए प्रवर्तन दल टीम की ड्रेस को अलग किया गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में अभियान के दौरान प्रवर्तन दल अहम भूमिका निभाते हुए निगम के कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। समय-समय पर जवानों के लिए ड्रेस तथा अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती है।

सभी आर्मी रिटायर्ड

गाजियाबाद नगर निगम अंतर्गत प्रवर्तन दल की टीम में 10 लोग हैं सभी आर्मी रिटायर्ड है। जिसमे उप परिवर्तन दल प्रभारी देवेंद्र सिंह तथा अन्य आठ जवान है । जिसमें गजेंद्र सिंह, कृष्ण पाल सिंह, मनदीप सिंह, सुधीर कुमार, नीरज कुमार, अजय राघव, हरीश कुमार, सूरजपाल है, पूरी टीम गाजियाबाद नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है तथा अपने कार्य को बखूबी निभा रही है । सभी को अलग वर्दी दी गई है जिससे कि उनकी पहचान अलग बनी रहे तथा प्रशासनिक तथा आमजन को उसकी पहचान रहे।

एनडीए के बागपत प्रत्याशी सांगवान के समर्थन में सीएम योगी की जनसभा, कहा-

प्रधानमंत्री मोदी ने चौधरी चरण सिंह को दिया देश का सर्वोच्च सम्मान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा जो हमारे पूर्वजों को सम्मान दे, उनका सम्मान होना ही चाहिए। पहली बार पीम मोदी ने चौधरी साहब को देश का सर्वोच्च सम्मान देकर हम सबको गौरवान्वित किया है। इससे किसानों और ग्रामीणों का सम्मान बढाया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां कहा कि पहली बार प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह साहब को देश का सर्वोच्च सम्मान देकर हम सबको गौरवान्वित किया है। इससे किसानों और ग्रामीणों का सम्मान बढा है। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब का सपना था कि किसानों को सुविधा मिले। वही सपना भाजपा शासनकाल में पूरा किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में ही किसानों के लिए 2700 करोड़ इसी वर्ष दे दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी बागपत सीट से एनडीए के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भी जनसभा को संबोधित किया।

खास बातें

- उत्तर प्रदेश में किसानों को 2700 करोड़ इसी वर्ष दिया गया
- 12 करोड़ किसानों को पीएम सम्मान निधि दिया जा रहा है
- रालोद अध्यक्ष ने भी संबोधित किया

रैपिड, मेट्रो सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से हुआ विकास

योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि किसानो को पीएम किसान सम्मान निधि, भारत को दुनिया मे सम्मान दिलाने का काम मोदी ने किया है। साथ ही मोदी जी के नेतृत्व में आआईटी, डेवलपमेंट व अन्य क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। वर्ल्ड क्लास की सुविधा इंफ्रास्ट्रक्चर, 14 लेन का एक्सप्रेस वे, रैपिड, मेट्रो, तेजी से बढ़ता इफ्रास्ट्रक्चर नए भारत पहचान बन गई गया। उन्होंने कहा कि देश तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। 12 करोड़ किसानों को पीएम सम्मान निधि मिल रही है। 7 करोड़ आयुष्मान कार्ड धारकों को चिकित्सा का लाभ मिल रहा है। चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दिया गया है। जब अच्छा नेता चुनते है अच्छी सरकार चुनते हैं तो परिणाम भी अच्छा आता है।

पाकिस्तान में 22 करोड़ आबादी में भुखमरी व भारत में 80 करोड़ को राशन

उन्होंने पाकिस्तान पर कहा कि 22 करोड़ की आबादी वाले पाकिस्तान में लोग भुखमरी की कगार पर हैं। जबकि भारत मे 80 करोड़ लोगो को फ्री राशन देने काम सरकार कर रही है। उन्होंने उत्तर-प्रदेश की कानून व्यवस्था को बेहतरीन बताते हुए कहा कि पिछली सरकारें दंगा कराती थीं, आज दंगा और कर्फ्यू नहीं होते, अब तो शानदार तरीके से कांवड़ यात्राएं निकलती हैं। किसी ने बेटी और व्यापारियों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया तो अपराधी का राम नाम सत्य तय है। सीएम योगी ने कहा कि मजबूत सरकार में ही सुशासन और सुरक्षा का लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार के लिए और मोदी सरकार के लिए बागपत में भी एनडीए के प्रत्याशी विजयी होने चाहिए। डॉ राजकुमार सांगवान जैसे कार्यकर्ता को जयंत चौधरी ने जनता की सेवा के लिए उतारा है, इसके लिए उन्हें आभार। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने लोगों से सांगवान को जिताने की अपील की। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

अधिकारियों के साथ जिलाधीश की बैठक

मंडी में गेहूं की खरीद के साथ उठान पर ध्यान दें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिलाधीश विक्रम सिंह की अध्यक्षता में गेहूं की खरीद और लिफ्टिंग के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित की गई। विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में गेहूं खरीद के साथ-साथ लिफ्टिंग पर अधिक विशेष ध्यान दें। ताकि मंडियों में किसानों और व्यापारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना आए।

उन्होंने कहा कि डेलीबेसिज पर संबंधित एसडीएम मंडी से खरीद और उठान कार्यों की समीक्षा व निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में गठित कमेटी बल्लभगढ़, मोहना, फतेहपुर बिल्लौच, खेड़ी कला सहित सभी मंडियों में खरीदए उठान और पेयमेंट संबंधित तमाम व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए निगरानी करेगी।

ढिलाई बरतने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई हो

विक्रम सिंह ने कहा कि एफसीआई के अधिकारी को ट्रकों की लोडिंग और अनलोडिंग के कार्यों में तेजी लाना सुनिश्चित करें। वहीं ठेकेदार ढिलाई बरतता पाए जाने पर उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही करें। जिलाधीश ने कहा कि सरकारी हिदायतों के अनुसार फसलों के रबी सीजन के दौरान जिला की मंडियों में खरीद का कार्य गत एक अप्रैल से किया जा रहा है और अब लिफ्टिंग के कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें। ताकि किसानोंए व्यापारियों और आम जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

अफसरों ने वस्तुस्थिति से कराया अवगत

बैठक में जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, कृषि विपणन बोर्ड, हैफेड, एफसीआई, वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन तथा मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बारीकी से विस्तृत जानकारी ली । जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की अधिकारी सीमा शर्मा ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा रबी की फसलों के खरीद के लिए सरकारी हिदायतों के अनुसार की जाने वाले संभावित क्रियान्वयन बारे में बैठक में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

लोस चुनाव के चलते यूपी बॉर्डर पर चेकिंग

पुलिस नाकों पर चेकिंग के दौरान बरामद किए 9 लाख रुपए नगद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य द्वारा लोकसभा चुनाव के चलते दिल्ली, गुरुग्राम यूपी बॉर्डर एरिया से सटे इलाकों में शराब तस्करी तथा अन्य अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए लगाए गए पुलिस नाकों पर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक गाड़ी से 9 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 17 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे उपनिरीक्षक अमर सिंह अपनी टीम के डंपिंग यार्ड के पास स्थित पुलिस नाके पर मौजूद थे जहां एक बलेनो गाड़ी पहुंची जिसे रोककर चेक किया तो उसके ड्राइवर सीट के नीचे से 9 लाख रुपए नकद मिले। ड्राइवर से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि यह पैसे वह दिल्ली से अपने

रिश्तेदारों से लेकर आया है। आरोपी को धौज थाने ले जाया गया और नकदी को ट्रेजरी में जमा करवाया गया है । साथ ही आरोपी ड्राइवर के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की गई है।

ट्रफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

मैराथन के चलते सोहना की तरफ सड़क रहेगी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मैराथन के चलते सोहना एलिवेटेड रोड के जरिए गुरुग्राम से सोहना की तरफ जाने वाले वाहन चालक सावधान रहें। शनिवार रात को गुरुग्राम से सोहना जाने के लिए एलिवेटेड रोड पूरी तरह से बंद रहेगा। ट्रैफिक पुलिस ने इस बाबत एडवाइजरी जारी की है। हालांकि सोहना से गुरुग्राम की तरफ आने वाले रूट को पूरी तरह से चालू रखने के आदेश दिए हैं। राजीव चौक से सोहना की तरफ जाने वाला एलिवेटेड रोड घामडौज टोल तक शनिवार रात आठ बजे से सुबह चार बजे तक बंद रहेगा।

डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र विज ने कहा कि मैराथन में हजारों लोग भाग लेंगे। राजीव चौक से शुरू होने

वाली मैराथन सोहना की तरफ घामडौज टोल तक जाएगी । हालांकि सोहना से गुरुग्राम की तरफ आने वाले वाहनों को कोई दिक्कत नहीं होगी। सर्विस रोड पर वाहनों का आवागमन जारी रहेगा।

नगराधीश ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक

1950 पर कॉल या सी-विजिल एप पर चुनाव संबंधी करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगराधीश अंकित कुमार ने आज शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव संपन्न करवाने हेतु समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों का जिला प्रशासन सम्पूर्ण समर्थन करते है और आयोग के अनुसार जिला फरीदाबाद में सभी राजनीतिक पार्टियों और चुनाव लडने वाले उम्मीदवार को भी अपने आप को आयोग के हिदायतों के अनुसार ढाल लेना चाहिए जिससे जिला में चुनावों का निष्पक्ष चुनाव और साफ सुथरा माहौल बना रहे और आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करें। ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध प्रशाशनिक कार्यवाही एवं एफआईआर भी दर्ज हो सकती है।

नामांकन पत्र भरते समय कोई कॉलम खाली न छोड़े

लोकसभा चुनाव 2024 के उम्मीदवारों को चुनाव आयोग ने साफ किया है कि अपने नामांकन पत्र को भरते समय उम्मीदवार पूरी सावधानी बरतें और नामांकन पत्र का कोई भी कॉलम खाली न छोड़ें। ऐसा करने वालों पर नामांकन पत्र अवैध माना जाएगा। ऐसे नामांकन फॉर्म खारिज कर दिए जाएंगे। प्रत्याशियों की ओर से दाखिल किए जाने वाले नामांकन पत्र व उसके साथ संलग्न किए जाने वाले शपथ पत्र की बारीकी से जांच की जाएगी। सूचना के अधिकार कानून के अनुच्छेद-33ए का जिक्र करते हुए कहा गया है कि प्रत्याशी को यह बताना होगा कि वह किसी आपराधिक मामले में दो साल या इससे अधिक की सजा पा चुका है या फिर उसे किसी मामले में एक साल या इससे अधिक की सजा मिल चुकी है।

सुहागन की बना दी गई विधवा पेंशन, फिर करने लगा ब्लैकमेल

दलाल डेढ़ साल तक करता रहा शारीरिक शोषण, बेटी पर नजर डाली तो बात बिगड़ गई, आयोग में पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद में अधिकारियों और दलालों की मिलीभगत का एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। एक महिला के पति के जिंदा रहते हुए दलाल ने महिला की विधवा पेंशन बनवा दी। इसके बाद लगभग डेढ़ साल तक महिला का शारीरिक शोषण करता रहा। बाद में दलाल की नजर महिला की बेटी पर गई, तो उनमें अनबन हो गई। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने महिला को फर्जी कागजातों से विधवा पेंशन लेने का डर दिखा कर उसे ब्लैकमेल किया। उससे पेंशन कटवाने के नाम पर लाखों रुपए की डिमांड कर दी। महिला ने इसकी शिकायत महिला आयोग से की। आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने इस मामले का खुलासा किया है।

बेटी की पेंशन बनवानी थी, मां की बना दी

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बताया कि वह फरीदाबाद में

छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, पति-पत्नी के बीच वाद-विवाद के मामलों को सुनवाई कर रही थीं। इसी दौरान महिला के साथ विधवा पेंशन के नाम पर धोखा करने का मामला आया। जिसमें पीड़ित महिला को लाड़ली योजना के तहत अपनी बेटी की पेंशन बनवानी थी, लेकिन महिला की विधवा पेंशन बना दी गई।

उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि महिला को करीब डेढ़ साल तक यह नहीं मालूम था कि उसकी विधवा पेंशन बनी हुई है। विधवा पेंशन बनवाने के लिए पति का डेथ सर्टिफिकेट और श्मशान घाट की पर्ची भी जरूरी होती है। अब सवाल उठता है कि उन्होंने पति के जिंदा रहते हुए कैसे एक महिला की विधवा पेंशन बनवा दी। ऐसे में साफ होता है कि नगर निगम के पेंशन विभाग में काम करने वाले अधिकारियों द्वारा दलाल के साथ मिलकर बड़ा घोटाला किया जा रहा है।

दलाल ने दर्ज करवा दी शिकायत

रेनू भाटिया ने बताया कि जिस दलाल के जरिए महिला ने पेंशन बनवाई थी, उसने महिला को ब्लैकमेल करते हुए करीब डेढ़ साल तक उससे शारीरिक संबंध बनाए। दलाल की नजर अब महिला की बेटी पर थी। इसका विरोध महिला ने किया तो बात बिगड़ गई और दलाल ने महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा दी कि यह महिला पति जिंदा होने पर भी विधवा पेंशन ले रही है।

---

150 छात्रों ने लिया भाग

विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ट्रैफिक टीआई ग्रेटर सतीश कुमार ने दिल्ली स्कॉलर इंटरनेशनल स्कूल सै 88 में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के संबंध में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्य संगीता कक्कड़, पवन, प्राची जोशी, कुनाल कपूर स्टाफ व 150 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क पर वाहन हमेशा गति सीमा में ही ड्राइव करना चाहिए। अपनी लेन मे चलाएं तथा

वाहन चलाते समय फोन का इस्तेमाल न करे साथ ही वाहन में ऊंची आवाज में संगीत न बजाएं। गाड़ी चलाते समय स्वयं यातायात नियमों का पालन करे सावधानी बरतें और दूसरों का बचाव करें। गाडी के इंडिकेटर और रिफ्लेक्टर टेप का प्रयोग करे। दुपहिया वाहन चालक हेलमेट का अवश्य प्रयोग करे। गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करें।

यूपी में 8 सीटों पर और बिहार में 4 सीटों पर मतदान

यूपी में 58.49% और बिहार में 48.23% मतदान, बिहार में आधे वोटरों ने भी नहीं किया मतदान, छह बूथों पर बहिष्कार

यूपी में 8 सीटों पर मतदान

लोकसभा सीट	मतदान प्रतिशत
सहारनपुर	63.29
पीलीभीत	60.23
कैराना	59.11
नगीना	58.85
मुरादाबाद	57.83
मुजफ्फरनगर	54.91
बिजनौर	54.68
रामपुर	52.42

एजेंसी ▶▶ लखनऊ/ पटना

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में यूपी की 8 और बिहार की 4 सीटों पर मतदान हुआ। यूपी में प्रथम चरण के 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.44 करोड़ मतदाताओं में से 58.49% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, बिहार में प्रथम चरण के 4 सीटों के लिए 76 लाख 1 हजार 629 मतदाताओं में से करीब 48.23 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पिछले चुनाव में बिहार की इन 4 सीटों पर औसतन 48.23 फीसदी वोट पड़े थे।

80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उत्तर प्रदेश (यूपी) की 8 सीटों पर मतदान हुआ है। पहले चरण में यूपी की सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना सुरक्षित, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत संसदीय सीटों पर मतदान हुआ है। 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला हुआ। पहले चरण में 1.44 करोड़ से ज्यादा मतदाता हैं। सर्वाधिक मतदान 63.29 प्रतिशत सहारनपुर में और सबसे कम 52.42 प्रतिशम रामपुर में हुआ।

14,849 मतदान केंद्रों पर हुआ मतदान

पहले चरण के चुनाव में विभिन्न दलों के कुल 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 73 पुरुष और सात महिलाएं शामिल हैं। मुरादाबाद से 12, कैराना से 14, मुजफ्फरनगर और बिजनौर से 11-11, सहारनपुर और पीलीभीत से 10-10, नगीना और रामपुर से छह-छह उम्मीदवार मैदान में हैं। प्रथम चरण के 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.44 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 76.23 लाख पुरुष, 67.14 लाख महिला तथा 824 मतदाता तृतीय लिंगी हैं। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा के अनुसार 14,849 मतदान केंद्रों पर मतदान हो रहा है।

9 जिलों में 248 चौकियां स्थापित

पुलिस महानिदेशक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यूपी के 9 जिलों की 8 लोकसभा सीटों पर प्रथम चरण में होने वाले मतदान के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए। संबंधित 9 जिलों में 248 पुलिस चौकियां स्थापित की गई। सुरक्षा ड्यूटी में 6018 इंस्पेक्टर व सब-इंस्पेक्टर, 35750 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल, 24992 होमगार्ड्स, 60 कंपनी पीएसी तथा 220 कंपनी कंपनी सीएपीएफ लगाई गई। सीएपीएफ में बीएसफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ, एसएसबी व आरपीएफ शामिल हैं।

रूस के मोलडवा की टटियाना जायसवाल ने डाला वोट

रूस के मोलडवा की रहने वाली टटियाना जायसवाल ने पति नीरज के साथ बिलसंडा में मतदान किया। बीते लंबे समय से पति के साथ यहां रहते हुए उनको नागरिता मिली है। मतदान के बाद टटियाना ने बताया कि उनको लगता पीलीभीत अभी विकास से पीछे है। यहां विकास होना चाहिए। उन्होंने अपना मत विकास के मुद्दे और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किया है।

मतदान के बीच सपा का बूथ कैप्चरिंग का आरोप

मुजफ्फरनगर से कैराना तक लगाई शिकायतों की झड़ी

यूपी की आठ लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को मतदान के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) ने मुजरफ्फरनगर से कैराना तक आरोपों की झड़ी लगा दी। सपा ने मतदान की गति धीमी करने से लेकर बूथ कैप्चरिंग तक के आरोप लगाए। मुजफ्फरनगर से सपा प्रत्याशी हरेंद्र मलिक ने चुनाव आयोग में शिकायत भी दर्ज कराई। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान के गांव कुटबा कुटबी में पैरा मिलिट्री फोर्स भेजे जाने की मांग करते हुए बूथ कैप्चरिंग का आरोप लगाया। हरेंद्र मलिक ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिख यह शिकायत की।

वहीं संजीव बालियान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए मीडिया से कहा कि उन्हें बूथ कैप्चरिंग कराने की जरूरत नहीं है। अपनी हार पक्की जान सपा प्रत्याशी अभी से बहाने ढूंढ रहे हैं। कभी बूथ कैप्चरिंग, कभी ईवीएम का रोना, हार की कोई न कोई वजह बतानी है इसलिए ये सब गलत आरोप लगा रहे हैं।

सपा ने कहा कि मुजफ्फरनगर लोकसभा के बुढ़ाना के बूथ संख्या 310, 311 पर वोटिंग रोक दी गई है और प्रशासन द्वारा लोगों को परेशान किया गया। रामपुर लोकसभा के बूथ संख्या 164 पर भाजपा के पोलिंग एजेंट मुस्लिम धर्म के लोगों को वोट डालने से रोका गया। मुरादाबाद लोकसभा के मुरादाबाद नगर के बनातुल कुरैश गर्ल्स इंटर कॉलेज के बूथ संख्या 131, 132 पर प्रशासन द्वारा धीमी गति से मतदान कराने के आरोप लगाते हुए कहा कि पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदाताओं को धमकाया। बिजनौर लोकसभा के बिजनौर में बूथ संख्या 414 पर पीठासीन अधिकारी द्वारा जबरन लोगों को वोट डालने से रोका।

बिहार: पूर्व सीएम जीतन राम सहित कई दिग्गजों का होगा फैसला

बिहार की 4 लोकसभा सीटों पर वोटिंग हुई। पहले चरण में गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई लोकसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हुई। 4 लोकसभा सीटों के लिए कुल 7903 मतदान केंद्र बनाए गए। इस चरण पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, चिराग पासवान के बहनोई अरुण भारती, वरिष्ठ भाजपा नेता और सांसद विवेक ठाकुर, जदयू छोड़कर राजद में गए अभय सिंह कुशवाहा, कुमार सर्वजीत समेत 38 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाताओं द्वारा मत डालने के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में कैद हो गया।

2019 की तुलना में इस बार 5.24 फीसदी कम मतदान

निर्वाचन आयोग के अनुसार, शाम छह बजे तक कुल 48.23 प्रतिशत मतदान हुए। सबसे अधिक मतदान गया में 52 फीसदी, जमुई और औरंगाबाद में 50-50 फीसदी मतदान हुआ। वहीं सबसे कम मतदान नवादा में 41 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बार वोट प्रतिशत औंधे मुंह गिर गया। आधे वोटरों ने भी मतदान नहीं किया। 2019 के चुनाव में इन चारों लोकसभा सीटों पर कुल 53.47 फीसदी मतदान हुआ था। नवादा में 49.33 फीसदी, गया में 56.16 फीसदी, जमुई में 55 फीसदी और औरंगाबाद में 53.63 फीसदी मतदान हुआ था। इस चुनाव में छह बूथों पर वोट का बहिष्कार किया।

औरंगाबाद के निवर्तमान सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुशील सिंह की मां पुष्पलता सिंह, बहन पूर्णिमा सिंह एवं बहु अनन्या सिंह के साथ मतदान किया।

जमुई जिले के खैरा प्रखंड अंतर्गत अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बड़ाबांध बूथ संख्या 263 पर मतदान करने आए मतदाताओं में काफी उत्साह है।

पांच हजार से अधिक बूथ संवेदनशील

पहले चरण के चुनाव के लिए अर्द्ध सैनिक बलों की 153 कंपनियां तैनात की गईं। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुबह 7:00 बजे से 4:00 बजे तक मतदान करने का समय निर्धारित किया गया था। नक्सल प्रभावित इलाके में किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए सुरक्षा बलों की 153 कंपनियां तैनात रहीं। इन इलाकों में जमीन से लेकर आसमान तक कड़ा पहरा रहा। इन सीटों पर पांच हजार से अधिक बूथ संवेदनशील हैं। गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा लोकसभा क्षेत्र में 15 विधानसभा सीट नक्सल प्रभावित हैं। इसलिए इन इलाकों में शाम के चार बजे तक ही मतदान हुआ। जबकि अन्य इलाकों में शाम के छह बजे तक मतदान हुआ।

जवान की एसएलआर राइफल चोरी हो गई

बिहार के नवादा में लोकसभा चुनाव से पहले चरण की वोटिंग के बीच पोलिंग बूथ पर तैनात जवान की एसएलआर राइफल चोरी हो गई। मामला पकरीबरावां थाना इलाके के मतदान केंद्र संख्या 234 का है। वरीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि पुलिस जवान की लापरवाही के कारण राइफल चोरी हो गई। लापरवाही करने के कारद पुलिस जवान को सस्पेंड कर दिया गया है।

बांकेबिहारी मंदिर में सजाया गया भव्य फूल-बंगला

107 दिन तक चलेगी सजावट, देशभर से फूल लाए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ मथुरा

तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में शुक्रवार को कामदा एकादशी धूमधाम से मनाई जा रही है। इस अवसर पर ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। भारी भीड़ के कारण मंदिर की व्यवस्थाएं ध्वस्त नजर आईं। धक्का-मुक्की के बीच श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश मिल पाया।

शुक्रवार को चैत्र शुक्ल की एकादशी पर श्रीबांकेबिहारी मंदिर में पहला भव्य फूल बंगला सजाया गया। इसके बाद से मंदिर में निरंतर 107 दिन तक सुबह और शाम की बेला में फूल बंगले सजेंगे। इन फूल बंगलों के लिए देश के कई शहरों से तरह-तरह के फूल लाए जाएंगे।

शहरों से तरह-तरह के फूल लाए जाएंगे।

ठाकुरजी को शीतलता प्रदान करने की सेवा

श्रीबांकेबिहारी मंदिर की प्राचीन धर्म परंपरा के अनुसार, हिंदी माह चैत्र की कामदा एकादशी से ठाकुर जी को शीतलता प्रदान की जाएगी। इसके लिए तरह-तरह के पुष्पों, मेवा, फल आदि की दिव्य झांकियां और बंगले बनाए जाएंगे। इससे ठाकुर जी को शीतलता प्रदान करने की सेवा शुरू की जाएगी।

पेज एक का शेष

नगालैंड में अलग...

मताधिकार का उपयोग किया। राज्य के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक आईईडी में विस्फोट होने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का जवान घायल हो गया। हिंसा प्रभावित मणिपुर में करीब 45.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

9 जगहों पर मिसाइलें...

इजराइली समर्थक मिलिशिया गुट ईरान के भीतर घुस आया। उसने ड्रोन से टारगेट किया। इजराइल की तरफ से एयरस्ट्राइक की खबर उस वक्त सामने आई है, जब ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई अपना 85वां जन्मदिन मना रहे हैं। खामेनेई 1989 से ईरान के सुप्रीम लीडर हैं।

नए नौसेना प्रमुख...

होने जा रहे हैं। उनके रिटायरमेंट के बाद वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी नौसेना का पदभार संभालेंगे। वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, पीवीएसएम, एवीएसएम, एनएम, वर्तमान में नौसेना स्टाफ के वाइस चीफ के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वह 30 अप्रैल, 2024 की दोपहर से देश के नए नौसेना प्रमुख का पदभार संभालेंगे।

कम्युनिकेशन...

संभालने से पहले, वह पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। वाइस एडमिरल डीके त्रिपाठी भारतीय नौसेना के जहाजों वीनश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाल चुके हैं। सैनिक स्कूल, रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के पूर्व छात्र, वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन से अपनी आगे की पढ़ाई की। उन्होंने नेवल वॉर कॉलेज में नेवल हायर कमांड कोर्स में भी भाग लिया।

एवरेस्ट के फिश करी...

कोई इजाजत नहीं दी गई है। अभी के लिए सिंगापुर की सरकार ये जरूर कह रही है कि इसके सेवन से तुरंत सेहत पर कोई इसका सीधा नुकसान नहीं है, लेकिन अगर लंबे समय तक इसका सेवन किया जाए, नुकसान हो सकता है। सरकार ने जोर देकर कहा है कि जिसने भी इस मसाले का सेवन किया है, वो जरूर उसका कंजप्शन बंद कर दे। वहीं अगर किसी को कोई समस्या शुरू हो चुकी है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाया जाए। वैसे अभी तक एवरेस्ट कंपनी ने इस विवाद पर कुछ नहीं बोला है, भारत सरकार की तरफ से भी किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं आई है।

दूसरी बार गांधीनगर...

दाखिल किया। इस मौके पर उनकी पत्नी सोनल शाह भी मौजूद रहीं। शाह ने नामांकन से एक दिन पहले अपने संसदीय क्षेत्र में प्रचंड चुनाव प्रचार करते हुए करीब 14 घंटे रोड शो किया था। इसमें काफी भीड़ उमड़ी थी। गांधीनगर लोकसभा सीट से अमित शाह के नामांकन के वक्त पर पार्टी के दूसरे नेता और राज्य के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद रहे। पूर्व विधायक अशोक पटेल ने शाह के साथ डमी कैंडिडेट के तौर पर पर्चा दाखिल किया। कांग्रेस पार्टी ने इस सीट सोनल पटेल को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने गांधीनगर लोकसभा सीट से अमित शाह की 10 लाख वोटों से जीत सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। पिछली बार अमित शाह गांधीनगर सीट से अब तक के बड़े मार्जिन से जीते थे। गांधीनगर की सीट पूर्व में बीजेपी के कद्दावर नेता लालकृष्ण आडवाणी का चुनाव क्षेत्र रहा है तो वहीं दूसरी तरफ गांधीनगर अमित शाह की कर्मभूमि है। उन्होंने एबीवीपी से लेकर अब तक की अपनी राजनीतिक यात्रा गांधीनगर से पूरी की है। गांधीनगर से लड़ना गर्व की बातः केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि गांधीनगर से लड़ना उनके लिए गर्व की बात है। इस सीट का प्रतिनिधित्व लालकृष्ण आडवाणी, अटल जी ने किया और जिस सीट से नरेंद्र मोदी खुद मतदाता हैं। मैं इस सीट से 30 साल तक विधायक, सांसद रहा हूं। इस क्षेत्र की जनता ने मुझे बहुत प्यार दिया है।

मेरे दादा जी एक दबंग...

मकान में रहने वाले कुलदीप ने बताया कि पिता की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं थी कि दिल्ली में मेरी पढ़ाई अफोर्ड कर पाएं, लेकिन फिर भी उन्होंने मुझे दिल्ली भेजा और कहा कि तुम चिंता मत करो मैं यहां संभाल लूंगा बस अपना लक्ष्य के लिए जी जान लगा दो। 22 वर्षीय कुलदीप ने अपनी कक्षा 8वीं तक की शिक्षा इंग्लिश मीडियम से चंदला के ही इंडियन पब्लिक स्कूल में प्राप्त की। इसके बाद 9वीं से 12वीं तक की शिक्षा छतरपुर के मरिया माता कॉन्वेंट स्कूल में प्राप्त की। दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से दर्शन और राजनीति शास्त्र में स्नातक हुए। स्नातक करते हुए ही दिल्ली में ही यूपीएससी की तैयारी के लिए कोचिंग की।

रिजल्ट के बाद...

लिए मैं यही मूल मंत्र दूंगा कि अपना लक्ष्य तय कीजिए और पूरी ईमानदारी से उसे पाने के लिए प्रयास कीजिए, आपकी मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि क्योंकि मैं एक गरीब किसान परिवार का और पिछड़े इलाके का लड़का हूं इसलिए मैंने किसानों की समस्या, स्वास्थ्य संबंधी समस्या, स्कूल शिक्षा में होने वाली समस्या को बेहद करीब से देखा है और मेरा प्रयास इसी क्षेत्र में काम करके जनता को इन समस्याओं से निजात दिलाना है।



रहमान के ऑस्कर विनिंग गाने को सुखविंदर ने किया था कंपोज

मुंबई। एआर रहमान को भले ही डैनी बॉयल की 2008 की ब्रिटिश फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के गाने 'जय हो' के लिए ग्रैमी अवॉर्ड मिला हो, लेकिन इस ट्रैक की धुन को गायक सुखविंदर सिंह ने कंपोज किया था। इतना ही नहीं, इस गाने को स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए नहीं बल्कि सुभाष घई की एक फिल्म के लिए कंपोज किया गया था। एक इंटरव्यू में एआर रहमान के पूर्व सहयोगी और फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा ने गाने से जुड़े राज खोले हैं। राम गोपाल वर्मा ने बताया कि 'जय हो' गाने को सुभाष घई की साल 2008 में आई फिल्म 'युवराज' के लिए कंपोज किया गया था।

लाइफ Style

मलाइका

सोशल मीडिया पर हो रही हैं ट्रोल

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड दिवा मलाइका अरोड़ा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में रहती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री अपने बेटे अरहान खान के पॉडकास्ट 'डंब बिरयानी' में दिखाई दीं। अरहान का यह पॉडकास्ट पिछले कुछ समय से लोगों का ध्यान खींच रहा है।

इस पॉडकास्ट में अभिनेत्री ने अपने बेटे से ऐसा सवाल किया, जिसे सुन लोग भड़क गए हैं और अब मलाइका को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। पॉडकास्ट पर अपनी उपस्थिति के दौरान मलाइका और अरहान एक गेम में शामिल हुए, जहां दोनों ने एक-दूसरे से कई सवाल पूछे और अगर वे जवाब देने में असफल रहे, तो उन्हें 'मिर्ची का सालन' का शॉट लेना पड़ा या हरी मिर्च काटनी पड़ी। इस दौरान मलाइका ने अपने 22 वर्षीय बेटे से उनके शरीर की गिनती के बारे में पूछा, जिसका मतलब है कि वह अब तक कितनी महिलाओं के साथ संबंध बना चुके हैं।

मलाइका ने आगे कहा, मुझे ईमानदारी से जवाब दो... बस मुझे जवाब दो... मुझे एक नंबर चाहिए।" हालांकि, आश्चर्य दिख रहे अरहान ने सवाल का जवाब नहीं देने का फैसला किया और इसके बजाय 'मिर्ची का सालन' शॉट खा लिया। अब अभिनेत्री के इस सवाल पर सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर संस्कार कहां गए हैं। यह अपने बेटे से ऐसे सवाल कैसे पूछ सकती हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह कैसा पॉडकास्ट है। मां-बेटे के रिश्ते की गरिमा कहां गईं।' एक और यूजर ने लिखा, 'यह सब देख कर दिमाग ही खराब हो गया है।'

हॉलीवुड मसाला

फिल्म 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी

लॉस एंजिलिस। वार्नर ब्रदर्स ने एम. नाइट श्यामलन की नवीनतम मनोवैज्ञानिक थ्रिलर 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी कर दिया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही यूट्यूब पर इसकी धूम देखने को मिल रही है। 'ट्रैप' में जोश हार्टनेट, सालेका श्यामलन, हेले मिल्स और मार्नी मैकफेल जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। आधिकारिक लॉगलाइन के अनुसार, 'ट्रैप' एक पिता और किशोरी बेटी की कहानी है जो एक पॉप कॉन्सर्ट में भाग ले रहे हैं। कॉन्सर्ट में उन्हें एहसास होता है कि वे एक अंधेरे और भयावह घटना के केंद्र में हैं।

सिडनी स्वीनी 'सुंदर नहीं' कमेंट पर भड़कीं एक्ट्रेस

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी ने हॉलीवुड के टॉप प्रोड्यूसर कैरोल बॉम को जमकर लताड़ लगाई है। दरअसल, कैरोल बॉम ने हाल ही में सिडनी स्वीनी पर कमेंट करते हुए कहा था कि 'वह सुंदर नहीं हैं' और कोई हैं, 'जो एक्टिंग नहीं कर सकती हैं'। दिग्गज निर्माता कैरोल बॉम ने एक इवेंट में 'यूफोरिया' और 'व्हाइट लोटस' की स्टार सिडनी स्वीनी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने एक्ट्रेस की हिट रॉम-कॉम 'एनीवन बट यू' की भी आलोचना की थी। अब सिडनी स्वीनी की तरफ से उनके रिप्रेजेंटेटिव ने वैरायटी को एक बयान दिया है। इस बयान में कहा गया, "यह कितना दुखद है कि एक महिला अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा करने की बजाय दूसरी महिला पर हमला करना चुनती है।

अंधविश्वासी निर्देशक के बारे में विद्या का खुलासा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन अपनी फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं। वह लगातार इस फिल्म के लिए इंटरव्यू भी दे रही हैं। इसी बीच विद्या बालन ने एक ऐसी घटना के बारे में बताया जिसे सुनकर आप भी कहेंगे अब तो हद ही हो गई। दरअसल, विद्या बालन ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म से जुड़ा एक किस्सा बताया। यह उस समय की बात है जब विद्या बॉलीवुड के अलावा तमिल सिनेमा में भी काम किया करती थी। उस दौरान उनके साथ एक ऐसी बात हुई जिसका खुलासा उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान किया। विद्या ने कहा, ''मैं फिल्म की शूटिंग के लिए सेट पर रोजाना जाया करती थी, और मुझे सुनने में आया कि मेरे फिल्म का निर्देशक 42 दिनों से एक ही शॉर्ट्स लगातार पहनकर आ रहे हैं।



फिर दिखा किंग खान का खास अंदाज

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान हर तरह से अपनी टीम के खिलाड़ियों के साथ नजर आते हैं। अपना समय निकालकर वह न सिर्फ मैदान में मैच देखने पहुंच रहे हैं, बल्कि मैच के बाद खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाते भी दिखाई देते हैं। हाल ही में ऐसा ही कुछ एक बार फिर देखने को मिला। शाहरुख खान की एक तस्वीर सामने आई है। इसमें वह केकेआर के खिलाड़ी सुनील नरेन और उनकी पत्नी के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शाहरुख खान के एक फैन पेज से साझा किया गया है। इसमें शाहरुख खान को नरेन और उनकी पत्नी अंजेलिया के बीच बैठे हुए देखा जा सकता है। तीनों कैमरे को पोज दे रहे हैं। शाहरुख ने सफेद शर्ट और ट्राउजर पहना है। वहीं, सुनील कैजुअल लुक में हैं।

टीवी मसाला

नहीं कर सकता बोल्ड बेडरूम सीन

मुंबई। गुम है किसी के प्यार में शो के लीड एक्टर शक्ति अरोड़ा फीमेल फैन्स के बीच काफी पॉप्युलर हैं। सीरियल के ईशान सर सबका क्रश बन चुके हैं। दर्शक इंतजार कर रहे हैं कि ईशान और सवि के बीच रोमांटिक सीन दिखाए जाएं। इस बीच शक्ति अरोड़ा ने बेडरूम सीन्स पर अपने विचार रखे। उनका कहना है कि इंडियन एक्टर्स पर ये सब सूट नहीं करता है। शक्ति अरोड़ा स्टार प्लस का लोकप्रिय चेहरा हैं। गुम है किसी के प्यार में सीरियल में उन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। लोग उनके साथ सवि का रोमांस देखने के लिए बेकरार हैं लेकिन शक्ति का कहना है कि रोमांस तक ठीक है लेकिन वह टीवी पर बेडरूम वाले इंटीमेट सीन करने से बचते हैं। शक्ति अरोड़ा ओटीटी शोज की बात कर रहे थे।

अब इंडस्ट्री में पक्षपात बहुत है... 'चंद्रकांता' के कुंवर विक्रम

मुंबई। 90 के दशक के मशहूर धारावाहिक 'चंद्रकांता' में कुंवर विक्रम सिंह का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाले अभिनेता शाहबाज खान बीते लंबे समय से पर्दे से दूर हैं। चंद्रकांता के अलावा उन्होंने 'बेताल पच्चीसी' में बेताल की भूमिका निभाकर भी खूब

वाहवाही बटोरी। इसके अलावा उन्हें 'राम सिया के लव-कुश', 'युग', 'अफसर बिटिया', 'कर्मफल दाता शनि' जैसे सीरियल में दमदार अभिनय से लोगों का दिल जीतते देखा जा चुका है। एक वक्त पर अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों का भी हिस्सा रहे। हालांकि, आजकल वह पर्दे से गायब हैं। वहीं अब अभिनेता ने खुद इसके पीछे का असली कारण बताकर हर किसी को दंग कर दिया है। शाहबाज खान ने 'राजू चाचा', 'चल मेरे भाई', 'बादल', 'जय हिंद' और 'मेहंदी' जैसी फिल्मों में काम किया है। अभिनेता को उनके नेगेटिव रोल के लिए याद किया जाता है। हालांकि, उन्हें सबसे ज्यादा लोकप्रियता 'चंद्रकांता' में निभाए कुंवर विक्रम सिंह के किरदार से मिली।

दुबई से हैदराबाद लौटे महेश बाबू और राजामौली

मुंबई। साउथ सुपरस्टार महेश बाबू इन दिनों फिल्म निर्माता एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थायी शीर्षक एसएसएमबी 29 है। महेश बाबू और एसएस राजामौली को आज शुक्रवार की सुबह हैदराबाद लौटते देखा गया। उन्हें एयरपोर्ट पर देखा गया। एक्स और इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में महेश बाबू और एसएस राजामौली एयरपोर्ट से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। बताया गया है कि दोनों दुबई से लौट रहे थे। फिलहाल फिल्म एसएसएमबी 29 अपने प्री-प्रोडक्शन चरण में है। महेश बाबू, एसएस राजामौली और निर्माता केएल नारायण दुबई से लौटने पर आज सुबह राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देखे गए। काफी समय हो गया है, जब प्रशंसकों को महेश बाबू और एसएस राजामौली को एक साथ देखने का आनंद मिला है।

सकीना को पसंद आया तारा सिंह का नया लुक

मुंबई। सनी देओल और अमीषा पटेल की जोड़ी फिल्म 'गदर' में खूब हिट रही है। असल जिंदगी में भी दोनों सितारे काफी अच्छे दोस्त हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर दोनों एक-दूसरे के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते नजर आते हैं। ऐसा ही कुछ एक बार हाल ही में देखने को मिला। दरअसल, सनी देओल ने सोशल मीडिया पर अपनी एक ताजा तस्वीर साझा की है। इस पर अमीषा पटेल के कमेंट ने



यूजर्स का सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है। अभिनेता सनी देओल सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। अक्सर वह अपने प्रशंसकों के साथ अपनी तस्वीरें साझा करते दिखते हैं। उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह डेनिम शर्ट पहने दिख रहे हैं। इस पर अभिनेता के प्रशंसकों ने कमेंट की झड़ी लगा दी। कई बॉलीवुड सितारों ने भी प्रतिक्रिया दी। वहीं, अमीषा पटेल का कमेंट सबसे खास लगा। अभिनेत्री ने सनी देओल की तारीफ में लिखा, 'सबसे शानदार, सबसे हैंडसम'।

'दो और दो प्यार' के निर्माताओं का दर्शकों को बड़ा तोहफा

मुंबई। रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दो और दो प्यार' आखिरकार आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शुरुआती तौर पर फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं अब फिल्म के निर्माता फिल्म की रिलीज के पहले दिन ही दर्शकों के लिए बड़ा तोहफा लेकर आए हैं, जो फिल्म की टिकट से जुड़ा हुआ है। अब दर्शक एक टिकट कीमत पर दो टिकट खरीद सकते हैं। दरअसल, निर्माताओं ने नया ऑफर जारी किया है। निर्माता एक टिकट खरीदने पर एक मुफ्त टिकट का ऑफर लेकर आए हैं। अब दर्शकों को 'दो और दो प्यार' की एक टिकट खरीदने पर एक टिकट मुफ्त मिल रहा है।

यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित होंगी शबाना-करिश्मा

मुंबई। यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाला दक्षिण एशियाई फिल्म महोत्सव है। वहीं, अब इसके 26वें संस्करण पर बड़ा अपडेट सामने आया है। यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2024 का आयोजन 2 से 12 मई तक लंदन, लीसेस्टर और ऑक्सफोर्ड में किया जाएगा। वार्षिक कार्यक्रम में कुछ बॉलीवुड हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जिसकी सूची इस प्रकार है- 26वें यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शबाना आजमी और करिश्मा कपूर सहित प्रमुख हस्तियों को भारतीय सिनेमा में उनकी भूमिकाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। 'क्लाइमेट ऑफ चेंज' थीम पर आधारित यह महोत्सव लंदन में बीएफआई आईमैक्स में रुमाना मोल्ला की इंडो-बेल्जियन फिल्म 'मिनिमम' के प्रीमियर के साथ शुरू होगा। वहीं, भारतीय अभिनेता अंशुमन झा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' का यूके प्रीमियर भी इस साल के यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में होगा।

शबाना की प्रसिद्ध फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग

26वें यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में शबाना आजमी की सबसे प्रसिद्ध फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ उनके इंडस्ट्री में 50 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा, जिसमें उनकी पहली फिल्म 'अंकुर', दीपा मेहता की 1996 की रोमांटिक फिल्म 'फायर' और उनकी सबसे हालिया रिलीज फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' शामिल है। प्रत्येक स्क्रीनिंग के बाद शबाना आजमी मंच पर बातचीत करेंगी।

कविता को भी मिलेगा सम्मान

करिश्मा कपूर, प्लेबैक सिंगर कविता कृष्णमूर्ति और डिजाइनर रीना ढाका के कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान करिश्मा कपूर और कविता कृष्णमूर्ति को सिनेमा में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस साल के उत्सव की थीम के अनुरूप रीना ढाका पिछले कुछ सालों के अपने सबसे प्रतिष्ठित रनवे शो के साथ-साथ फैशन, स्थिरता और अपने करियर प्रक्षेप पर चर्चा करेंगी। जानकारी हो कि ढाका के जरिए डिजाइन किए गए आउटफिट नाओमी कैंपबेल और उमा थुरमन द्वारा पहने जा चुके हैं।

राजकुमार के साथ आमिर लॉन्च करेंगे गाना 'पापा कहते हैं 2.0'

मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म 'कयामत से कयामत तक' का गाना 'पापा कहते हैं' काफी पसंदीदा गाना रहा है। दर्शकों को आज भी यह गाना काफी पसंद है। ऐसे में आमिर ने इस गाने को पसंद करने वाले को एक बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, आमिर खान अपने 'पापा कहते हैं' गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। इस खबर से आमिर के फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। इस गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए इसे 'पापा कहते हैं 2.0' नाम दिया गया है। राजकुमार राव और अलाया एफ की आगामी बायोपिक फिल्म 'श्रीकांत' में इसे गाने को दिखाया जाएगा। दर्शकों को इस गाने का बेसब्री से इंतजार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में एक शानदार इवेंट में आमिर खान इस गाने को लॉन्च करेंगे। इसके साथ ही दृष्टिबाधित पेशेवर बैंड के सदस्यों द्वारा इसका लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा।

छिंदवाड़ा और मंडला में कांग्रेस-भाजपा में रोचक मुकाबला

सीधी, शहडोल, जबलपुर, बालाघाट में कड़ी टक्कर

4 जून को आएंगे नतीजे, वोटरों की नजरें लगी

मध्यप्रदेश में दो लोकसभा सीटों पर कांटे की टक्कर, दो सीटों पर है त्रिकोणीय मुकाबला

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल। प्रदेश के 6 लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को पहले चरण में मतदान हो गया। यहां भाजपा-कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला है। बालाघाट में कंकर मुंजारे और सीधी में भाजपा के बागी अजय प्रताप सिंह मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। चुनाव प्रचार के रुझान से पता चलता है कि छिंदवाड़ा और मंडला में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर है। यहां बाजी किसी के भी हाथ लग सकती है, जबकि सीधी, शहडोल, जबलपुर और बालाघाट में मुकाबला रोचक है। हालांकि सीधी और बालाघाट में भी कांग्रेस मुकाबले में बताई जाती है।

सीधी: मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश

सीधी लोकसभा सीट में भाजपा के डॉ. राजेश मिश्रा और कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला रहा है। यहां भाजपा के बागी अजय प्रताप सिंह गोंगपा के टिकट पर मैदान में उतर कर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण, क्षत्रिय, पिछड़ा, आदिवासी और दलित वर्ग के मतदाताओं की तादाद अच्छी है। ब्राह्मण, आदिवासियों का ज्यादा हिस्सा भाजपा के पक्ष में दिखता है तो पिछड़ा और दलित वर्ग के मतदाताओं का झुकाव कांग्रेस की ओर ज्यादा है। अजय प्रताप भी आदिवासी और क्षत्रिय मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश में हैं। कांग्रेस के बड़े नेता अजय सिंह राहुल इसी जिले से आते हैं। उनका विधानसभा क्षेत्र चुरहट भी इसी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। उनका रुख भी चुनाव को प्रभावित करेगा। फिलहाल वे कांग्रेस के साथ ही दिखाई पड़ता हैं। मुकाबला तगड़ा है।

डॉ. राजेश मिश्रा

कमलेश्वर पटेल

जबलपुर: परंपरा कायम रख सकती है भाजपा

महाकौशल अंचल की जबलपुर लोकसभा सीट में भाजपा-कांग्रेस की ओर से पहली बार चुनाव लड़ रहे क्रमशः आशीष दुबे और दिनेश यादव के बीच मुकाबला है। जबलपुर सीट भी भाजपा का गढ़ बन चुक है। यहां विवेक तन्खा जैसे कांग्रेसी दिग्गज को लगातार दो बार बड़े अंतर से पराजय का सामना करना पड़ा है। संभवतः इसीलिए तन्खा तीसरी बार यहां से लड़े नहीं। कांग्रेस सरकार में वित्त मंत्री रहे तरुण भनोट ने भी चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और उनके परिवार की इमेज अच्छी है जबकि कांग्रेस के दिनेश यादव समाज के वोटों के सहारे हैं। भाजपा इस बार जबलपुर में अपनी जीत की परंपरा कायम रख सकती है। यहां से चार बार सांसद रहे राकेश सिंह अब प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं और जबलपुर में पार्टी का चेहरा हैं। जबलपुर में भाजपा और कांग्रेस में कड़े मुकाबले के आसार हैं।

आशीष दुबे

दिनेश यादव

बालाघाट: कंकर के कारण भी मुकाबला रोचक

महाकौशल अंचल की बालाघाट लोकसभा सीट में भाजपा की भारती पारधी और कांग्रेस के सम्राट सरसवार के बीच मुकाबला है लेकिन यहां के जमीनी नेता कंकर मुंजारे ने बसपा के टिकट पर मैदान में उतर कर मुकाबले को रोचक बना दिया है। मुंजारे विधायक और सांसद रहे हैं। वे मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में हैं। कंकर की पत्नी अनुभा मुंजारे बालाघाट से कांग्रेस विधायक हैं। वे कांग्रेस प्रत्याशी सरसवार का काम कर रही है। इससे पति-पत्नी के संबंधों में ऐसी खटास आई की कंकर को घर से बाहर एक झोपड़ी में रहना पड़ रहा है। कंकर का कहना था कि मेरी पत्नी मेरे घर में रहकर मेरे खिलाफ प्रचार नहीं कर सकती। पत्नी अनुभा ने घर नहीं छोड़ा तो वे खुद घर छोड़ कर चले गए। कंकर की मौजूदगी से भाजपा-कांग्रेस दोनों को नुकसान है। ढाल सिंह बिसेन और गौरीसिंह बिसेन की असंतुष्टि की खबरें है।

भारती पारधी

सम्राट सरसवार

छिंदवाड़ा: सीट छीनने भाजपा ने झोंकी ताकत

महाकौशल अंचल की छिंदवाड़ा लोकसभा सीट कमलनाथ के कारण कांग्रेस का गढ़ है। प्रदेश का सबसे चर्चित और रोचक मुकाबला यहां हो रहा है। भाजपा ने यह सीट छीनने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। इसके लिए साम, दाम, दंड, भेद सब अपनाए जा रहे हैं। यहां कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ का मुकाबला भाजपा के विवेक बंटी साहू से है। प्रचार थमने के एक दिन पहले भाजपा के शीर्ष नेता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छिंदवाड़ा में रोड शो और रात्रि विश्राम कर गए हैं। शाह भाजपा के असंतुष्ट नेताओं को चेतावनी भी दे गए हैं। प्रचार की बागडोर भाजपा के दिग्गज कैलाश विजयवर्गीय के हाथ है। पहली बार कमलनाथ के खास लोगों को तोड़कर भाजपा में शामिल कराया गया है। अलका नाथ ने भी बेटे नकुलनाथ के लिए अपील की है। यहां कोई भी बाजी मार सकता है।

बंटी साहू

नकुलनाथ

शहडोल: हिमाद्री को चुनौती दे हैं मार्को

विंध्य अंचल की दूसरी शहडोल लोकसभा सीट भाजपा के गढ़ के रूप में तब्दील हो चुकी है। कांग्रेस ने तीन बार के विधायक फुंदेलाल मार्को को मैदान में उतारा है, लेकिन वे भाजपा की हिमाद्री को टक्कर नहीं दे पा रहे हैं। हिमाद्री सिंह आदिवासी राजघराने से ताल्लुक रखती हैं। इनके पिता दलबीर सिंह और मां राजेश नंदिनी सिंह के कारण शहडोल में कांग्रेस जिंदा थी। यहां दलबीर सिंह के नाम से ही कांग्रेस जानी जाती थी। माता-पिता के न रहने के बाद हिमाद्री सिंह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ गईं। बाद में कांग्रेस के आदिवासी चेहरे बिसाहूलाल सिंह भी भाजपा में आ गए। इसके बाद क्षेत्र में कांग्रेस के पास कोई बड़ा चेहरा नहीं बचा। इसलिए शहडोल में अभी एकतरफा माहौल दिखाई पड़ रहा है। हालांकि कांग्रेस यहां से भाजपा को कड़ी टक्कर दे रही है। यहां अन्य दलों ने भी अपने प्रत्याशी उतारे है। ऊंट किस करवट बैठता है। मतगणना के बाद पता चलेगा।

हिमाद्री सिंह

फुंदेलाल मार्को

मंडला: कुलस्ते और मरकाम में रोचक मुकाबला

महाकौशल की मंडला लोकसभा सीट से भाजपा के आदिवासी चेहरे केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते एक बार फिर मैदान में हैं। पार्टी ने इन्हें विधानसभा का चुनाव लड़ाया था लेकिन केंद्रीय मंत्री रहते ये कांग्रेस के नगर पालिका अध्यक्ष से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने मंडला से अपने युवा आदिवासी चेहरे पूर्व मंत्री ओंकार सिंह मरकाम को मैदान में उतारा है। ओंकार से फग्गन को कड़ी टक्कर मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता यहां भी है। फग्गन अपने आप में भाजपा का बड़ा नाम हैं। ये प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री पद के लिए दावा करते रहे हैं। केंद्र में लगातार मंत्री हैं। लेकिन इनके खिलाफ क्षेत्र में तगड़ी एंटी-इंकम्बैंसी देखने को मिल रही है। लिहाजा मुकाबला रोचक है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी में कड़ी टक्कर के आसार है। अब मंडला में बाजी किसी के भी हाथ लग सकती है।

फग्गन सिह कुलस्ते

ओंकार सिंह मरकाम

जैसा मैंने देखा

चुनाव...

बगैर तामझाम साधारण वाहनों से जनता के बीच पहुंचते थे नेता

चुनाव का मौसम है। ऐसे में चुनाव को लेकर आज जो स्थिति है, आज से 40-50 साल पहले के

विजय जोशी
पूर्व ग्रुप महाप्रबंधक भेल

मुकाबले इसमें कितना बदलाव आया है, यह वे ही बता सकते हैं, जिन्होंने तब मतदान किया हो। ऐसे में विजय जोशी, पूर्व ग्रुप महाप्रबंधक, भेल ने पुराने दिनों में होने वाले चुनाव को लेकर कई यादें साझा कीं। वे बताते हैं कि आजादी के बाद सामाजिक मूल्यों का जिस तरह अवमूल्यन या अधःपतन हुआ, उसके मूल में है हमारे देश की राजनीति और तथाकथित स्वघोषित अवाम के खिदमतगार। महात्मा गांधी ने कभी पद, पैसे या प्रतिष्ठा की चाह नहीं रखी, किंतु उनके ही अनुयायियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी, उनके सपनों को खंडित करने में। इस परिप्रेक्ष्य में चुनावों के तुलनात्मक आकलन में यदि देखा जाए तो पता चलता है कि वादावफा बनाम वादाजफा में बदलाव आया है। वह दौर नेतृत्व द्वारा झूठे वादों का भ्रम फैलाकर लोगों को मूर्ख समझने का नहीं था। नेता झूठे जन लुभावन चुनावी वादों के बदले समाज व राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानते थे। पहली अर्ध शताब्दी के नेता बगैर तामझाम साधारण वाहनों से जनता के बीच पहुंच जाया करते थे। पैसे के प्रदर्शन से लोगों को भ्रमित करने का प्रयास नहीं होता था। पूर्वाध दौर में नेता का अपने मतदाता से प्रत्यक्ष संबंध हुआ करता था, न कि आज जैसा मात्र संपर्क। याद कीजिए एक रेल दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी वहन करते हुए लालबहादुर शास्त्री ने पद त्याग कर दिया था। 1965 के बाद के दौर में तो कुर्सीजदां नेताओं ने तो कदाचरण को भी शर्मिंदा कर दिया। एक बात जो अच्छी है वह यह कि आज के युवा को अपने देश का नेतृत्व चुनने की आजादी है। तब के दौर में तो घर के बुजुर्ग का हुक्मनामा चला करता था। वे कहते हैं कि सियासत इस कदर अवाम पर एहसान करती है, पहले आंखें छीन लेती है फिर चश्मे दान करती है।

जो हो न सका...

पर्यटन स्थल के रूप में अधूरा रह गया महिला शासक कुदसिया बेगम का बनवाया गौहर महल

राजधानी का गौहर महल एक भव्य महल है, जिसे पर्यटन स्थल बनाने के लिए उस समय विकास कार्य शुरू किया गया था, जब बड़े तालाब के किनारे वीआईपी रोड बनना शुरू हुई थी। करीब 25 साल पहले तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री और उसके बाद तत्कालीन सीएम ने इसके लिए केंद्र सरकार से राशि भी उपलब्ध करवाई, लेकिन पुरातत्व विभाग के अलावा कोई दूसरा काम यहां नहीं हो पाया। इस अधूरे काम के कारण अब गौहर महल में सिर्फ प्रदर्शनी और मेले ही लग रहे हैं। रियासत के दौर में पहली महिला शासक कुदसिया बेगम ने इस महल को 1820 में बनवाया था। इसे गौहर के नाम से भी बुलाया जाता है। ऐसे में इसका नाम गौहर महल पड़ गया।

मेले लगाने वाला स्थान बनकर रह गया महल

करीब साढ़े चार एकड़ में फैला हुआ गौहर महल वास्तु कला का सर्वोच्च उदहारण है। बेगमों के शासन काल के लिए भोपाल शहर जाना जाता है। वीआईपी रोड़ के किनारे मौजूद यह महल बेगमों के शासनकाल का गवाह रहा है। इसके आसपास का दृश्य शूटिंग के लिहाज से उपयुक्त है। यहां कई फिल्मों, वेबसीरीज और टीवी सीरियल्स की शूटिंग हो चुकी है, लेकिन अब प्रदर्शनी और मेले लगने से इसका महत्व अब पर्यटन स्थल का नहीं रहा है। करीब साढ़े चार एकड़ में फैला हुआ ये महल का दीदार करने सैकड़ों की संख्या में सैलानी यहां पहुंचते हैं।

दमकल की टीम ने आग पर पाया काबू

उरला की फैक्ट्री में लगी भीषण आग से छह ट्रांसफार्मर जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर के उरला थाना क्षेत्र स्थित गणपति इस्पात परिसर में लगे बिजली ट्रांसफार्मर में शुक्रवार सुबह नौ बजे भीषण आग लग गई है। वहां मौजूद सात ट्रांसफार्मर में से छह पूरी तरह जलकर खाक हो गई है।

घटना की सूचना मिलने दमकल की टीम मौके पर पहुंची। लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर से छोटी सी चिंगारी उठी।

इसके बाद कुछ मिनटों में चिंगारी भीषण आग के रूप में बदल गया। आग की लपटें दूर तक दिखाई दे रही थी। मौके पर दमकल की तीन गाडियां पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने से फैक्ट्री को लाखों का नुकसान होने की आशंका है।

श्रद्धालुओं से भरी नाव पलटी, एक का शव बरामद, 8 लापता, नाव में सवार थे 70 लोग

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की सीमा से लगे ओडिसा के रेंगाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शर्धा महानदी घाट में शुक्रवार की दोपहर नाव पलटने की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं अभी भी 8 लोगों के लापता होनें की जानकारी सामने आ रही है। रायगढ़ जिले से लगे हुए ओडिसा के झारसुगुड़ा जिले के रेंगालि थाना अंतर्गत आने वाले शर्धा महानदी घाट में रायगढ़ जिले के कोतरलिया निवासी गंगाराम लोहर के यहां खरसिया से 50 लोग पहुंचे थे, जहां से सभी एक साथ ओडिसा के पंचगांव में स्थित पथरसेनी मंदिर दर्शन करने गए हुए थे। इस दौरान नाव में घूमने के दौरान बीच नदी में नाव पलट जाने की घटना से अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान नाव में 70 लोग सवार थे जिसमें अभी तक एक का शव बरामद हुआ है। जबकि आठ लोग अभी भी लापता हैं। घटना की जानकारी मिलते ही ओडिसा पुलिस के अलावा रायगढ़ जिले की पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से लापता लोगों को ढूंढने के प्रयास में जुट गई है। बताया जा रहा है कि एक नाव में 70 लोग सवार होकर पथरसेनी मंदिर बकरा लेकर जा रहे थे, इस दौरान बीच नदी में नाव बीच से टूट जाने के दौरान यह हादसा हुआ है।

सामूहिक विवाह सम्मेलन में 15 कन्याओं की हुई शादी

भोपाल। मीना युवा शक्ति सामाजिक सेवा समिति ने वार्ड 84 के ग्राम सोहागपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर 15 कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया। समिति ने नव दंपति को मंगलसूत्र, बिछिया, पायल आदि जेवरों के साथ गृहस्थी का सामान भी दिया।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

'एक स्टेशन एक उत्पाद'
योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने
हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

क) **स्टॉल:** हज़रत निज़ामुद्दीन, समालखा, सोनीपत और गन्नौर स्टेशनों पर।
ख) **ट्राली :** जींद, जाखल, नरवाना, टोहाना, मनसा, बादली, पालम, दिल्ली सफरदजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, परतापुर, देवबंद, टपरी और जुलाना स्टेशनों पर।
• मेरठ कैंट, सब्जी मंडी, बहादुरगढ़ और पलवल स्टेशन पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
• उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
• NSG 1,2 और 3 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (पालम और गन्नौर), NSG 5 (जींद, जाखल, नरवाना, टोहाना, मनसा, टपरी, जुलाना, समालखा, बादली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफरदजंग) & NSG 6 (परतापुर) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
• प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित है:–
क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ड़.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
• आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
• आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 26.04.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
• सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
• एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।
• इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।
1180/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

काफिला रोककर सीएम व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल पहुंचाया

भोपाल। पन्ना जिले के सिमरिया गांव के पास गुरुवार देर रात मिनी ट्रक और मोटर साइकिल के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में वाहन चालक और सवार घायल हो गए। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा पवई में प्रचार के बाद पन्ना जा रहे थे।

हादसा देखने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा तत्काल अपना काफिला रोककर घायलों से मिले और उन्हें अपने कारकेट की एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने दुर्घटना ग्रस्त लोगों के घर तक सूचना पहुंचने के लिए कहा।

मुख्यमंत्री ने पन्ना के पवई में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ किया रोड शो

'खजुराहो में कांग्रेस पहले से ही मैदान छोड़कर भाग चुकी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रण के क्षेत्र में बिगुल बज चुका है। आमने-सामने हम सेना को ललकार रहे हैं। बुंदेलखंड की धरती पर भाजपा के कार्यकर्ताओं का दम देखकर, कांग्रेस पहले से ही मैदान छोड़कर भाग चुकी है। कांग्रेस के पते नहीं लग रहे है। पूरे देश में पूरब से पश्चिम तक, उत्तर से दक्षिण तक चारों तरफ मोदी... मोदी का नारा गूंज रहा है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को पन्ना के पवई में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के समर्थन में रोड शो और जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने सागर लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े, भिंड लोकसभा से भाजपा प्रत्याशीसंध्या राय की नामांकन रैली के बाद जनसभाओं को भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खजुराहो की जनता ने जो कहा वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माध्यम से पूरा किया जायेगा। 2013 से पहले मध्यप्रदेश में रेलवे के लिए केन्द्र सरकार डेढ़ सौ करोड़ देती थी।

ये अभी ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज नरेन्द्र मोदी के माध्यम से 15 हजार करोड़ रुपए रेलवे के लिए मिल रहा है। ये अभी ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है। खजुराहो में 45 हजार करोड रुपए की केन बेतवा परियोजना के माध्यम से सिंचाई का लाभ बुंदेलखंड की धरती को मिला है। हर खेत में सिंचाई का पानी, हर घर में नल का जल और रोजगार के साधन मिलेंगे। पन्ना के अंदर मेडिकल कॉलेज बनेगा। किसी गरीब बीमार को अब बाहर जाने की जरूरत नहीं है। यहीं उसका इलाज होगा।

चिंतन

पहले चरण के चुनाव में वोटरों में दिखा उत्साह

आम चुनाव के पहले चरण का मतदान छिटपुट हिंसा को छोड़ दें तो शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। पहले चरण में 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों के लिए वोटिंग हुई। चुनाव को लेकर मतदाताओं में खास उत्साह देख गया, शाम पांच बजे तक औसत 60 फीसदी मतदान हुआ, अंतिम आंकड़े के 70 फीसदी पार जाने की संभावना है। पश्चिम बंगाल व कश्मीर में उम्मीद से अधिक वोटिंग हुई है। कश्मीर में वोटिंग बढ़ने का मतलब है कि लोग वहां विकास कार्यों को सकारात्मक रूप में ले रहे हैं और वहां हो रहे विकासात्मक व सिस्टमैटिक बदलाव को साफ महसूस कर रहे हैं। पहले चरण में चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाएं सामने आईं, वहीं छत्तीसगढ़ में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। यह बहुत दुःखद है। चुनाव आयोग ने मुस्तैदी से चुनाव की तैयारी की है। चुनाव का शेडयूल जरूर लंबा है और उबाऊ है, लेकिन आयोग का मकसद शांतिपूर्ण मतदान है। पहले चरण में तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), मेघालय (2), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नगालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1) में सभी लोकसभा सीटों पर मतदान पूर्ण हो गया। अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम की सभी विधानसभा सीटों पर भी चुनाव संपन्न हो गया। यूं तो अभी चुनाव शुरू हुआ है, लेकिन चुनाव आयोग को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि चुनाव के दिन, बिना चुनाव वाले क्षेत्र में किसी भी प्रकार की रैली, चुनावी सभा, राजनीतिक बयानबाजी आदि पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। केंद्रीय चुनाव आयोग को अपनी आचार संहिता के दायरे को बड़ा करते हुए यह सख्त नियम बनाना चाहिए कि चुनाव के दिन अन्य किसी भी हिस्से में चुनाव प्रचार न चले।। ऐसे चुनाव प्रचार वोटिंग कर रहे मतदाताओं को ध्यान में रखकर ही किए जाते हैं। यह परिपाटी देश में पिछले कई चुनावों से चल रही है। या तो देश में एक डेट में चुनाव हो, या कम से कम चरणों में कम से कम अंतराल पर चुनाव हो। विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहली बार मतदान करने वालों में विवाह परिधान में आए कई नवविवाहित जोड़े, दिव्यांग लोग और स्ट्रेचर तथा व्हीलचेयर पर आए कुछ बुजुर्ग शामिल थे। तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और असम में कुछ बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में मामूली खामियों की शिकायत आई। नगालैंड के छह जिलों में सन्नाटा पसरा रहा जहां अलग राज्य की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों के एक संघ द्वारा अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान के कारण लोग घरों में ही रहे। हिंसा प्रभावित मणिपुर में मतदान करीब-करीब शांतिपूर्ण रहा। मणिपुर में कुछ स्थानों पर ईवीएम को नुकसान पहुंचाए जाने की भी खबरें आईं। पहले चरण में 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस बीच, ईवीएम पर चल रही विपक्ष की राजनीति के बीच केंद्रीय चुनाव आयोग ने एक बार फिर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से जुड़ी आशंकाओं को खारिज कर दिया। आयोग ने स्पष्ट कहा कि सबका वोट सुरक्षित है, ईपीएम शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं क्योंकि बड़ी मात्रा में तकनीकी, प्रशासनिक और प्रक्रियात्मक सुरक्षा मानक अपनाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में भी यह मामला है, लोगों को फैसले का इंतजार है। पूर्व में कई बार ईवीएम की तकनीकी दक्षता के प्रमाण दिए जा चुके हैं। ईवीएम के तकनीकी पक्ष पर बहस समाप्त होनी चाहिए।

तैयारी

डॉ. एल. एस. यादव

हाईवे बनेंगे वायु सेना के रनवे

हाईवे पर रनवे सबसे पहले द्वितीय विश्व युद्ध के समय जर्मनी में बनाया गया था। इसके बाद उत्तरी कोरिया, ताईवान, स्वीडन, फिनलैंड, स्विटजरलैंड, पोलैंड एवं चेकोस्लावाकिया में बनाए गए। स्वीडन में पहला रनवे 1949 में शुरू हो गया था। सन 1967 में मिस्र के साथ युद्ध में जिस तरह इसका इस्तेमाल हुआ उससे इस व्यवस्था को और बढ़ावा मिला। पोलैंड ने अपने यहां सन 2003 में हाईवे स्ट्रिप तैयार की थी। ऑस्ट्रेलिया में हाईवे के कई हिस्सों को रनवे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। दक्षिण कोरिया में भी हाईवे रनवे बनाए जा चुके हैं। अब भारत भी इस श्रेणी में आ गया है।

चीन व पाकिस्तान की समरतांत्रिक चालों में बदलाव के कारण भारत की सामरिक तैयारी यही है कि युद्ध की स्थिति में वह दोनों मोर्चों पर निपट सके। इसके लिए वायु सेना उन हाईवे को रनवे के रूप आजमा रही है, जो युद्ध की स्थिति में काम आ सकें। देश के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वायु सेना ऐसे कदम उठा रही है। इसी क्रम में वायु सेना ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबिहड़ा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की साढ़े तीन किलोमीटर लंबी आपातकालीन हवाई पट्टी का रनवे के रूप में इस्तेमाल करते हुए लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों व हेलीकॉप्टर उतारकर नौ ट्रायल परीक्षण किए। ये परीक्षण दो अप्रैल 2024 को अलसुबह 03.45 बजे से लेकर 04.30 बजे के बीच सूरज उगने से पहले सम्पन्न किए गए। इन परीक्षणों के समय हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया था।

जम्मू-कश्मीर में इस तरह का यह पहला अभ्यास था। भोर के वक्त सन्नाटे को चिनूक हेलीकॉप्टर, एमआई-17 हेलीकॉप्टर एवं एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर की गर्जनाओं ने भंग कर दिया। इन श्रेणी के पांच हेलीकॉप्टर जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की आपातकालीन हवाई पट्टी पर उतरे और कुछ समय बाद आसमान में उड़ गए। थोड़ी देर बाद वे पुनः रनवे के ऊपर मंडराने लगे। देखते ही देखते हवा में रहते हुए इनमें सवार सैनिक नीचे उतर आए। इसी बीच एक हेलीकॉप्टर से रस्सियों की मदद से सैनिक साजो-सामान नीचे सड़क पर उतारा गया। इसके बाद बिना देर किए एक अन्य हेलीकॉप्टर ने इस सामान को ऊपर खींच लिया। इस तरह वायु सेना ने आपातकालीन परिस्थितियों या यूं कहिए कि पाक या चीन से लड़ाई के समय शत्रु से निपटने की अपनी सैन्य तैयारियों का आकलन किया। रनवे पर लैंडिंग व अन्य तैयारियों के इन ट्रायल परीक्षणों में करीब ढाई घंटे का समय लगा। विदित हो कि पाकिस्तान और चीन की समरतांत्रिक चालों और यौद्धिक स्थितियों से मुकाबले को ध्यान में रखकर ही अनंतनाग के बिजबेहड़ा हाईवे पर इस हवाई पट्टी का निर्माण किया गया है। पाकिस्तान या चीन के खिलाफ इस हवाई पट्टी से वायु सेना के लड़ाकू विमानों को उड़ान भरने में मुश्किल से एक या डेढ़ मिनट का समय लगेगा। कहने का तात्पर्य यह है कि अत्यन्त कम समय में भारतीय वायु सेना के फाइटर विमान शत्रु के विमानों का मुकाबला करेंगे। उड़ान भरने के बाद मात्र तीन मिनट में ये पाकिस्तानी सीमा पर और पांच मिनट में पूर्वी लद्दाख में चीन सीमा पर पहुंच जाएंगे। इस तरह यह समझा जा सकता है कि हम कितनी जल्दी मुहंतोड़ जवाब देने लायक बन गए हैं। इस अभ्यास के बाद जम्मू-कश्मीर आपातकालीन लैंडिंग की सुविधा वाला देश का पहला केन्द्र शासित प्रदेश बन गया है। वर्तमान में आपातकालीन लैंडिंग की सुविधा देश के तीन राज्यों उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश एवं राजस्थान में उपलब्ध है। इस अभ्यास में अमेरिका निर्मित चिनूक हेलीकॉप्टर को शामिल किया गया। चिनूक को हाल ही में वायु सेना में शामिल किया गया है। इस ट्रायल परीक्षण में दो चिनूक

हेलीकॉप्टर, रूस निर्मित एक एमआई-17 और दो उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर जम्मू-श्रीनगर के राष्ट्रीय राजमार्ग के वानपोह-संगम मार्ग पर उतरे थे। यह राजमार्ग कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। इस हवाई पट्टी का निर्माण 119 करोड़ रुपये की लागत से वर्श 2020 में शुरू हुआ था। इस हवाई पट्टी का रणनीतिक उद्देश्यों के साथ-साथ प्राकतिक आपदाओं के दौरान बचाव तथा राहत कार्यों के लिए भी किया जा सकेगा।

इस अभ्यास में जिस चिनूक हेलीकॉप्टर को शामिल किया गया उसका उपयोग भारी वजन उठाने के लिए किया जाता है। इस हेलीकॉप्टर की उड़ान की अधिकतम गति 130 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसके मुख्य केबिन में करीब तीन दर्जन पूर्णतया सुसज्जित सैनिक बैठ सकते हैं। इस हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल चिकित्सकीय कार्यों के लिए भी किया जा सकता है। इस कार्य के लिए इसमें दो दर्जन के लगभग स्ट्रेचरों को समायोजित किया जा सकता है। जो एमआई-17 हेलीकॉप्टर इस परीक्षण में शामिल था उसमें भी लगभग तीन दर्जन सैनिकों के बैठने की व्यवस्था है। यह हेलीकॉप्टर हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है। यह दो इंजनों वाला पूर्ण रूप से स्वदेशी हेलीकॉप्टर है। इसका अधिकांश उपयोग घायल सैनिकों को निकालने और उन्हें सुरक्षित जगह पर पहुंचाने के लिए तथा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत व बचाव कार्यों में किया जाता है। इसी तरह 8 अप्रैल 2024 को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से मात्र 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पहली एयर स्ट्रिप पर वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने हुंकार भरी। यह अवसर था वायु सेना के तीन दिवसीय अभ्यास के बाद हवाई पट्टी के हैंड ओवर का। इस कारण इस हवाई पट्टी पर वायु सेना ने 6 अप्रैल को ही अपना डेरा डाल दिया था। अभ्यास के तहत आठ अप्रैल को इस हवाई पट्टी पर 9.45 बजे पहला तेजस लड़ाकू विमान टच एंड गो करवाकर उतारा गया। इसके बाद जगुआर लड़ाकू विमान व सी-295 तथा एएन-32 जैसे परिवहन विमान उतारे गए। यह अभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह हवाई पट्टी राजस्थान राज्य के बाड़मेर में नेशनल हाईवे-925 ए पर बनी इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड है। विदित हो कि सामरिक रूप अत्यन्त महत्वपूर्ण इस हवाई पट्टी का लोकार्पण 9 सितम्बर 2021 को किया था। इसका उद्घाटन परिवहन विमान सी-130 जे हरक्यूलिस की आपातकालीन लैंडिंग अभ्यास से किया गया। जिस समय ये इमरजेंसी लैंडिंग ड्रिल हुई उस समय सी-130 जे हरक्यूलिस परिवहन विमान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी एवं सीडीएस जनरल विपिन कुमार रावत सवार थे। इस दौरान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर.के.एस.भदौरिया भी वहां उपस्थित थे। दोनों मंत्रियों के सामने सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान, सैन्य परिवहन विमान एएन-32 और एमआई-17 वी हेलीकॉप्टर ने आपातकालीन लैंडिंग की थी। उद्घाटन के पश्चात रक्षा मंत्री ने कहा था कि अब देश की सामरिक जरूरतों के हिसाब से यह नया प्रयोग रणनीतिक क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। तब उन्होंने जानकारी दी थी कि देश में ऐसी ही 20 हवाई पट्टियां और बनाई जाएंगी। इन्हीं को अब तेजी से पूरा किया जा रहा है।

हाईवे पर रनवे सबसे पहले द्वितीय विश्व युद्ध के समय जर्मनी में बनाया गया था। इसके बाद उत्तरी कोरिया, ताईवान, स्वीडन, फिनलैंड, स्विटजरलैंड, पोलैंड एवं चेकोस्लावाकिया में बनाए गए। स्वीडन में पहला रनवे 1949 में शुरू हो गया था। सन 1967 में मिस्र के साथ युद्ध में जिस तरह इसका इस्तेमाल हुआ उससे इस व्यवस्था को और बढ़ावा मिला। पोलैंड ने अपने यहां सन 2003 में हाईवे स्ट्रिप तैयार की थी। ऑस्ट्रेलिया में हाईवे के कई हिस्सों को रनवे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। दक्षिण कोरिया में भी हाईवे रनवे बनाए जा चुके हैं। अब भारत भी इस श्रेणी में आ गया है।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सियासत

योगेश कुमार सोनी

कांग्रेस-आप अपनी अपनी डफली

आम आदमी पार्टी की मुसीबतें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। पहले से ही पार्टी के चोटी के नेता जेल में थे तो कुछ दिन पहले पार्टी के संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जेल गए। अभी पार्टी इस हादसे से उभरी भी नही थी कि बीते बुधवार पटेल नगर से विधायक राजकुमार आनंद ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और इसके बाद उन्होंने पार्टी भी छोड़ दी। उन्होंने इस्तीफा देते हुए पार्टी पर भ्रष्टाचार को लेकर कई तरह के सवाल उठा दिए। इन सब मामलों को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता भाजपा पर सवालिया निशान उठाते हुए जुलूस निकाल रहे हैं। बीते कुछ दिनों से आम आदमी पार्टी के साथ कुछ ऐसा हुआ कि उन्होंने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी। दिल्ली लोकसभा की सात सीटों पर आम आदमी पार्टी का 4 व कांग्रेस का 3 सीटों के आधार पर बंटवारा हुआ है, लेकिन जैसे ही केजरीवाल जेल गए कांग्रेस ने आंतरिक तौर पर आप से किनारा कर लिया। दरअसल मामला यह है कि आम आदमी पार्टी के नेता कांग्रेस से विरोध प्रदर्शन के लिए कांग्रेस का समर्थन मांग रहे हैं, जिस पर कांग्रेस ने स्पष्ट मना कर दिया। बीते सोमवार एक कांग्रेस नेता प्रदर्शन में शामिल भी हुए, लेकिन जैसे ही इसकी खबर बड़े पद पर आसीन नेताओं को मिली तो उन नेता जी को बहुत फटकार पड़ी। इसके अलावा कई नेताओं से संपर्क किया, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने अपनी व्यथा बताते हुए दूरी बना ली। पूर्वी दिल्ली में आप व कांग्रेस की नोक-झोंक भी होती दिखी लेकिन समय रहते स्थिति को संभाल लिया। देखा जा रहा है कि पूरी दिल्ली में हो रहे प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के साथ कहीं भी कांग्रेस खड़ी नजर नही आ रही। इस घटना से दोनों में भारी द्वंद्वता बढ़ती जा रही है, लेकिन गठबंधन के चलते खुलकर विरोध भी नहीं कर सकते। यदि परिस्थितियां ऐसी ही रही हो तो चुनावी समय में वो ऊर्जा नहीं दिखेगी जिस आधार पर गठबंधन हुआ था। ऐसी परिस्थिति से यह तो तय हो रहा है कि यदि गठबंधन द्वारा इन दोनों पार्टियों की कुछ सीटें आ भी गई तो वह चुनाव के बाद तुरंत अलग हो जाएंगे। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी एक दूसरे की प्रतिद्वंद्वी पार्टी हैं। दोनों दलों ने हमेशा एक-दूसरे का जमकर विरोध किया है। फिलहाल में दिल्ली की स्थिति को समझना होगा कि यदि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के संदर्भ में चर्चा करें तो आंतरिक तौर पर कांग्रेस खुश है, जो कि उसका बनता भी है चूंकि केजरीवाल ने यदि किसी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया तो वह कांग्रेस है। दिल्ली में केजरीवाल का जितना वोट बैंक है वह सारा कांग्रेस का है। हाल ही में आम आदमी पार्टी के सभी चोटी के नेता जेल में हैं और प्रचार करने व अपनी बात रखने के लिए कोई बड़ा नेता जनता के बीच मौजूद नही हैं तो इससे कांग्रेस भरपूर फायदा उठा सकती है और दिल्ली के कुछ इलाकों में इसकी शुरूआत भी हो चुकी है, लेकिन कांग्रेस को नुकसान भी देखने को मिल रहा, चूंकि इस बार दोनों गठबंधन में उतरी है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का बंटवारा हुआ है, तो फाइट में कांग्रेस के पास कुछ बड़ा करने के लिए नही हैं। हां, लेकिन आगामी चुनाव पर आंतरिक तौर पर कांग्रेस अपने पुराने वोटरों को जोड़ने में जुट जरूर गई है। आम आदमी पार्टी चारों ओर से घिर चुकी है। हालांकि डूबते को तिनके के सहारे वाली तर्ज पर संजय सिंह का जेल से रिहा होना पार्टी को कुछ ऊर्जा तो दे रहा है,लेकिन इतने बडे चुनाव में वह अकेले किला जीतने के सार्थक नहीं माने जा सकते है। भारतीय राजनीति में गठबंधन का कोई नियम नहीं होता चूंकि सब अपनी जीत के लिए किसी से भी गठबंधन कर लेते हैं, लेकिन आज सोशल मीडिया का दौर है लोगों के पास पुरानी वीडियो सुरक्षित रहते हैं और जैसे ही कोई मौका आता है वह सारे वीडियो सोशल मीडिया पर दिखने लगते हैं। टिकाऊ की नहीं बस जिताऊ की तर्ज पर गठबंधन बनने लगा। यदि दशकभर पुरानी राजनीति को देखा जाए तो वह दोनों दल जो साथ जुड़े होते थे। गठबंधन से जुड़े कार्यकर्ता एक-दूसरे को अपना समझते थे। खेल का अब गुणवत्ताओं से कोई लेना-देना नहीं, जिसको जनता भी भली भांति समझ रही है। बहरहाल, कुछ बेसिक मानक यह कहते हैं कि जिसके साथ आप जब तक जुड़े हो तब तक तो साथ दो अन्यथा इससे क्षति एक तरफ नहीं बल्कि दोनों तरफ होने की संभावना बनी रहती है। लोकसभा चुनाव को लेकर समझें तो दिल्ली में वोट बैंक को लेकर त्रिकोणीय मुकाबला बना रहता है। प्रथम बीजेपी, दूसरा स्थान आम आदमी पार्टी व तीसरे नंबर पर कांग्रेस रहती है। दोनों विपक्षी दलों ने इस बार घेरने का प्रयास तो भरपूर किया है लेकिन केजरीवाल के जेल जाने से सारे समीकरण बिगड़ रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लोकहित में त्याग करने वाले मानव ही बनते हैं संत



संकलित

दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्रा का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

सुख-दुख आते-जाते रहेंगे, हमें भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए

संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

अंतर्मन



आज की पाती

उचित खानपान और जीवन शैली लिवर रखेगी दुरुस्त

19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को लिवर को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करना भी है। हमारे शरीर के वैसे तो सभी अंगों का तंदुरुस्त होना हमारे लिए वरदान है, लेकिन हमारे शरीर के कुछ अंग ऐसे भी हैं जिनमें अगर हमारे गलत खानपान और जीवनशैली के कारण दिक्कत आती है तो यह हमारी जिंदगी को मुश्किलों में डाल देते हैं। इन्हीं जरूरी अंगों में से एक है, लिवर। लिवर की देखभाल और इसे सुरक्षित रखने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से लिवर डे मनाने का फैसला लिया गया था।

- सुधीर चौधरी, महासमुंद

ट्रेंड

मिलकर काम करते हैं

मैंने संबलपुर की अपार संभावनाओं के बारे में विकसित ओडिशा, विकसित भारत के प्रमुख भागीदार चैटर्ड अकाउंटेंट्स से बात की। विकसित भारत में संबलपुर की भूमिका और प्रधानमंत्री के प्रति जनता के भरोसे पर बात हुई। मोदी की गारंटी में हम सब संबलपुर के विकास के लिए मिलकर काम करते हैं।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

ज्यादा सोच रहा इंसान

यदि आप सफलता चाहते हैं, तो सबसे महत्वपूर्ण बात यह सुनिश्चित करना है कि आप इसमें बाधा नहीं हैं। इंसान अपने बारे में बहुत ज्यादा सोच रहा है। यहां जो कुछ हो रहा है हम उसका एक छोटा सा हिस्सा हैं।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

सावधानी से डालें अपना वोट

हमारे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई आज से शुरू हो रही है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान करने वाले 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के नागरिकों, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि अपना वोट सावधानी से डालें।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

अभूतपूर्व रूप से लोकप्रिय

मुझे सिडवैट 1 और योग में उनके कौशल के बारे में पता नहीं था। विम हॉफ के ऐप ने उनकी सांस लेने और सहनशक्ति तकनीकों को अभूतपूर्व रूप से लोकप्रिय बना दिया है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

करंट अफेयर

फलस्तीन के पूर्ण सदस्यता प्रस्ताव पर अमेरिकी वीटो

फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अमेरिका के 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल करने की इजराइल ने सराहना की, लेकिन फलस्तीन ने इसे अनुचित और अनैतिक करार देते हुए इसकी आलोचना की है। सुरक्षा परिषद में एक मसौदा प्रस्ताव पर बृहस्पतिवार को मतदान हुआ। इसके पारित होने पर 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा यह सिफारिश करती कि फलस्तीन को इस वैश्विक संस्था के सदस्य के रूप में स्वीकार किया जाए। सुरक्षा परिषद के कुल 15 सदस्य देश हैं। प्रस्ताव के समर्थन में 12 वोट पड़े, जबकि स्विटजरलैंड और ब्रिटेन ने मतदान से दूरी बना ली और अमेरिका ने 'वीटो' किया। मसौदा प्रस्ताव को पारित करने के लिए इसके समर्थन में सुरक्षा परिषद के कम से कम नौ सदस्यों के वोट देने की जरूरत थी और यूएनएससी के पांच स्थायी सदस्य देशों में से किसी को भी अपनी 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल नहीं करना था। सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य देश चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं। पूर्ण सदस्य देश का दर्जा प्राप्त करने की फलस्तीन की कोशिश 2011 में शुरू हुई थी।

ऑफ बीट

यूएई में प्राचीन मानव रिहाइश का मिला सबूत

यदि आप ऊपर से देखते हैं, तो आप अरब प्रायद्वीप के परिदृश्य में हजारों पत्थर की संरचनाएँ देख सकते हैं। ज़मीन पर, आप प्राचीन झीलों के किनारों पर बिखरे हुए ढेर सारे पत्थर के औजार और प्राचीन चिमनियाँ पा सकते हैं, साथ ही आसपास के पहाड़ों में शिकार और चरवाहे के दृश्यों से भरी रॉक कला भी देख सकते हैं। इन स्थलों के एकदम नजर के सामने होने के बावजूद, पिछले लगभग एक दशक में ही पुरातत्वविदों ने इनमें समर्पित रुचि ली है। कुछ संरचनाएँ अब 10,000 वर्ष पुरानी बताई गई हैं। हालाँकि, शुष्क जलवायु, तपते दिन और ठंडी रातें, और तेज़ हवा के कटाव के कारण कुछ अन्य अवशेष ऐसे नहीं हैं कि इन्हें पुरातत्वविदों के लिए बहुत उपयोगी कहा जाए। आज तक, जीवाश्मों या गहराई से दबे, स्तरित निक्षेपों के बारे में बहुत कम जानकारी मिली है जो किसी स्थान के इतिहास के बारे में एक खिड़की खोल सकें। हाल तक, किसी भी पुरातत्वविद् ने उत्तरी अरब में दर्ज सैकड़ों गुफाओं और लावा ट्यूबों में से किसी का भी सर्वेक्षण नहीं किया था। 2019 में, हमारी टीम ने इन भूमिगत स्थानों को देखना शुरू किया – और पीएलओएस वन में आज प्रकाशित एक नए अध्ययन में, हम अरब प्रायद्वीप में लावा ट्यूब के पहले प्रलेखित कब्जे की जानकारी देने जा रहे हैं।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

इशारों-इशारों में राहुल-अखिलेश पर
कसा तंज

पहले से ही रिजेक्ट यूपी के दो शहजादों की फिल्म फ्लॉप

विपक्ष परिवारवाद, तुष्टीकरण वंशवाद से नहीं निकला 'बाहर'

पीएम मोदी ने अमरोहा सीट से भाजपा प्रत्याशी तंवर के समर्थन में जनसभा की

एजेंसी ▶▶| अमरोहा

पीएम नरेंद्र मोदी ने गजरौला में अमरोहा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सपा-कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कहा कि प्रदेश में दो शहजादों की जोड़ी घूम रही है, उनकी फिल्म शूटिंग चल रही। वे आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग जरूर करें। विशेषकर मैं अपने युवाओं से आग्रह करूंगा, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं कि वे ऐसा मौका जाने न दें।

पीएम ने कहा कि यह चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। आप का एक एक वोट भारत के भाग्य को सुनिश्चित करेगा। भाजपा गांव, गरीब के लिए बड़े विजन और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है। लेकिन इंडि गठबंधन के लोगों की सारी शक्ति गांव, देहात को पिछड़ा बनाने में लगती है। इस मानसिकता का बड़ा नुकसान अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों को उठाना पड़ा है।

. मोदी ने गजरौला में अमरोहा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।सपा-कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कहा प्रदेश में दो शहजादों की जोड़ी घूम रही है, उनकी फिल्म शूटिंग चल रही। वह हमारी आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं ,जिनकी फिल्म पहले ही फ्लाप हो चुकी है। लोगों ने उन्हें बाहर कर दिया है।

केंद्र सरकार ने सभी वर्गों को किया लाभान्वित

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश में टेक्सटाइल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए टेक्सटाइल पार्क बना रही है। इसका लाभ भी अमरोहा के गारमेंट उद्योग को मिलेगा। रोजगार पैदा होंगे। भाजपा सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना और मुद्रा योजना का लाभ भी यहां के साथियों को हो रहा है। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में जो हुआ है, वह तो अभी केवल एक ट्रेलर है। अभी तो हमें यूपी और देश को बहुत आगे लेकर जाना है।पीएम ने कहा कि सीएम योगी गन्ना किसानों की चिंता की। अमरोहा के गन्ना किसान कभी नहीं भूल सकते कि पहले उन्हें भुगतान के लिए कितना परेशान किया जाता था। लेकिन आज प्रदेश में गन्ने की रिकॉर्ड खरीद के साथ ही रिकॉर्ड भुगतान हो रहा है।

उन्हें भारत माता की जय तक बोलना मुनासिब नहीं

हर बार विपक्षी परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की टोकरी उठाकर यूपी की जनता से वोट मांगने निकल पड़ते हैं। अपने इस अभियान में ये लोग हमारी आस्था पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। यहां से जो कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, उन्हें तो भारत माता की जय बोलने में भी परेशानी होती है। अमरोहा के तिगरी मेले में बाधा डालते हैं। कांग्रेस के प्रत्याशी को भारत माता की जय बोलने तक में आपत्ति थी। उन्हें संसद में जाने का हक नहीं मिलना चाहिए।

सभी को मिलेगा हक

पीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि अब सभी को पक्का घर मिलेगा। यही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जब आप चुनाव प्रचार करने गांवों में जाएंगे वहां दो-चार लोग ऐसे मिल जाएंगे जिनको अभी घर और नल से जल योजना का लाभ नहीं मिला है। कुछ लोगों को गैस कनेक्शन भी नहीं पहुंचा हो। अगर कोई छूट गया हो तो आप पूरे विश्वास के साथ कहना। तीसरी बार मोदी के आने के बाद जो बाकी काम रह गए वह भी पूरे हो जाएंगे।

सपा-कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

पीएम ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बना, तो सपा-कांग्रेस दोनों पार्टियों में प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। ये लोग आए दिन राम मंदिर और सनातन आस्था को गालियां दे रहे हैं। अभी रामनवमी पर प्रभु रामलला का भव्य सूर्य तिलक हुआ है। आज जब पूरा देश राममय है, तब समाजवादी पार्टी के लोग रामभक्ति करने वालों को सार्वजनिक रूप से पाखंडी कहते हैं।

शहजादे ने द्वारका पूजा का मजाक उड़ाया

पीएम ने कहा कि इंडि गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं। अभी मैं द्वारका गया और समुद्र में नीचे जाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की। लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि समुद्र के नीचे पूजा करने योग्य कुछ है ही नहीं। हमारी हजारों वर्ष की आस्था और भक्ति को ये लोग सिर्फ वोटबैंक के लिए खारिज कर रहे हैं।

यहां एक गूंज फिर एक बार मोदी सरकार

उन्होंने कहा कि अमरोहा की एक ही थाप है कमल छाप और अमरोहा का एक ही स्वर है फिर एक बार मोदी सरकार। पीएम ने कहा कि अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है।भाजपा गांव, गरीब के लिए बड़े विजन और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है, लेकिन इंडिया गठबंधन के लोगों की सारी शक्ति गांव, देहात को पिछड़ा बनाने में लगती है। इस मानसिकता का सबसे बड़ा नुकसान अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों को उठाना पड़ा है।

कोल्लम में राजनाथ का संबोधन

पीएम मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

कोल्लम। एक जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एक बार राजीव गांधी ने कहा था कि भारत में भ्रष्टाचार इस स्तर का है कि अगर मैं केंद्र से 100 पैसे भेजता हूं तो जमीन तक केवल 14 पैसे पहुंचते हैं और 86 पैसे भ्रष्टाचार में चले जाते हैं। उन्होंने अपनी बेबसी जाहिर की है लेकिन इसका कोई उपाय नहीं बताया है। स्वतंत्र भारत में पीएम मोदी एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने इस चुनौती को स्वीकार किया है। उन्होंने आज 100 पैसे में जनधन, आधार और मोबाइल की त्रिमूर्ति स्थापित की है दिल्ली के बैंक से भेजे जाते हैं, आपकी जेब में 100 पैसे पहुंचते हैं और एक भी पैसा भ्रष्टाचार में नहीं जाता। जवाहर लाल नेहरू हों, इंदिरा गांधी हों या राहुल गांधी हों, सबने कहा कि हम गरीबी हटाएंगे, लेकिन ये पीएम मोदी हैं जिन्होंने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला।

राहुल ने केरल में भाजपा पर किया हमला

भाजपा एक इतिहास, एक राष्ट्र और एक भाषा थोप रही

कन्नूर। कन्नूर में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस और यूडीएफ भारत की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम कई भाषाओं, कई परंपराओं, विभिन्न इतिहास और हमारे सभी लोगों की विभिन्न अभिव्यक्तियों को स्वीकार करते हैं। भाजपा भारत के लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र और एक भाषा थोपना चाहती है। उदाहरण के लिए अगर आप केरल से मलयालम हटा देते हैं, तो राज्य में एक मां अपने बच्चों को इस महान भूमि का इतिहास कैसे समझायेगी।

सीएम ममता ने की मुस्लिमों से बड़ी अपील

वोट दिए बिना मत जाना, वरना छिन जाएगी नागरिकता

कोलकाता। दूसरी ओर अगले चरण की वोटिंग को लेकर राजनीतिक दल जमकर चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं। इस दौरान पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने ईद मनाने बंगाल आए मुस्लिम प्रवासी मजदूरों से अपील की है कि वे लोग वोट डाले बिना न जाएं, वरना उनकी नागरिकता भी छीनी जा सकती है।ममता मुर्शिदाबाद में थीं, जहां रामनवमी के दिन शोभायात्रा पर पथराव की घटना सामने आई थी। इसके चलते भाजपा उन पर हमलावर है। ऐसे में सीएम ने यहां भाजपा को आड़े हाथों लेने का प्रयास किया और सवाल उठाया कि लोग हथियार लेकर शोभायात्रा क्यों निकाल रहे थे। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि आपको यह हथियार किसने दिए थे।

मतदान में दिखा जज्बा

दादा जी को सलाम! चल नहीं सकते तो डोली में बैठ कर मतदान महादान को चरितार्थ किया

उत्तरकाशी। उत्तराखंड की सभी पांच लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। पोलिंग बूथों पर मतदाताओं का उत्साह देखते ही बना। बुजुर्ग, महिलाएं और युवा तो वोट देने पहुंचे साथ ही दिव्यांग जन भी किसी से पीछे नहीं रहे। यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र के तुल्याड़ा बूथ पर वोट देने पहुंचे विमल सिंह को देखकर हर कोई उनके जज्बे को सलाम कर रहा है। चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग मतदाता विमल सिंह तुल्याड़ा बूथ पर मतदान के लिए पहुंचे तो हर कोई उन्हें देखता ही रह गया। दिव्यांग व मतदान करने के लिए डोली में बैठ कर वोट देने पहुंचे।

उधमपुर में परिवार के साथ वोट डालने पहुंचा नेत्रहीन

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर-कठुआ लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान जारी है। लोग बारिश में भी घर से निकलने वोट डालने पहुंच रहे हैं। बुजर्ग, महिलाओं और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उधमपुर में नेत्रहीन साईद मोहम्मद ने जज्बा दिखाते हुए घर से बाहर निकलकर वोट डालने पहुंचे। नेत्रहीन साईद मोहम्मद ने अपनी पत्नी और बेटी के साथ उधमपुर के एक पोलिंग स्टेशन पर मतदान किया।

चुनाव से हटे राकांपा के छगन भुजबल

बहुत समय बीत चुका है, अब नहीं लड़ूंगा

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और अजित पवार की राकांपा नेता छगन भुजबल ने चुनाव से हटने की घोषणा की है। भुजबल ने कहा कि मैं लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा। उनके नासिक से राकांपा के उम्मीदवार होने की संभावना थी। भुजबल ने घोषणा करते कहा कि बहुत अधिक समय बीत चुका है। अब और देरी से सीट पर महायुति की संभावनाओं पर असर पड़ेगा।

अधीररंजन ने भाजपा नेता को दिया धक्का



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रामनवमी पर हुई हिंसा पर सियासी तकरार बढ़ गई है। हिंसा में घायल हुए लोगों को देखने जब कांग्रेस नेता और स्थानीय सांसद अधीर रंजन चौधरी मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे तो उन्हें प्रदर्शनकारियों के गुस्से का शिकार होना पड़ा। चौधरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करने लगे। इसके बाद वहां हालात बिगड़ गए। कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता आपस में उलझ गए।

मतदान केंद्र के बाथरूम में लहूलुहान मिला जवान

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के माथाभांगा में चुनाव ड्यूटी में लगे सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि जवान बाथरूम में गिर गया था, इससे उसके सिर में चोट आई। इसके बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां मौत हो गई। यह घटना गुरुवार रात की है। लोगों ने देखा तो जवान को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

दमोह में एक बड़ी सभा में पीएम मोदी ने भरी हुंकार

केंद्र सरकार, जो न दबती है न झुकती है, हमारा सिद्धांत तो राष्ट्र प्रथम, कांग्रेस ने हथियार खरीदी में सिर्फ स्वार्थ देखा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दमोह में एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा का यह चुनाव भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि आज देश में भाजपा की वह सरकार है, जो न किसी से दबती है और न किसी के सामने झुकती है। हमारा स्पष्ट सिद्धांत है- राष्ट्र प्रथम।

उन्होंने कहा कि देश भर में भाजपा-एनडीए की अभूतपूर्व लहर है। दमोह समेत पूरे मध्य प्रदेश के मेरे परिवारजन इस बार मतदान का नया कीर्तिमान बनाने जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि दशकों तक कांग्रेस ने भारत के डिफेंस सेक्टर को कमजोर बनाए रखा। ये लोग सेनाओं के लिए हथियार खरीदने में भी अपना स्वार्थ देखते थे। उन्होंने कहा कि कैसे इन लोगों ने पूरी ताकत लगा दी कि वायुसेना को राफेल लड़ाकू विमान न मिल पाए। कांग्रेस की सरकार रही होती तो तेजस फाइटर प्लेन भी आसमान की बुलंदियां नहीं देख पाता। भाजपा सरकार है जो हमारी सेनाओं को आत्मनिर्भर बना रही है।

विपक्ष को बेचैन कर रही है मोदी की गारंटी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही है। वे कहते हैं कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनी तो आग लग जाएगी। इंडी गठबंधन के लोग मोदी को आए दिन धमकियां दे रहे हैं लेकिन मोदी इनकी धमकियों से न पहले डरा है और न कभी डर सकता है। मोदी ने कहा कि 2014 से पहले देश में चारों तरफ निराशा का माहौल था, उस समय मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था। 2019 में मोदी दोबारा आया तो विश्वास लेकर आया और आज 2024 में मोदी आपके पास गारंटी लेकर आया है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी। जिनके पास गारंटी देने के लिए कुछ नहीं है उनकी गारंटी मोदी ने ली है।

इनके नेतृत्व में मप्र में भाजपा ने नया इतिहास रचा

प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि विष्णुदत्त शर्मा दिखते दुबले-पतले हैं लेकिन इनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में भाजपा ने नया इतिहास रच दिया है।

वे आस्था का अपमान करते हैं

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी-गठबंधन वाले हमारी आस्था का अपमान करने में जुटे हैं। ये लोग कहते हैं कि हमारा सनातन डेंगू है, मलेरिया है। श्रीराम का भव्य मंदिर बना है, ये घोर विरोधी हैं।

मध्यप्रदेश के ग्वालियर में आग ही आग

तीन जगहों पर उठी लपटें, दमकल की गाड़ियों ने मशक्कत के बाद पाया काबू

एजेंसी ▶▶| ग्वालियर

मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में भीषण आग का मामला सामने आया है। यहां के रंग महल और संगम वाटिका में आग लग गई है। आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है।

मौके पर दमकल की गाड़ियां मौजूद हैं। इसके साथ ही ग्वालियर के रुठियाई रेलवे स्टेशन पर भी आग का मामला सामने आया है। यहां लगी आग ने धीरे-धीरे स्टेशन के पास के कई कमरों को अपनी चपेट में ले लिया है। आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर दमकल की गाड़ियां मौजूद हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश के ग्वालियर में भी लगी आग की घटनाओं पर काबू पा लिया गया है। इन सभी घटनाओं में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है।



शादी के दौरान गेस्ट हाउस भी जला

ग्वालियर और गुना में आग की घटनाओं से अफरा-तफरी मच गई। ग्वालियर में अलग-अलग जगहों पर आग का मामला सामने आया है। ग्वालियर के एक गेस्ट हाउस में शादी चल रही थी। शादी के दौरान गेस्ट हाउस में भी आग भड़क गई। दमकल की टीम पहुंचने के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। अंदर फंसे लोगों को बाहर भी निकाला गया।इससे पहले झारखंड में भी आग की एक घटना सामने आई थी।

संगम वाटिका में भी आग

पहला मामला ग्वालियर का है। यहां के संगम वाटिका में भीषण आग लग गई। जब संगम वाटिका में आग लगी, उस समय गार्डन में शादी हो रही थी। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के साथ ही वहां फंसे लोगों को भी गार्डन से बाहर निकाला गया।

खबर संक्षेप

आईनॉक्स विंड को हीरो फ्यूचर से मिला ठेका

नई दिल्ली। पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता आईनॉक्स विंड ने हीरो फ्यूचर एनर्जीज (एचएफई) से फिर 210 मेगावाट का ठेका हासिल किया है। बयान में कहा गया, इसके अतिरिक्त आईनॉक्स विंड इसके पूरा होने के बाद बहु-वर्षीय संचालन तथा रखरखाव (ओएंडएम) सेवाएं भी प्रदान करेगा। बयान के अनुसार, यह ठेका (आईडब्ल्यूएल) आईनॉक्स विंड लिमिटेड के अत्याधुनिक तीन मेगावाट विंड टर्बाइन जेनरेटर (डब्ल्यूटीजी) के लिए है।

एल्जी ने ऑइल-ल्युब्रिकेटेड स्क्रू एयर कंप्रेसर्स की ईजी सुपर प्रीमियम रेंज लॉन्च की

नई दिल्ली। दुनिया के प्रमुख एयर कंप्रेसर निर्माताओं में से एक, एल्जी इक्विपमेंट्स (बी एस ई.: 522074 एन एस ई: एल्जी इक्विपमेंट्स) ने ऑइल-ल्युब्रिकेटेडब स्क्रू एयर कम्प्रेसर्स के मशहूर ईजी सीरीज पोर्टफोलियो में नये उत्पाद ईजी एसपी (सुपर प्रीमियम) की पेशकश की है। ये नई मशीनें कंप्रेस्ड एयर टेक्नोलॉजी में उल्लेखनीय प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है और उपभोक्ताओं को अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन वॉरंटी एवं परफॉर्मेंस देती है, जिससे बिजली की खपत में 15 फीसदी की कमी आती है, और साथ ही 90-110 किलोवाट की कंप्रेसर रेंज में इसके जीवन भर इस्तेमाल करने की लागत भी कम आती है। नए अपग्रेडेड एल्जी ईजी एसपी यूनिट्स में नए तरीके से संयोजित किए गए दो चरणों के एयरएंड्स शामिल हैं। इसमें प्रमाणित -V प्रोफाइल भी है, जो पूरी कंप्रेशन प्रक्रिया को आदर्श बनाता है। इससे बिजली की खपत में 15 फीसदी की बचत होती है। कम रफ्तार के एयरएंड्स और हर स्टेज पर कम वजन वाले ईजी एसपी (सुपर प्रीमियम) की रेंज कंपोनेंट के जीवन में बढ़ोतरी सुनिश्चित करती है।

बजाज ने पेश की नई दमदार पल्सर एन250, कंपनी ने किए 5 बड़े बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बजाज ऑटो तेजी से अपना पोर्टफोलियो विस्तार कर रही है। कंपनी भारतीय बाजार के लिए मोटरसाइकिलों की पल्सर रेंज को अपडेट कर रही है। हाल ही में घरेलू निर्माता ने 2024 पल्सर एन250 को लांच किया है, जिसका पहला वैरिएंट हमने नवंबर 2021 में देखा था। दोपहिया वाहन निर्माता ने 2024 के लिए पल्सर एन250 में कई बदलाव किए हैं। 2024 के लिए बजाज ऑटो ने दो न्यू कलर स्कीम जोड़ी है। इसमें ग्लॉसी रेसिंग रेड और पर्ल मेटैलिक व्हाइट शामिल है। बजाज पल्सर एन250 के लिए भी ब्रुकलिन ब्लैक कलरवे की पेशकश कर रहा है। कलर ऑप्शन की बात करें तो इसमें नए ग्राफिक्स भी हैं, जो तीनों कलर ऑप्शन को मिलते हैं।

पल्सर एन 250 की एक्स शोरूम कीमत 1.51 लाख के करीब

ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसे फीचर्स

इसमें एक नया स्विचगियर होगा। साथ ही मोटरसाइकिल चलाते समय राइडर कॉल उठा और कट कर सकेगा। इसमें एक बजाज राइड कनेक्ट एप्लिकेशन होगा, जिसका उपयोग मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन को कनेक्ट करने के लिए किया जाएगा। इसका मतलब है कि क्लस्टर को ब्लूटूथ कनेक्टिविटी भी मिलती है।

गियर पोजीशन इंडिकेटर

2024 के लिए बजाज ने पल्सर एन250 में नया डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर जोड़ा है। यह वही यूनिट है, जिसने पल्सर एन150 और पल्सर पर अपनी शुरुआत की थी। नया क्लस्टर गियर पोजीशन इंडिकेटर, मोबाइल नोटिफिकेशन अलर्ट, फ्यूल टैंक इकोनॉमी, खाली होने की दूरी, औसत फ्यूल इकोनॉमी और टाइम जैसी जानकारी दिखाता है। इसके अलावा नॉर्मल ट्रिप मीटर, ओडोमीटर, स्पीडोमीटर और फ्यूल गेज होंगे।

नए सेफ्टी फीचर्स

पल्सर एन250 पहले से ही डुअल-चैनल एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम के साथ आया था। हालांकि, अब बजाज ने तीन एबीएस मोड जोड़े हैं। इसमें रोड, बारिश और ऑफ-रोड है। इसके अलावा इसमें ट्रैक्शन कंट्रोल भी मौजूद है। बजाज पल्सर एन250 में एकमात्र हार्डवेयर परिवर्तन सामने में यूएसडी फोर्क्स को शामिल करना है। वे मोटरसाइकिल की राइडिंग क्वॉलिटी को रिफाइन करते हैं।

पल्सर एन250 कीमत

इसके कीमत की बात करें तो 2024 बजाज पल्सर एन250 की कीमत में मामूली बढ़ोतरी हुई है। अब इसकी कीमत 1.51 लाख (एक्स-शोरूम) तक पहुंच गई है।

सोना 400 रुपए मजबूत होकर 74 हजार के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतें नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के कारण सोना 74,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर चला गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि दिल्ली में सोना 400 रुपये की तेजी के साथ 74,100 रुपये के ताजा सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी की कीमत 100 रुपये बढ़कर 86,600 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों में मजबूती के संकेतों के बीच दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी। यह पिछले बंद भाव से 400 रुपये अधिक है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,390 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 15 डॉलर ऊंचा है। सीरिया में अपने वाणिज्य दूतावास पर छापे के जवाब में ईरान द्वारा इजराइल पर हमला करने के कुछ दिनों बाद ईरान पर इजराइल के हमले की रिपोर्ट के बाद शुक्रवार को एशियाई कारोबारी घंटों में वैश्विक बाजार में सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया।

■ चांदी 86,600 रुपए के नए शिखर पर

चांदी 28.29 डॉलर प्रति औंस

इससे एक बड़े क्षेत्रीय संघर्ष की संभावना बढ़ गई है जो सोने की ऊंची कीमतों का समर्थन करेगा। इसके अलावा, चांदी बढ़कर 28.29 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। पिछले दिन यह 28.25 डॉलर प्रति औंस पर रही थी।

विश्व बैंक समिति की बैठक में भाग लेने पहुंचे आर्थिक मामलों के सचिव

सुस्त वैश्विक वृद्धि रुझानों के बीच भारत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला देश : सेठ

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

भारत की अर्थव्यवस्था ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिदृश्य के बावजूद निरंतर खपत तथा निवेश मांग के समर्थन से पिछले साल मजबूत वृद्धि दर्ज की है। भारत के आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने यहां विश्व बैंक समिति को एक बैठक में यह बात बताई। वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान जिसे दूसरे अग्रिम अनुमान में 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है, भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थायी ताकत तथा जुझारूपन को दर्शाता है।

लगातार 3 तिमाही में वृद्धि दर्ज

सेठ ने कहा, 'भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 की लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की है, जो सुस्त वैश्विक वृद्धि रुझानों के बीच एक उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता के रूप में उसकी स्थिति की पुष्टि करता है।'

खास बातें

- पिछले साल मजबूत वृद्धि दर्ज की गई
- जीडीपी वृद्धि अनुमान बढ़ाकर 7 .6 फीसदी किया गया
- भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थायी ताकत तथा जुझारूपन को दर्शाता है

भारतीय पूंजी बाजार का बेहतर प्रदर्शन

सेठ ने विकास समिति को बताया कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत की निरंतर वृद्धि के अनुरूप भारतीय पूंजी बाजार वित्त वर्ष 2023-24 में उभरते बाजारों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाजारों में से एक बना हुआ है।

वैश्विक लेनदेन में 46 फीसदी की हिस्सेदारी

सेठ ने इस बात पर भी जोर दिया कि 2022 में वैश्विक लेनदेन में 46 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत का वैश्विक स्तर पर डिजिटल लेनदेन सबसे अधिक रहा। उन्होंने कहा कि मार्च 2024 में मासिक लेनदेन 13.44 अरब था, जिसकी कुल राशि 19780 अरब रुपये हो गई।

भारत में निजी निवेश जारी रहा

सेठ ने विकास समिति को बताया कि पूंजीगत व्यय पर भारत के जोर से निजी निवेश जारी रहा.... जिसके परिणामस्वरूप स्थिर कीमतों पर सकल स्थिर पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) में वृद्धि हुई और वित्त वर्ष 2023-24 में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई।

आईएमएफ ने चुनावी वर्ष में राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने के लिए भारत की सराहना की

वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चुनावी वर्ष में राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने के लिए भारत की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। आईएमएफ में एशिया व प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, " इस समय भारत की अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 6.8 प्रतिशत की वृद्धि बहुत अच्छी है। महंगाई कम हो रही है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि मुद्रास्फीति को तय लक्ष्य तक लाया जाए.... " उन्होंने कहा, "राजकोषीय अनुशासन बनाए रखना खासकर चुनावी वर्ष में, मेरे लिए काफी महत्वपूर्ण बात है क्योंकि देश चुनावी वर्ष में राजकोषीय साहसिक कार्य शुरू करते हैं।"

शेयर बाजारों में चार दिनों से जारी गिरावट थमी

मुंबई। बैंक एवं वाहन शेयरों में कम मूल्य पर अधिक खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती निचले स्तर से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुए और चार दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 599.34 अंक चढ़कर 73,088.33 पर बंद हुआ। हालांकि सेंसेक्स गिरावट के साथ खुला था और शुरुआती कारोबार में 672.53 अंक यानी 0.92 प्रतिशत तक लुढ़कते हुए 71,816.46 के निचले स्तर तक खिसक गया था। निफ्टी भी 151.15 अंक उछलकर 22,147 अंक पर बंद हुआ।

इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, विप्रो, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी प्रमुख रूप से बढ़त हासिल करने में सफल रहीं। दूसरी तरफ नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

निजी इक्विटी, उद्यम पूंजी निवेश मार्च तिमाही में एक फीसदी घटा

मुंबई। निजी इक्विटी (पीई) और उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों का निवेश मार्च तिमाही में सालाना आधार पर एक प्रतिशत घटकर 13.5 अरब डॉलर रहा। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। हालांकि सलाहकार फर्म ईवाई और उद्योग के लिए जनसंपर्क करने वाली आईवीसीए की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर, 2023 तिमाही की तुलना में यह निवेश 41 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, मात्रा के लिहाज से जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में पीई एवं वीसी निवेश सौदों की संख्या 292 थी, जो एक साल पहले के 220 की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है।

विदेशी मुद्रा भंडार 5.40 अरब डॉलर घटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.88 अरब डॉलर बढ़कर 648.56 अरब डॉलर की नयी ऊंचाई पर जा पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.51 करोड़ डॉलर घटकर 564.65 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 55.79 अरब डॉलर हो गया।

आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित जमा घटा

रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 9.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.08 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 3.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.63 अरब डॉलर रह गयी।

मणप्पुरम फाइनेंस विदेशों से वाणिज्यिक कर्ज जुटाएगी

नई दिल्ली। सोने के बदले कर्ज देने वाली कंपनी मणप्पुरम फाइनेंस ने शुक्रवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने विदेशों से वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के जरिये 50 करोड़ डॉलर (लगभग 4,100 करोड़ रुपये) तक की राशि जुटाने की मंजूरी दे दी है।

इरेडा के शुद्ध लाभ में 33 प्रतिशत की वृद्धि (नई दिल्ली)। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लि. (इरेडा) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 33 प्रतिशत बढ़कर 337.37 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बीते वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान उसने 253.61 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये

नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहक्लेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन-दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते-बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि

दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59
8586896357

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ

7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र
संदर्भ: (i) निविदा सूचना 81/2023–24 दिनांक 05.01.2024 (क्र. सं. 11)
(ii) निविदा संख्या 08235705 नियत तिथि 15.04.2024
उपर्युक्त निविदा के संदर्भ में, टेंडर खुलने की नियत तिथि 15.04.2024 से बदल कर 15.05.2024 कर दी गई है, पात्रता मानदंड, भुगतान शर्तें बदल दी गई हैं। निविदा के विरूद्ध ड्राइंग एवं स्पष्टीकरण संलग्न किया गया है। शेष सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
1174/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
ई-टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

1	कार्य का नाम व स्थान : दिल्ली–गाज़ियाबाद खंड के पुल संख्या 249 (12x61.0 मी.) के नार्थ एवं साउथ लाइन पर पेंटिंग के कार्य का प्रावधान।
2	कार्य की अनुमानित लागत : रु. 2,88,89,654.66
3	धरोहर राशि : रु. 2,94,500/-
4	कार्य पूर्ण करने की अवधि : 06 (छह) महीने
5	निविदा जमा करने व खुलने का समय : दिनांक 10.05.2024 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात।
6	वेबसाइट का विवरण जहां निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है: उपरोक्त निविदा प्रपत्र आई.आर.पी.एस. की साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

सं.: 32-W-BR-NO-249-DLI-GZB दिनांक: 16.04.2024 1173/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड) RAILWAY BOARD
सं. 2018/ट्रैक–1 (पी)/आरएसपी–ईयूआर/वॉल.–1 दिनांक: 18.04.2024
विषय: लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई–निविदा सं. टीकेपी–1–2024.
1. भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से "लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं)" की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना सं. टीकेपी–1–2024 हेतु इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।
2. इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा कराने के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1162/24

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr. P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त श्री अचल कादिया प्रो॰प॰ मेसर्स गोल्डमैन ज्वेल्स निवासी 2532/7, दुकान नंबर 201, दूसरी मंजिल, बालाजी प्लाजा, बीडनपुरा, करोल बाग, नई दिल्ली–110005, दूसरा पताः सी–3/138, तीसरी मंजिल, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 ने Case CC No 18736/18 U/s 138 NI Act थाना करोल बाग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त श्री अचल कादिया मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त श्री अचल कादिया फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है Case CC No 18736/18 U/s 138 NI Act थाना करोल बाग, दिल्ली के उक्त अभियुक्त श्री अचल कादिया से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 28.06.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।
आदेशानुसार
दिव्या गुप्ता
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट–05) सेंट्रल कमरा नंबर 02, ग्राउंड फ्लोर बिल्डिंग एनेक्सी–1 तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/4532/CD/2024

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेगे।

वृष — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयेाग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

शब्द पहेली - 5487



बाएँ से दाए
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

ऊपर से नीचे
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

शब्द पहेली - 5486 का हल

■	अ	ह	म	क	■	जा	य	दा	द	■
ल	■	क	म	र	■	न	म	न	■	अ
व	स	■	ता	त	■	का	ज	■	हा	र
कु	ली	न	■	ल	ह	र	■	रा	ज	मा
श	ब	न	म	■	म	■	आ	स	मा	न
■	■	■	सा	फ	स	फा	ई	■	■	■
अ	च	र	ज	■	फ	■	ना	ला	य	क
व	म	न	■	ह	र	म	■	ल	की	र
ता	न	■	स	जा	■	हा	र	■	न	त
र	■	क	र	म	■	व	ज	न	■	ब
■	ग	फ	ल	त	■	त	क	दी	र	■

सूडोकु नवताल - 5498

कठिनतम

				6	8	5		
	1						2	
		2						8
			4					9
6				5				1
2					3			
5						3		
	8						6	
		4	9	1				

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5497 का हल

2	4	6	7	9	3	5	8	1
3	1	5	2	8	6	4	7	9
7	8	6	1	5	4	2	3	6
6	5	7	9	3	8	1	4	2
9	3	1	4	7	2	8	6	5
4	2	8	6	1	5	7	9	3
1	9	2	3	4	7	6	5	8
5	7	3	8	6	1	9	2	4
8	6	4	5	2	9	3	1	7

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
राजस्थान	7	6	1	12
कोलकाता	6	4	2	8
चेन्नई	7	4	3	8
हैदराबाद	6	4	2	8
लखनऊ	7	4	3	8
दिल्ली	7	3	4	6
मुंबई	7	3	4	6
गुजरात	7	3	4	6
पंजाब	7	2	5	4
बेंगलोर	7	1	6	2

ऑरेंज कैप

विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप

जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

खबर संक्षेप

पाक और न्यूजीलैंड टी20 बारिश में धुला

रावलपिंडी। तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था। बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी। टॉस भी हल्की बूंदाबांदी के कारण आधा घंटे देर से हुआ।

धाविका शालू को डोपिंग ओराप से क्लीन चिट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थी। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था।

पंड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

मुल्लांपुर। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में पंजाब किंग्स पर नौ रन की रोमांचक जीत के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव की 53 गेंदों में 78 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद पंजाब किंग्स की पारी को 19.1 ओवर में 183 रन पर समेट दिया।

जल्द नए कोच का ऐलान करेगा पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान के टेस्ट और सीमित ओवरों के कोचों का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीसीबी ने यह भी पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी के अलावा बोर्ड को 15 अप्रैल की समय सीमा तक कुछ और नामी कोचों के आवेदन मिले हैं। पीसीबी अधिकारी ने कहा कि उनकी रूचि गिलेस्पी और कर्स्टन में है लेकिन नए आवेदक भी दौड़ में हैं।

कप्तान हार्दिक को इग्नोर कर आकाश ने मानी रोहित की बात, मैच का वीडियो वायरल

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

आईपीएल 2024 के 33वें मैच में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स मैच के दौरान का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें मुंबई के तेज गेंदबाज आकाश मधवाल कप्तान हार्दिक पांड्या को अनदेखा कर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की बात मानते दिखे।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में रोहित को एमआई के तेज गेंदबाज आकाश मधवाल के साथ गहन चर्चा करते हुए देखा जा सकता है। वहां, कप्तान हार्दिक पांड्या भी मौजूद थे। फील्डिंग सेटिंग को लेकर हुई चर्चा में हार्दिक ने भी सुझाव दिए, लेकिन आकाश ने पंड्या की तरफ देखा भी नहीं। फैंस ने कमेंट किया कि आकाश हार्दिक की बात नहीं मानकर रोहित की बात मान रहे हैं। वहीं, कमेंटेटर भी इसी पर बात करते दिखे।

आकाश ने झटका विकेट

आखिरी ओवर में पंजाब को जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी। आकाश ने ओवर की शुरुआत वाइड गेंद से की। इसके बाद रोहित और पंड्या ने आकाश को समझाइश दी। रोहित के क्षेत्ररक्षण सुझाव पर आकाश की पहली गेंद पर दो रन लेने के चक्कर में कगिसो रबाडा रन आउट हो गए और पंजाब की टीम मैच हार गई।

मुंबई ने पंजाब को हराया

मुंबई ने पंजाब को नौ रन से हरा दिया। ऐसा लग रहा था कि 193 रन का लक्ष्य पंजाब के लिए काफी होगा, लेकिन बल्लेबाज शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा की शानदार बल्लेबाजी ने एक वक्त एमआई को खतरे में डाल दिया था। 14 रन पर चार विकेट, 77 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद शशांक ने 25 गेंद में 41 रन और आशुतोष शर्मा ने 61 रन की पारी खेली।

टीम में नए खिलाड़ियों के कारण धीमी शुरुवात

पंजब के खिलाफ मुकाबले से पहले पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने टीम की धीमी शुरुवात को लेकर चुप्पी तोड़ी है। गुजरात टाइटंस को उसके पहले ही सीजन में खिताब दिलाने वाले हार्दिक मुंबई इंडियंस को शुरुआती मैचों में जीत नहीं दिला पाए। रोहित ने कहा, इन सभी वर्षों में वास्तव में, यह मुंबई इंडियंस की कहानी रही है जहां हमने काफी धीमी शुरुआत की और फिर चीजें बदलनी शुरू हो गईं। मुझे लगता है कि यह तब होता है जब आपके पास टीम में नए खिलाड़ी होते हैं, यह सिर्फ इसलिए होता है क्योंकि कप्तान के लिए पिछले दस साल स्थिर थे, कुछ वर्षों में कोच बदल गए, लेकिन कप्तान स्थिर रहे।

आईपीएल: क्रुणाल को दो विकेट, लखनऊ की चौथी जीत

राहुल व डी कॉक के अर्धशतक चेन्नई को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में चौथी जीत हासिल कर ली है। टीम ने अपने होमग्राउंड पर चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हराया। मौजूदा सीजन में यह लखनऊ की लगातार दो हार के बाद पहली जीत है, जबकि चेन्नई लगातार दो मैच जीतने के बाद हार मिली है। लखनऊ में होस्ट टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 176 रन बनाए। 177 रन का टारगेट लखनऊ ने 19 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। निकोलस पूरन 23 और मार्कस स्टोयनिस 8 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान केएल राहुल ने 53 बॉल पर 82 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि क्विंटन डी कॉक ने 54 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच 134 रन की शतकीय साझेदारी हुई। सीएसके से मुस्तफिजुर रहमान और मथीश पथिराना को एक-एक विकेट मिला।सीएसके की ओर से रवींद्र जडेजा ने 40 बॉल पर नाबाद 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

जबकि अजिंक्य रहाणे ने 36 रन का योगदान दिया। पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने 2 चौके और 2 छक्के के सहारे 9 बॉल पर नाबाद 28 रन बनाए। क्रुणाल पंड्या को 2 विकेट मिले। मोहसिन खान, यश ठाकुर और मार्कस स्टोयनिस को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले रविंद्र जडेजा के जुझारू नाबाद अर्धशतक से चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ छह विकेट पर 176 रन बनाए।

पंत की भावुक घर वापसी, दिल्ली के सामने हैदराबाद की कठिन चुनौती



नई दिल्ली। अपने अपार जीवट का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिए यह बेहद भावुक पल होगा। पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आए थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है। दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है। ऐसे में कप्तान पंत को कोटला की घरेलू पिच पर अपने संसाधनों का चतुराई से इस्तेमाल करना होगा।

खास खबर

एशियाई महाद्वीपीय चैंपियशिप पर नजरें

नई दिल्ली। भारतीय घुड़सवारी महासंघ ने अगले साल होने वाली एशियाई महाद्वीपीय चैम्पियनशिप के लिए बेहतरीन राइडर्स और मजबूत टीम तैयार करने के मकसद के साथ शुक्रवार को 2024-25 सत्र के लिए 41 प्रतियोगिताओं के व्यापक कैलेंडर को जारी किया। भारत पहली बार एशियाई घुड़सवारी महासंघ से स्वीकृत अंडर-21 क्षेत्रीय ग्रुप तीन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा जिसमें शो जंपिंग और ड्रेसेज प्रतियोगिताएं होंगी। भारत पहली बार पैरा-ड्रेसेज स्पर्धाओं का भी आयोजन करेगा। इसके साथ ही ड्रेसेज, जंपिंग और इवेंटिंग में राष्ट्रीय चयन ट्रायल का आयोजन भी होगा। इन स्पर्धाओं में प्रदर्शन के आधार पर अगले साल दिसंबर में थाईलैंड के पटाया में होने वाली एशियाई महाद्वीपीय चैम्पियनशिप की टीम का चयन होगा।

ठोस नींव तैयार कर रहा हॉकी इंडिया

नई दिल्ली। भारत के पूर्व गोलकीपर भरत छेत्री ने जमीनी स्तर पर ड्रैग फ्लिकरों और गोलकीपरों को तैयार करने पर जोर देने के लिए शुक्रवार को हॉकी इंडिया की तारीफ की। छेत्री समेत भारत के पूर्व गोलकीपर और ड्रैग फ्लिकर देश भर में राष्ट्रीय अकादमियों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का संचालन करेंगे। छेत्री ने कहा, 'भारतीय हॉकी के भविष्य के लिए जमीनी स्तर पर निवेश बहुत जरूरी है। गोलकीपरों और ड्रैग फ्लिकरों के लिए विशेष ट्रेनिंग के जरिए हॉकी इंडिया इन भूमिकाओं के लिए विश्व स्तरीय प्रतिभाओं के उदय होने की ठोस नींव तैयार कर रहा है।'

कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश को फिर बढ़त प्रज्ञानानंदा और गुजराती दौड़ से बाहर

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त बना ली लेकिन आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती 12वें दौर के बाद दौड़ से बाहर हो गए।

अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोज अलीरजा को हराया। गुकेश और नकामूरा अब रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ शीर्ष पर है जिन्होंने प्रज्ञानानंदा से ड्रॉ खेला। इन तीनों के 7.5 अंक हैं जबकि अमेरिका के फेबियानो कारुआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा छह अंक

लेकर पांचवें स्थान पर हैं जबकि गुजराती के पांच अंक हैं। आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के दो दौर बाकी हैं और उनके लिए शीर्ष तीन में जगह बनाना नामुमकिन है। अलीरजा और अबासोव के 4.5 अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा से ड्रॉ खेला।

पीएम मोदी ने क्रिकेटर शमी को याद किया

एजेंसी ▶▶| अमरोहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां चुनावी रैली के दौरान भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को याद किया जो घुटने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हैं। लोकसभा चुनाव में अमरोहा में भाजपा के करन सिंह तंवर का मुकाबला कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को अमरोहा की रैली में कहा, ''क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वह पूरी दुनिया ने देखा हैं। खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने भाई मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार दिया हैं। योगी जी

की सरकार दो कदम आगे बढ़ी हैं। योगी जी यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रहे हैं । मैं अमरोहा के लोगों को इसकी बहुत बहुत बधाई देता हूं।' गौरतलब हैं कि भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अमरोहा के ही रहने वाले हैं। पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने सर्वाधिक 24 विकेट लिए थे।

क्वालीफायर नहीं खेल सकेंगे पूनिया, सुजीत

नई दिल्ली। बिश्केक में एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय कुश्ती दल को करारा झटका लगा क्योंकि देश के दो सर्वश्रेष्ठ पहलवान दीपक पूनिया और सुजीत कलाकल समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट नहीं खेल सकेंगे। दुबई में खराब मौसम के कारण उनकी फ्लाइट देर से बिश्केक पहुंची। भारी बारिश और बाढ़ के कारण दोनों दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे रहे और वजन कराने के समय पर नहीं पहुंच सके। सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

एनआईटी	02-A, B, D & E - 2024-25-डब्ल्यू-5
काम का नाम (स्थान के साथ)	**A.** सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निज़ामुद्दीन के तहत हज़रत निज़ामुद्दीन में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ सिग्नलिंग गियर के प्रतिस्थापन के संबंध में 2 रिले हट्स का निर्माण कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** भवन/क्वार्टर का निर्माण का कार्य। **B.** TRR(P) 60 किलो 15.538 किमी (अप लाइन किमी)1494/0 से 1500.823 और DN लाइन KM 1481.755 से 1482/0, 1501.12 से 1507.98 और 1513.208 से 1514.986 से 1514.986) तक ADEN TKD के अंतर्गत/P.Way/FDB और ADEN/HNZM के अंतर्गत SSE/P.Way/NZM के खंड में HNZM-JNC के बीच (GAL DN किमी 1523.471 से 1524.428 और III लाइन किमी 1518.59 से 1519) तक का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग करना, ट्रैक का तनाव कम करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैंपिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन और टी–28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल हैं। **D.** टीआरआर(पी) 60 केजी 14.550 किमी डीएन लाइन से किमी 1479.4 से 1482/0, 1500/0 से 1502/0, 1510/0 से 1511/0 पीडब्ल्यूएल–जेएनसी सेक्शन के बीच डीएन लाइन एसएसई/पी.वे./के सेक्शन पर काम करती है। एडीईएन टीकेडी के तहत एफडीबी और डीएन लाइन किमी 1515/0 से 1519/0, 1521.2 से 1522.65 और चौथी लाइन 1515/0 से 1518/5 एडीईएन/एचएनजेडएम के तहत एसएसई/पी.वे./एचएनजेडएम के खंड में एचएनजेडएम–टीकेडी खंड के बीच का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग करना, ट्रैक का तनाव कम करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैंपिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन और टी–28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल हैं। **E.** सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निज़ामुद्दीन के तहत एसएसई/कार्य/एल/हज़रत निज़ामुद्दीन के अनुभाग में कर्मचारी क्वार्टरों और सेवा भवनों की मरम्मत और रखरखाव और दिन–प्रतिदिन के रखरखाव के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए वार्षिक क्षेत्र के काम का कार्य। **समान कार्य की प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।
काम की अनुमानित लागत (₹)	**A.** ₹1,26,19,425.72 **B.** ₹2,23,74,063.06 **D.** ₹2,07,23,393.68 **E.** ₹60,00,642.23
अग्रिम राशि (₹)	(यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा) **(नोटः** रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/I दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा) **A.** ₹2,13,100/- **B.** ₹2,61,900/- **D.** ₹2,53,600/- **E.** ₹1,20,000/-
काम की समाप्ति अवधि	**A.** 06 महीने **B.** 06 महीने **D.** 06 महीने **E.** 09 महीने
निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय	14.05.2024 को 15:00 बजे तक तथा 14.05.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है।
वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण	यह निविदा IREPS वेबसाइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है

सं.: 128-W/280/OET/2024-25/W-V/NIT-02-A, B, D & E
दिनांकः 18.04.2024 1178/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ओलंपिक चयन ट्रायल : 25 मीटर पिस्टल में शीर्ष पर रहे खिलाड़ी

ईशा, भावेश ने पहले दिन किए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

नई दिल्ली। ईशा सिंह ने शुक्रवार को यहां ओलंपिक चयन ट्रायल के पहले दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि भावेश शेखावत पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल वर्ग में शीर्ष पर रहे। ईशा ने महिलाओं की स्पोर्ट पिस्टल 'टी1' क्वालीफिकेशन में प्रिसिजन और रैपिड-फायर राउंड में कुल 585 का स्कोर किया, जिससे वह दूसरे स्थान पर काबिज सिमरनप्रीत कौर बराड़ से दो अंक आगे रहीं। डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में मनु भाकर (582) तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि अभिज्ञान पाटिल (577) और रिदम सांगवान (574) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

आज फिर देंगे चुनौती

पुरुषों की रैपिड-फायर पिस्टल में भावेश (580) ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में देश के लिए कोटा हासिल करने वाले विजयवीर सिद्धू (579) और अनीश (578) का प्रदर्शन भी बेहतर रहा लेकिन आदर्श सिंह (572) और अंकुर गोयल (564) उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। सभी 10 निशानेबाज फाइनल शनिवार को फाइनल में फिर से चुनौती पेश करेंगे। हर वर्ग में पांच दावेदारों के बीच सर्वश्रेष्ठ स्कोर वाले शीर्ष दो निशानेबाज पेरिस के लिए क्वालीफाई करेंगे।

अभ्यास में चल रहे हैं पीछे, पता नहीं ओलंपिक कौन जाएगा

महान पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा ने पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजी दल के ऐलान में देरी पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे चयनित निशानेबाजों को तैयारी के लिए काफी कम समय मिलेगा। अमेरिका और इटली समेत कई देशों और यूरोपीय दिग्गजों ने टीमों का ऐलान कर दिया है। उनके निशानेबाज अभ्यास में जुट गए हैं। भारत में शीर्ष पांच पिस्टल और राइफल निशानेबाज अगले एक महीने तक चयन ट्रायल में भाग लेंगे जो 19 अप्रैल से 19 मई तक चलेगा। इसके बाद तैयारी के लिए बहुत कम समय रह जाएगा क्योंकि पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू हो रहे हैं।

दुबई में बाढ़ के बाद दूसरी आफत, महंगाई ने रुलाया, होटलों का किराया लाखों में

अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण दुबई में लोगों के घरों में पानी घुस गया है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ऐसे में अधिकतर लोग घर की बजाय होटल में रह रहे हैं। कुछ दिनों से होटल की डिमांड बढ़ाने के कारण होटलों के एक दिन का किराया आसमान छू रहा है। होटलों में एक दिन का किराया 1 हजार दिरहम से 8 हजार दिरहम के बीच वसूला जा रहा है। यानी भारतीय रुपए के लिहाज से एक दिन के लिए होटल का किराया 22 हजार से लगभग दो लाख रुपए हो गया है।

भारतीयों को दूसरी एडवाइजरी : गैर जरूरी यात्रा न करें

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की बाढ़ में फंसे भारतीयों नागरिकों के लिए भारतीय दूतावास ने नई एडवाइजरी जारी की गई है। दुबई में जबरदस्त बारिश के बाद परिचालन सामान्य होने तक नागरिकों को गैर-जरूरी यात्राएं करने से बचने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारी स्थिति को सामान्य करने के लिए 24 घंटे काम कर रहे हैं। इस बीच हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सलाह दी है कि यात्री उड़ानों की प्रस्थान तिथि और समय के संबंध में संबंधित एयरलाइन से पुष्ट सूचना मिलने के बाद ही हवाई अड्डे से यात्रा कर सकते हैं।

- होटलों की मांग बढ़ने से एक दिन का किराया 22 हजार से 2 लाख रुपए तक
- होटल का किराया बढ़ने से पर्यटकों का गड़बड़ाया बजट
- मंगलवार को भारी वर्षा होने से वहां का जनजीवन हो गया बाधित
- यूएई में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया, रहने के लिए लोग परेशान

पर्यटकों की बढ़ी मुश्किलें

हालांकि, शहर भर में बचाव और सफाई के प्रयास जारी रही है। फिर भी बाढ़ से प्रभावित लोगों को रहने के लिए उन्हें होटल में जाना पड़ रहा है। बाढ़ की वजह से वहां के स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। होटल का किराया बढ़ने की वजह से पर्यटकों के बजट पर भी काफी असर पड़ रहा है। आयरलैंड से आए एक पर्यटक ने कहा कि यह एक डरावनी स्थिति है। लेकिन मुझे लगता है कि व्यवसाय के लिए लोगों की मुश्किलों से लाभ कमाने का प्रयास करना अनैतिक है। अन्यथा यह काफी नैतिक शहर है जिसे कुछ व्यवसायियों की वजह से बदनाम होना पड़ रहा है।

भारत-फिलीपींस के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हुआ था करार

भारत से फिलीपींस पहुंची 'ब्रह्मोस' की पहली खेप, चीन की बढ़ी टेंशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में भारत लगातार मजबूत हो रहा है। भारत इसमें एक्सपोर्ट कर रहा है। वहीं अब भारत की सैन्य शक्ति से चीन का पड़ोसी देश फिलीपींस भी प्रभावित है। फिलीपींस ने भारत से सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस खरीदने की इच्छा जताई थी। अब भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलिपींस को भेज दी है।

दोनों देशों के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का करार भी हुआ था। 2 साल पहले यह करार हुआ था और अब ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलीपींस को सौंपी गई है। इंडियन एयर फोर्स के एक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मिसाइल और लांचर के साथ फिलिपींस रवाना किया गया, जहां वहां इसे उसकी नौसेना को सौंपेगा।

2 साल पहले भारत-फिलीपींस के बीच करार हुआ था और अब ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलीपींस को सौंपी गई है।

- भारत की सैन्य शक्ति से चीन का पड़ोसी देश फिलीपींस भी प्रभावित
- ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मिसाइल और लांचर के साथ फिलिपींस रवाना
- दूसरे देशों को रक्षा साधन एक्सपोर्ट करने में भारत हुआ सक्षम
- रक्षा क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम



जनवरी 2022 में हुई थी डील

भारत और फिलीपींस के बीच यह डील जनवरी 2022 में हुई थी। इस डील के साथ भारत रक्षा क्षेत्र में एक बड़े निर्यातक के तौर पर उभरा है। यह भारत और रूस द्वारा विकसित ब्रह्मोस मिसाइल का पहला एक्सपोर्ट ऑर्डर है। भारत ने 2024-25 तक 35,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 32.5% बढ़ा है।

फिलीपींस और चीन के बीच तनाव

फिलीपींस और चीन के बीच दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़प हो रही है। उसके कारण ब्रह्मोस की डिलीवरी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

85 देशों को सैन्य समान निर्यात कर रहा है भारत

रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत लगभग 85 देशों को सैन्य समान निर्यात कर रहा है और इसमें लगभग 100 स्थानीय कंपनियां शामिल हैं। मिसाइलें, तोपें, रॉकेट, बख्तरबंद वाहन, सुरक्षा गियर, रडार, निगरानी प्रणाली और गोला-बारूद का निर्यात भारत कर रहा है।

एक आतंकी ने विस्फोट कर खुद को उड़ाया

पाकिस्तान में अब निशाने पर आए जापानी, हमले में 2 लोगों की मौत

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 2 हमलावर ढेर

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान में एक बार फिर विदेशी नागरिकों को निशाना बनाया गया है। कराची के मानसेहरा कॉलोनी में एक वाहन पर आत्मघाती हमला किया गया है।

इस वाहन में कुल 7 जापानी लोग सवार थे जिनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हमले में ड्राइवर और सिक्यूरिटी गार्ड की मौत हो गई है। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में दो हमलावरों को ढेर कर दिया है।

पुलिस ने कहा कि हमले के बाद जापानी नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि जापानी नागरिक पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स में काम करते थे।

सिंध के परिवहन मंत्री शरजील इनाम मेमन ने हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि समय पर पुलिस की कार्रवाई ने आतंकवादियों के नापाक इरादों को विफल कर दिया। सिंध के गवर्नर कामरान टेसोरी ने आत्मघाती हमले की निंदा की और घटना पर रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने कहा कि शहर में आतंकवाद को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

खुद को उड़ाया

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने एक आतंकवादी को मार गिराया, जबकि दूसरे ने वैन के करीब पहुंचने के क्रम में विस्फोट करके खुद को उड़ा लिया। बांकी सभी पांचों जापानी नागरिक सुरक्षित हैं।

पहले चीनी नागरिकों को बनाया था निशाना

पाकिस्तान में इससे पहले चीनी नागरिकों को निशाना बनाया गया था। अप्रैल 2022 में कराची में एक बस पर आतंकी हमला किया हया था। इस हमले में तीन चीनी शिक्षकों समेत एक ड्राइवर की मौत हो गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी बीएलए ने ली थी। इससे पहले अगस्त 2021 में भी ग्वादर में चीनी नागरिकों को शिकार बनाया गया था। इस हमले में दो बच्चों की मौत हुई थी।

अमेरिका को बनाया अपना नया घर

प्रिंस हैरी ने आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन को कह दिया 'अलविदा'

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

प्रिंस हैरी ने ब्रिटिश शाही परिवार से अलगाव की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा दिया है। उन्होंने आधिकारिक तौर पर अमेरिका को अपना नया घर घोषित किया है। पेज सिक्स द्वारा प्राप्त दस्तावेज के अनुसार, ड्यूक ऑफ ससेक्स ने अमेरिका को अपने नए निवास के रूप में सूचीबद्ध किया है। निवास में यह बदलाव 29 जून, 2023 को हुआ। प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल ने ब्रिटेन स्थित अपने आवास फ्रॉगमोर कॉटेज को छोड़ दिया था।

सुरक्षा को लेकर थे चिंतित

ऐसी अटकलें हैं कि वह लंदन की आगामी यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर स्थिति साफ कर सकते हैं। उन्होंने ब्रिटेन को अपना घर स्वीकार किया है, लेकिन सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अमेरिका जाने की बात कही है। उन्होंने अमेरिकी नागरिकता लेने में रुचि दिखाई है।

मिलते-मिलते गई फिलिस्तीन की यूएन में स्थाई सदस्यता

वॉशिंगटन। फिलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका ने अपनी 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल करके खेल बिगाड़ दिया है। इससे फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का स्थाई सदस्य बनने से वंचित रह गया। वीटो पॉवर करने की इजराइल ने सराहना की। वहीं फिलस्तीन ने इसे अनुचित और अनैतिक करार देते हुए इसकी आलोचना की है। बता दें कि सुरक्षा परिषद में एक मसौदा प्रस्ताव पर बृहस्पतिवार को मतदान हुआ।

राष्ट्रपति ने दिए जांच के आदेश

हेलीकॉप्टर क्रैश में केन्या के रक्षा प्रमुख समेत 9 की मौत

एजेंसी ▶▶ नैरोबी

केन्या के रक्षा प्रमुख फ्रांसिस ओमोंडी ओगोला की गुरुवार को हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई। उनके साथ हेलीकॉप्टर पर सवार 9 और लोगों की भी जान चली गई। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने कहा कि केन्या के रक्षा प्रमुख और 9 अन्य शीर्ष अधिकारियों की गुरुवार को देश के एक दूरदराज के इलाके में एक सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इसके लिए एक जांच टीम गठित की गई है और उन्हें एल्गेयो मराकवेट काउंटी में दुर्घटना स्थल पर भेजा गया है। उन्होंने देश में 3 दिन राष्ट्रीय शोक मनाने के आदेश दिए हैं।

ओगोला प्रशिक्षित लड़ाकू पायलट थे: बता दें कि 61 वर्षीय ओगोला एक प्रशिक्षित लड़ाकू पायलट थे। वह केवल एक वर्ष के लिए इस पद पर थे, लेकिन जल्द ही उनके सैन्य सेवा के 40 वर्ष पूरे होने वाले थे।

यह हादसा राजधानी नैरोबी से लगभग 400 किलोमीटर (250 मील) उत्तर-पश्चिम में एलगेयो मारकवेट काउंटी में हुआ था। ओगोला का हेलीकॉप्टर चेसेगॉन गांव से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

जहां वह और उनका दल केन्याई सैनिकों और अन्य स्थलों को देखने के लिए अन्य क्षेत्रों में रुकने के बाद एक स्कूल का दौरा कर रहे थे। जनरल ओगोला 1984 में केन्याई रक्षा बलों में शामिल हुए और केन्या वायु सेना में तैनात होने से पहले 1985 में वो दूसरे लेफ्टिनेंट बने थे।

जल-थल-नभ में ही नहीं अंतरिक्ष में भी तैनात हैं चीन के गुप्त सैनिक

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने चीन को लेकर बड़ा खुलासा किया है। इससे दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। नासा प्रमुख बिल नेल्सन ने दावा किया है कि चीन ने अंतरिक्ष में अपने गुप्त सैनिकों की तैनाती कर रखी है। ब्रिटिश अखबार ने यह जानकारी दी है। अमेरिका को पहले से ही शक था कि चीन स्पेस मिलिट्री की दिशा में बड़ा काम कर रहा है। चीन ने अमेरिका समेत दुनिया के अन्य देशों से छद्म युद्ध यानि प्रॉक्सी वॉर लड़ने के लिए अंतरिक्ष में स्पेस मिलिट्री की उपस्थिति को लगातार बढ़ा रहा है। यह सिर्फ अमेरिका ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है।